e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 167

# प्रभात मंत्र

मंगलवार

20.06.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

तुम कभी लोगों की सोच को अपने प्रति नहीं बदल सकते, इसलिए अपनी जिन्दगी को मज्जे से जीयो।




## रांची का तापमान

अधिकतम 39°

न्युनतम 29°

## क्विक न्यूज

### झारखंड में आ गया मानसून

**नई दिल्ली** : झारखंड में मानसून ने दस्तक दे दी है. संताल परगना के रास्ते मानसून आया है. मौसम विभाग ने मानसून की ताजा स्थिति को लेकर यह जानकारी दी. आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में मानसून सक्रिय अवस्था में है. सोमवार को यहां अत्यधिक भारी बारिश की संभावना नजर आ रही है. लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है. मौसम केंद्र ने पूर्वानुमान किया है कि 20 जून से राज्य के कई हिस्सों में हवा और बारिश हो सकती है. हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे भी हो सकती है. बारिश और हवा के कारण अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेसि का गिरावट हो सकती है. जिसके बाद मौसम सुहाना होने की उम्मीद है.

### गीता प्रेस ने गांधी शांति पुरस्कार की 1 करोड़ रुपये की धनराशि लेने से किया इनकार

**नई दिल्ली**। अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए केन्द्र सरकार द्वार वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया जा रहा है। गीता प्रेस ने सम्मान को स्वीकारते हुए कहा कि गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित होना बड़े सम्मान की बात है। हालांकि, वह इसकी नकद राशि को स्वीकार नहीं करेगा जो कि एक करोड़ रुपये है।

### छत्तीसगढ़ में अग्निकांड, जलती बिल्डिंग से कूदते दिखे लोग, 3 की मौत

**कोरबा** : छत्तीसगढ़ के कोरबा में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कमर्शियल कामप्लेक्स में सोमवार को भीषण आग लग गई. जान बचाने के लिए कई लोगों ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी. अभी तक इस अग्निकांड में तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. एक अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है. इसके साथ ही इंडियन बैंक सहित कई दुकानें जल गई हैं. अग्निकांड में करोड़ों रुपये का नुकसान भी हुआ है. कोरबा कलेक्टर संजीव कुमार झा और पुलिस अधीक्षक न्यू उदय किरण मौके पर मौके पर मौजूद हैं.

### इंडिगो ने 500 विमानों का ऑर्डर देकर रचा इतिहास, एयरबस के साथ 55 अरब डॉलर का किया सौदा

**नई दिल्ली** : भारतीय एयरलाइन इंडिगो ने एयरबस से 500 विमान ख़रीदने का करार किया है.सोमवार को पेरिस में चल रहे एयरशो के दौरान इस रिकॉर्ड डील की घोषणा की गई है.ये इस वर्ष की शुरुआत में एक अन्य भारतीय एयरलाइन टाटा के 470 एयरबस और बोइंग विमान खरीदने से भी बड़ी डील है.

सीएम ने 3 अरब 78 करोड़ रुपए की 219 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, 2.81 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति का किया वितरण

# हर गांव में खुलेगा दवा दुकान : हेमंत

**पंचायत स्तर दवा दुकान योजना का किया शुभारंभ, ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को दवा दुकान संचालन का सौंपा लाइसेंस**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिले से राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट- पंचायत स्तर दवा दुकान योजना की सौगात झारखंड को मिली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को पंचायतों में दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस सौंप कर इस योजना का शुभारंभ किया। अवसर था योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास परिसंपत्ति एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांव- गांव में भी दवा दुकान खोले जाएंगे । यहां जरूरी और अनिवार्य दवाएं उपलब्ध होंगी। ताकि, रिमोट और दूरदराज में रहने वाले ग्रामीणों को दवाओं के लिए प्रखंड और जिले की दौड़ नही लगाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को एक बेहतर और जिम्मेदार व्यवस्था देने का प्रयास जारी है ताकि सरकार की नजरें और योजनाएं सुदूर ग्रामीण इलाकों तक पहुंच सके । इस सिलसिले में सरकार आपके द्वार में कार्यक्रम के माध्यम से आपकी समस्याओं का निष्पादन किया गया। इस तरह की योजना फिर से शुरू की जाएगी, ताकि जनता के साथ सरकार का जुड़ाव बना रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार एयर कंडीशनर कमरे में बैठकर नहीं, बल्कि जाड़ा,गर्मी और बरसात,कोई भी मौसम हो,फील्ड में काम कर रही है।

### राज्य को मजबूत और लोगों को उनके पैरों पर खड़ा करने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत होगा जब राज्य मजबूत होगा और राज्य तभी मजबूत होगा जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्य केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही हैं। किसानों, मजदूरों के हित में सरकार काम कर रही है। ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने, बेहतर शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के मौके देने समेत कई सेक्टर में विशेष तौर पर काम कर रही है । ताकि, राज्य और राज्य वासियों को खुशहाल बना सकें।




**मुख्यमंत्री ने कहा**

* भूमि अधिग्रहण को लेकर सरकार संवेदनशील, प्रभावितों को पूरा हक अधिकार मिलेगा
* सरकार आपके द्वार जैसे कार्यक्रम फिर शुरू होंगे,ताकि सरकार और जनता के बीच जुड़ाव बना रहे
* राज्य को दे रहे हैं एक बेहतर और जिम्मेदार व्यवस्था
* एयर कंडीशनर कमरे में नहीं, धरातल पर काम कर रही सरकार
* ग्रामीण अर्थव्यवस्था को किया जा रहा मजबूत

### 177 योजनाओं की आधारशिला, 42 का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 3 अरब 64 करोड़ 34 लाख 68 हजार 925 रुपए की लागतवाली 177 योजनाओं की नींव रखी, जबकि 14 करोड़ 6 लाख 741 रुपए की 42 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, लाभुकों के बीच 2 करोड़ 81 लाख 15 हजार 446 रुपए की परिसंपत्तियों बांटी। इस कार्यक्रम में 11 नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक किशुन कुमार दास एवं अम्बा प्रसाद,जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और चतरा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### भूमि अधिग्रहण को लेकर सरकार संवेंदनशील

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस सिलसिले में मुझे ग्रामीणों से कुछ शिकायतें मिल रही है। मैं भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वालों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनके साथ कोई अन्याय नहीं होगा। उनको उनका हक और अधिकार हर हाल में मिलेगा। इसे लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है।

## भगवान जगन्नाथ का मना नेत्रदान उत्सव, आज निकलेगी रथ यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मारवाड़ी सहायक समिति के द्वारा रथयात्रा के अवसर पर जगन्नाथपुर रथ मेला में सेवा प्रदान किया गया। सोमवार को सुप्रसिद्ध जगन्नाथपुरी मंदिर में पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान उत्सव मनाया गया। नेत्र दान उत्सव में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का भव्य पुष्प का श्रृंगार किया गया तथा समिति द्वारा मेवा खीर का महाप्रसाद भोग लगाया गया।महाप्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया गया।

16 दिनों के अज्ञातवास में रहने के बाद भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ भक्तों को दर्शन दिए। शाम को प्रभु का नेत्रदान के कार्यक्रम के बाद प्रभु को स्नान मंडप में लाया गया तथा स्तुति और 108 मंगल आरती की गई एवं महाभोग लगाया गया। स्नान मंडप में प्रभु दर्शन देने के बाद भगवान यही रात्रि विश्राम करेंगे और मंगलवार को रथ यात्रा के दिन मौसीबाड़ी जाएंगे। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया जगन्नाथपुर रथ मेला के संयोजक संजय सर्राफ एवं मनीष लोधा ने कहा है कि समिति द्वारा 20 जून को रथ यात्रा के दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में फूलों का अलौकिक श्रृंगार, रथ का भव्य श्रृंगार, साउंड एंव लाइट की व्यवस्था की जाएगी। तथा विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ का आयोजन एवं 251 किलो बुंदिया का भोग लगाया जाएगा एंव प्रसाद का वितरण किया जाएगा। साथ ही आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए शिविर में चना एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से समस्त कार्यक्रमों मे भाग लेने तथा सेवा शिविर में आकर अपना योगदान देने का अनुरोध किया है।कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया, रथ यात्रा मेला संयोजक संजय सर्राफ, मनीष लोधा, मनोज रूईया के अलावा अन्य सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान दिया।

## रवि सिन्हा होंगे रॉ के नए चीफ



एजेंसी

**नई दिल्ली:** आईपीएस रवि सिन्हा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग रॉ के नए प्रमुख होंगे. वो मौजूदा रॉ प्रमुख सामंत गोयल की जगह लेंगे. छत्तीसगढ़ कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा इन दिनों रॉ में ही दूसरे नंबर के अधिकारी हैं और बीते सात वर्षों से ऑपरेशनल डिविजन को लीड कर रहे हैं. बता दें कि रवि सिन्हा रॉ के प्रमुख के तौर पर ऐसे समय में जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं जब सिख उग्रवाद दुनिया के कुछ हिस्सों में फिर से उबर रहा है. साथ ही बीते कुछ समय से मणिपुर में भी हिंसा की खबरें आ रही हैं. ऐसे में रवि सिन्हा को इन चुनौतियों से जल्द ही पार पाना होगा.मौजूदा रॉ प्रमुख सामंत गोयल 30 जून को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं. गोयल के सेवानिवृत होने के बाद रवि सिन्हा कार्यभार संभालेंगे, उनका कार्यकाल दो साल का होगा. सिन्हा वर्तमान में कैबिनेट सचिवालय में विशेष सचिव हैं. वह छत्तीसगढ़ कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं. उन्हें जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद जैसे संवेदनशील मुद्दों की सूक्ष्म समझ के लिए भी जाना जाता है.गौरतलब है कि रवि सिन्हा को रॉ में रहते हुए खुफिया जानकारी जुटाने के लिए आधुनिक तकनीक को लागू करने का श्रेय दिया जाता है. सरकार से जुड़े सूत्रों के अनुसार उनकी इस खासीयत की वजह से उन्हें इंटिग्रेटेड टेक्नोलॉजी और ह्यूमन इंटेलिजेंस को साथ लेकर काम करने में मदद मिलेगी, जिससे वो आज के समय की चुनौतियों को संभाल पाएंगे. एक अधिकारी ने बताया कि रवि सिन्हा, जो अपनी नौकरी के अनुरूप एक लो प्रोफाइल बने रहना पसंद करते हैं. उनकी यह विशेषता ही उन्हें दूसरे से अलग करती है.

### दो बसों की आमने-सामने टक्कर, 5 की मौत व 50 घायल

एजेंसी

**कुड्डालोर (तमिलनाडु):** जिले में सोमवार को दो निजी बसों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 50 अन्य घायल हो गए. हादसे के तुरंत बाद, जनता और पुलिस के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की. पुलिस ने कहा कि दुर्घटना के सही कारण की जांच की जा रही है. पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि बसों में से एक का अगला टायर फट गया, जिससे चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके परिणामस्वरूप यह विपरीत दिशा में आ रही बस से टकरा गया. वरिष्ठ जिला राजस्व और पुलिस अधिकारी घायलों की मदद के लिए मेलपट्टमपक्कम पहुंचे.कुड्डालोर के जिला कलेक्टर अरुण थम्बुराज और जिला पुलिस अधीक्षक राजारमन ने कुड्डालोर सरकारी अस्पताल का दौरा किया और निरीक्षण किया कि कौन इलाज कर रहा है. इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतकों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और इलाज करा रहे लोगों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की.




## राहुल गांधी को मिली जन्मदिन की बधाईयां खड़गे ने बताया : लाखों लोगों की आवाज



एजेंसी

**नई दिल्ली** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 53वां जन्मदिन मनाया. इस मौके पर पार्टी के तमाम नेताओं की तरफ से उन्हें बधाई संदेश दिए गए. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल को जन्मदिन की बधाई दी. जिसमें उन्होंने राहुल से कहा कि उनका साहस काफी सराहनीय है और वो लगातार सच बोलना जारी रखें. खरगे के अलावा कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी राहुल गांधी के बर्थडे पर ट्वीट किया गया, जिसमें राहुल को एक निडर नेता बताया गया है.कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्विटर पर लिखा,राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई. संवैधानिक मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में आपका साहस काफी सराहनीय है.आप करुणा और सद्भाव का संदेश फैलाते हुए सत्ता के लिए सच बोलना जारी रखें और लाखों भारतीयों की आवाज बनें.कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी राहुल को जन्मदिन की बधाई दी गई. जिसमें लिखा गया, एक निडर नेता को जो भारत को एकजुट रखने की अटूट प्रतिबद्धता रखते हैं, जो प्यार में अटूट विश्वास रखते हैं, ऐसा प्यार जो माफ करने, भरोसा करने, उम्मीद करने और तमाम मतभेदों को गले लगाने के लिए तैयार है. हमारी अपनी मोहब्बत की दुकान को जन्मदिन मुबारक हो.कांग्रेस अध्यक्ष के अलावा पार्टी के तमाम नेताओं ने भी अपने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाईयां दी हैं. पार्टी के नेता और कार्यकर्ता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की क्लिप शेयर कर रहे हैं और उन्हें जनता की बेबाक आवाज बता रहे हैं.

# हरिहरगंज में अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर धरना-प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने युवा समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड परिसर स्थित विद्युत कार्यालय के सामने बिजली विभाग के प्रति आक्रोश प्रकट करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गई। सभी आक्रोशित लोगों के हाथों में तख्ती पर लिखा हुआ बिजली नहीं तो बिल नहीं, बिजली विभाग होश में आओ, बिजली विभाग हाय-हाय, मुर्दाबाद नारे लिखे थे। वहीं समाजसेवी राजीव रंजन ने बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा 15 दिनों के अंदर बिजली आपूर्ति का संचालन सुचारु रुप से नहीं हुआ तो व्यापक रूप से आगे भी आंदोलन होगी। कार्यक्रम के दौरान धरना स्थल पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मी अनिल कुमार सिंह को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में 22 घंटे बिजली आपूर्ति करने, जर्जर तार व पोल को बदलने, जेई को हरिहरगंज में रहकर ड्यूटी करने, एनएच 98 पर लगे पोल व तार को किनारे लगाने आदि मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर विश्वजीत कुमार, अनुज कुमार, मनोज मेहता, कृष्णा साव, शंभू यादव, राजेश रंजन मिश्रा, विनोद पासवान, मो0 डायमंड, रिटायर्ड फौजी उदय मेहता, पूर्व मुखिया अवधेश मिश्रा, गोपाल प्रसाद गुप्ता, इंद्रदेव राम, जितेंद्र मेहता, दिनेश पासवान, राजेश कुमार, शंकर चौधरी, रामरूप चौधरी, मृत्युंजय पासवान, गिरवर चौधरी, पवन, राहुल सहित सैंकड़ों लोग शामिल थे।

# जैनुल्ला अंसारी बने झामुमो के रंका अनुमंडल अध्यक्ष कार्यकर्ताओं में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झामुमो के वरिष्ठ नेता जैनुल्ला अंसारी को झामुमो का रंका अनुमंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सोमवार को उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जैनुल्ला को माला पहना कर बधाई दी। वही अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष है। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि जैनुल्ला के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि जैनुल्ला कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। इनके कुशल नेतृत्व का लाभ संगठन को मिलेगा। बधाई देने वालों में उक्त सहित जिला सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, विनोद चंद्रवंशी, संजय सिंह छोटू शरीफ अंसारी रेखा चौबे आशीष गुप्ता दशरथ प्रसाद दिनेश गुप्ता कार्तिक पांडे फैजुल्ला अंसारी करीब अंसारी अजय उपाध्याय शंभू राम विनोद चंद्रवंशी राजेश बैठा, राजकिशोर यादव आदि का नाम शामिल है।

# छिपादोहर में अनियंत्रित होकर पलटी एक ट्रक, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विश्रामपुर-इटको मुख्य पथ स्थित छिपादोहर गांव के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई गिर गई। जिसमें ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को बाहर निकालते हुए तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां प्राथमिक इलाज के बाद मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेड़िकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नही हुआ है। घटना रविवार की देर रात 11:00 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार इटको की ओर से ट्रक काफी तेज रफ्तार में विश्रामपुर की ओर आ रही थी। छिपादोहर गांव के पास तिखा मोड़ होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसमें ड्राइवर घायल हो गया। ड्राइवर कांडी थाना क्षेत्र के सुदर्शन सिंह का पुत्र उज्जवल कुमार सिंह बताया जा रहा है। इलाज कर रहे चिकित्सक धीरज कुमार व ड्रेसर गौतम कुमार ने बताया कि वह खतरे से बाहर है। वहीं घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई है।

# नरसिंहपुर पथरा में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो-तस्करी के आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किन्नी पहाड़ के पास गो वंश के साथ एक तस्कर को पकड़कर बजरंग दल ने चैनपुर थाना पुलिस को सौपा। चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा पंचायत के किन्नी पहाड़ के पास से बजरंग दल की टीम ने गो वंश के साथ एक तस्कर को पकड़कर चैनपुर थाना को सौप दिया। इस संदर्भ में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस पशु अत्याचार्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुवे अग्रतर करवाई कर रही हैं। इस बजरंग दल की टीम में करवाई करने वाले में जिला पूर्व विद्यार्थी प्रमुख सूर्यकांत कुमार सोनी बजरंग दल के विद्यार्थी प्रमुख लक्ष्मीकांत सोनी नरसिंहपुर पथरा बजरंग दल के सह संवेजक धनंजय कुमार, बजरंगी, सुनील कुमार, अमरजीत कुमार, रौशन कुमार, आनंद कुमार, करण कुमार, आनंद चौरसिया, सत्यप्रकाश गुप्ता, सत्यम गुप्ता समेत अन्य लोगो ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी गो वंश को सुरक्षित रखा गया है तस्कर के खिलाफ करवाई की जा रही है।

# सेन्हा थाना में रथयात्रा और बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना परिसर में रथयात्रा और बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक सीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने का अपील करतें हुए सद्भावना के तहत भाईचारे का परिचय देने की बात कही गई। साथ ही 21जून को विश्व योग दिवस पर बुनियादी विद्यालय में सुबह 6 बजे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने को कहा गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने शांति समिति के सभी सदस्यों से कहा की आये दिन नदी,तलब में डूबने के कारण बच्चे दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। जिसे बच्चो के प्रति ध्यान रखे और नदी तलाब में नहाने से रोके वही जानकारी देते हुए बताया की पीएम किसान योजना के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला आम हो गया। जिससे गरीब किसान भुक्तभोगी हों रहे हैं। जिसको लेकर शान्ति समिति के सदस्य एवं अन्य शिक्षित लोगो से अपील किया गया। कि थाना क्षेत्र के जन जन बीच चर्चा कर जागरूकता की बात कही गई। साथ ही कहा कि किसी अंजान व्यक्ति के द्वारा फोन कर किसी योजना को लेकर लाभ दिलाने का नाम पर ओटीपी या पैसे की मांग की जाती हैं तों इससे बचे। और थाना को सूचना दे जिसे लोग ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं। बैठक में सीओ विजय कुमार, जिप सदस्य राधा तिर्की, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, मुखिया धनवाज उराँव, कमला देवी, राजश्री उराँव के अलावे नन्द किशोर शुक्ला, मिथलेश मिश्रा, गुजरात खान, फजल अब्बास, सौकत अंसारी, राजकिशोर महतो, अजय साहू, कसमूल अंसारी सहित शांति समिति के सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे।

# नवनिर्मित शिव-पार्वती मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा को ले निकली जल यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 17 स्थित अजित नगर में भव्य नवनिर्मित शिव-पार्वती मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके पहले दिन सोमवार को मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा व पूजन को ले कर बजे-गाजे के साथ भव्य जल यात्रा निकाली गई। जो नवनिर्मित शिव-पार्वती मंदिर से शुरू होकर विश्रामपुर भेलवा नदी स्थित शिव घाट पहुंची। जहां वैदिक पूजन व मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर वापस पहुंची। साथ हीं पूजन कार्यक्रम के साथ मंदिर परिसर में कलश की स्थापना की गई। आयोजन समिति के शिव चर्चा परिवार के सदस्यों ने बताया कि शिव पार्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम के दुसरे दिन आज मंगलवार 20 जून को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्य क्रम को लेकर प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया जाएगा। साथ हीं अगले दिन बुधवार 21 जून को आयोजन समिति की ओर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। विदित हो कि मंदिर का निर्माण कार्य सहित प्राण प्रतिष्ठा व धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम विश्रामपुर शिव चर्चा परिवार की ओर से किया गया है। जल यात्रा में नप के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सत्यम सोनी, शिव चर्चा परिवार के कुशवंती देवी, शशि देवी, मनोरमा देवी, श्याम सुंदर साव, लक्ष्मण साव, राज कुमार मेहता, नितेश गुप्ता, विकास कुमार, रौशन सोनी सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर छः मईलवा के समीप सोमवार के सुबह बाईक के धक्के से अरसली दक्षिणी के बैगाडीह निवासी अम्बिका सिंह की 38 वर्षीया पत्नी उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। ईलाज हेतु गढ़वा ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी बैगाडीह आंगनबाड़ी सेंटर में सहायिका के तौर पर काम करती थी, सोमवार के सुबह वह अपने पति अंबिका सिंह के साथ श्रीबंशीधर नगर से अपने घर बैगाडीह आ रहे थे, तभी मुख्य पथ स्थित छः मईलवा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अपाची बाईक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में उन्हें ईलाज हेतु भवनाथपुर सीएचसी लाया गया, वहाँ चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। ईलाज के लिए जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। सदर अस्पताल गढ़वा में अंत्यपरीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार अपाची बाईक से धक्का मारने वाला व्यक्ति भवनाथपुर स्थित माइक्रो फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता है, जिसका गाड़ी नंबर हम लोगों ने रख लिया है प्रशासन के प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ही शव को दाह संस्कार करेंगे।

# प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची प्रखंड के सभी अभिहित स्थलों पर कर दिया गया है प्रकाशन

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत चुनाव 2023 को लेकर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम द्वारा सोमवार को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन प्रखंड के सभी अभिहित स्थलों पर कर दिया गया है। अभिहित स्थलों पर जाकर मतदाता सूची के प्रारूप का अवलोकन किया जा सकता है। बीडीओ ने कहा है कि यदि कोई दावा-आपत्ति हो तो प्रखंड कार्यालय में आगामी एक जुलाई तक दावा आपत्ति दर्ज कराया जा सकता है.उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का प्रारूप garhwa. nic. in पर ऑन लाइन उपलब्ध है।

# अल्पसंख्यकों का समुचित विकास के लिए केंद्र सरकार कृत संकल्पित है : अशरफी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक व भाजपा अल्पसंख्यक के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने कहा लोहरदगा लोकसभा के हर दिल अजीज स्थानीय सांसद माननीय सुदर्शन भगत जी जहां केंद्र सरकार द्वारा आम आवाम गरीबों अमीरों को केंद्र में रखकर रेलवे के क्षेत्र में इस क्षेत्र के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं वही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा अल्पसंख्यकों के उत्थान कल्याण के लिए केंद्र का पैसा विकास योजनाओं में खर्च हो तथा प्रखंड स्तरीय आम खास से रूबरू होकर समस्याओं का निदान संसद द्वारा हो रही है। निश्चित रूप से हमारे लोकप्रिय संसद हम सबों के लिए हर दिल अजीज ही नहीं हर दिल करीब है। 2024 चुनाव में चौका लगाने के फिराक में हम सारे कार्यकर्ता नेता मैदान में आ चुके हैं पुनः पीएम मोदी जी प्रधानमंत्री के रूप में हैट्रिक साबित होंगे क्योंकि पूरे भारतवर्ष में मोदी जी की लहर फिर चल चुकी है और तो और पसमांदा समाज निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी ने जो उत्तर प्रदेश में भूमिका निभाई है पसमांदा के परती इसे केंद्र में रखकर दबे कुचले दलित मुस्लिम पसमांदा मोदी जी के साथ जरूर खड़े होते हुए नजर आ रहे हैं।

# पूर्वमंत्री ने उपायुक्त को आवेदन देकर नगर उंटारी व सगमा प्रखंड के बीडीओ के भ्रष्टाचार की जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर नगर उंटारी व सगमा प्रखंड के बीडीओ द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि जांच नही होने से भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ रहा है.मनरेगा में जिला व राज्य स्तर से आवंटित राशि के विरुद्ध प्रखंडों द्वारा अत्यधिक सामग्री की राशि का भुगतान किया गया है.दोनों प्रखंडों में 60अनुपात 40 से अधिक का एफटीओ बनाकर चहेते आपूर्तिकर्ताओं के खाते में अधिक राशि डाला गया है.आवेदन में उन्होंने कहा है कि उपायुक्त गढ़वा द्वारा अलग अलग तीन जांच टीम बनाई गई थी,लेकिन दो जांच टीम द्वारा आज तक जांच नही किया गया जबकि एक जांच टीम ने विधिवत जांच तो किया है,लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट जिला को समर्पित नही किया है.उन्होंने कहा कि हमे जिला प्रशासन पर पूरा विश्वास है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराकर दोषी अधिकारियों को दंडित करने तथा दोनों प्रखंड की जनता को न्याय दिलाया जायेगा. उन्होंने कहा है कि उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में पुनः जांच टीम गठित किया जाय तथा जांच के पूर्व आवेदनकर्ताओं को जांच की तिथि व जांच स्थल की सूचना पत्र के माध्यम से दिलाया जाय। उन्होंने कहा कि पशु शेड व अन्य योजनाओं की राशि हड़पने वाले नगर उंटारी व सगमा बीडीओ को कुछ अधिकारी कब तक बचाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी व सगमा बीडीओ द्वारा मनरेगा योजना में की गई गड़बड़ी की जांच के लिये उप विकास आयुक्त द्वारा छः सदस्यीय जांच टीम गठित किया गया था, जिसे 25 अप्रैल तक स्थल जांच करना था वहीं सगमा प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की जांच यथा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, 15 वें वित्त की जांच के लिये 14 व 15 जून की तिथि निर्धारित की गई थी,तथा पांच सदस्यीय जांच टीम बनाया गया था, लेकिन जांच आजतक नही किया गया.उन्होंने कहा कि जांच नही होने पर वे 14 जून को एसडीओ से मिले तो उन्हें जानकारी मिली कि अभी तक निदेशक डीआरडीए गढ़वा से जांच के लिये कोई सूचना प्राप्त नही है.जब वे अपने आवास पर लौटे तो उन्हें जानकारी दी गई कि डीआरडीए निदेशक आये हैं. तब मैंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों व आवेदकों को सूचना देकर जांच किया जा सकता है.उन्होंने कहा कि बाद में हमे पता चला कि जांच टीम सगमा प्रखंड कार्यालय गई और बीडीओ से मिलकर वापस आ गई.आवेदन में उन्होंने कहा है कि उक्त दोनों बीडीओ के कारनामे दैनिक अखबारों में छपते रहते हैं. श्रवण कुमार जैसे बीडीओ जहां भी जाते है,हर जगह पिटाने का विडियो वायरल होते रहता है.क्या इससे सरकार व जिला प्रशासन की बदनामी नही हो रही है।

# निष्क्रिय कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष हटेंगे : बंधु तिर्की



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा लोकसभा और विधानसभा सीट हर हाल में कांग्रेस पार्टी जीतेगी। इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसको लेकर कांग्रेस संगठन पूरी तरह चुनावी मोड पर आ गया है। उपरोक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा। पूर्व विधायक सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा, कांग्रेस संगठन का प्रखंड और पंचायत कमेटी मजबूत और सशक्त होना जरूरी है। प्रखंड और पंचायत कमेटी में समन्वय होने से मजबूत और ठोस बूथ कमेटी बनेगी। सशक्त बूथ कमेटी के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा सीट कांग्रेस हर हाल में जीतेगी। बंधु तिर्की ने कहा, राज्य, जिला, प्रखंड और पंचायत में विस्तारित कमेटी की स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहा हूँ। इसके माध्यम से सक्रिय और निष्क्रिय कमेटी के पदधारियों को चिन्हित किया जा रहा है। निष्क्रिय और शिथिल पंचायत अध्यक्षों को बदल दिया जाएगा। जमीनी स्तर पर निष्क्रिय रहने वाले कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का फेरबदल होगा। बंधु तिर्की ने कहा, वर्तमान में कांग्रेस कमेटी की स्थिति की समीक्षा के लिए कुडू,किस्को, पेशरार,भंडरा आदि प्रखंड और इसके पंचायत में जाकर कांग्रेस कमेटी की समीक्षा कर रहा हूं। प्रखंड और पंचायत कमेटी के एक एक कांग्रेस जन से सीधी बात कर रही है। इस माध्यम से पंचायत की समस्याओं को भी चिन्हित किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष को भी गांव की महत्वपूर्ण समस्याओं की सूची बनाने का निर्देश दिया गया है। कांग्रेस संगठन के माध्यम से समस्याओं का निपटारा के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। 25 जुलाई के बाद पुनः लोहरदगा में संगठन की समीक्षा जमीनी स्तर पर की जाएगी। प्रेस वार्ता के मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत,वरीय कांग्रेस नेता नेसार अहमद,जगदीप भगत समेत अन्य मौजूद थे।

**डंपिंग यार्ड पर भाजपा की चुप्पी दुखद : बंधु तिर्की :** लोहरदगा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि,शहर के सघन आबादी में स्थित हिंडालको का बाक्साइड डंपिंग यार्ड को हर हाल में आबादी से दूर स्थानांतरित होनी चाहिए। इसके लिए विधानसभा में प्रश्न उठाया था। कृषि मंत्री बादल पत्र लेख ने मार्च माह तक इसे हटाने का भरोसा दिया था बावजूद, स्थिति यथावत है। डंपिंग यार्ड को हटाने के लिए भाजपा को भी जवाबदेही से पहल करनी चाहिए। डंपिंग यार्ड से हो रहे जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ पर भाजपा मौन रहती है।

# अवैध बालू खनन व भंडारण का विरोध करने पर बालू माफियाओं द्वारा पतिहारी मुखिया को मिली जान से मारने की धमकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बिशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू का खनन एवं भंडारण पुरजोर तरीके से है जारी। विरोध करने पर पतिहारी मुखिया को मिली जान से मारने की धमकी। वहीं बिशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र में बालू का अवैध खनन तथा उसका बड़े पैमाने पर भंडारण धड़ल्ले से जारी है। वहीं प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी बालू माफिया अपने मंसूबे में कामयाब होते दिख रहे है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के पतिहारी पंचायत में भी कुछ ऐसा ही खेल जारी है। वहीं मुखिया ने इस अवैध काम को बंद कराने को लेकर बंशीधर नगर एसडीओ आलोक कुमार को आवेदन देकर कार्यवाई की मांग की है। वहीं पतिहारी पंचायत मुखिया रुबैय्या फ़िरदौसी व मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी ने शनिवार को ग्रामीणों के साथ अपने पंचायत में अवैध रूप से रखे गए बालू का बड़े पैमाने का स्टाक की जांच की है। जिसमें सिर्फ पतिहारी पंचायत में दर्जनो स्थान पर अवैध बालू स्टाक करने की पुष्टि हुई है। यह बालू दर घाट से उठाव किया गया है जो अवैध है। इतनी बड़ी संख्या में बालू स्टाक की खबर प्रशासन तक नही पहुंचना प्रशासन के साथ संबंधित विभाग के कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। वहीं इसे लेकर पतिहारी पंचायत की मुखिया रबैया फ़िरदौसी ने एसडीओ को आवेदन देकर इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने की मांग की है। जहां मुखिया ने आवेदन में कहा कि उनके द्वारा इस काम के विरोध करने पर उन्हें जान से भी मारने की धमकी दी जा रही है। आवेदन में मुखिया ने लिखा है कि बांकी नदी के दर गांव से हमारे पंचायत के नेसार मियां, गुलाम राजा, सीता राम बेदिया, जाउल हक अंसारी, वहाव मियां, अहमद मियां सभी ग्राम पतिहारी में लगभग 500 ट्रैक्टर बालू गांव के उरांव टोला तथा दर की ओर जाने वाले रास्तों में डंप कर रखा है। साथ ही इसकी बिक्री हेतु नगर उंटारी प्रखंड क्षेत्र में 5 हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर के ऊंचे दर से बेचा भी जा रहा है। वहीं माना करने पर इन दबंग व्यक्तियों द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी दी जाती है। वहीं मुखिया ने एसडीओ को भंडारण सहित अन्य प्रूफ भी मुहैया कराते हुए उनसे कार्यवाई की भी मांग की है।

# एमबी डीएवी विद्यालय में फादर्स डे पर ऑनलाइन कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी, विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रो द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत पिता दिवस पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिता शब्द बाकी सभी शब्दों से अलग है बहुत प्यारा है,अनोखा है,अद्वितीय है। पिता शब्द सुनते ही व्यक्ति सब कुछ भूल जाता है इसका कारण पिता की महानता तथा अपार स्नेह होता है। पिता शब्द की पूर्ण व्याख्या कर पाना असंभव है।एक पिता 100 अध्यापकों के बराबर होता है जो जन्म से ही अच्छे संस्कार देकर अपने बच्चों को गुणवान और शिक्षित तथा दुनिया का सबसे सफल व्यक्ति बनाना चाहता है पिता सदैव ही संतान की प्रगति देखना चाहता है खुद से ज्यादा कामयाब देखना चाहता है। संतान के लिए पिता की जेब कभी खाली नहीं होती चाहे वह बचपन में हो या बड़े होने पर। पिता को समझने तथा उनके प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पिता के लिए सुंदर शुभकामना व आभार कार्ड तथा बैज बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चे प्रतिभागी बने। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में अनुराज कुंडू, आरव तमेरा,अर्चित मिश्रा, समृद्धि कुमारी व दिव्यांश कुमार ने,कक्षा यूकेजी में अथर्व कृत, खुशी कुमारी, काव्या तारुषि, काश्वी कुमारी, अलीका अंबर,काव्य मुखियार, ईशान्वी राज,एसके सुहान, रुद्रांश ओझा, अतिहा मोनम, नेमत जहान, सादिक अख्तर,शाद इब्राहिम, गुलाम नूर यजदानी व दर्शील भगत ने, कक्षा प्रथम मेंअनुश्री लकड़ा, वैश्नवी, आराध्या कुमारी, काव्या गोयल, अनाबिया आयात तथा कक्षा द्वितीय में आरोही कुमारी, आरूष चौधरी, विशेष प्रकाश, वेदांश नंद तिवारी, अनन्या कुमारी, अर्चिता कुमारी, प्रिंस कुमार, मान्या राज, अतुल अनीस, शांभवी शरण व कोमल कुमारी ने प्रथम स्थान अर्जित किया प्रतियोगिता में अश्विन पात्रो संगीता मित्तल रजनी प्रसाद व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान जगन्नाथ प्रभु का नेत्र उत्सव मनाया गया

**रांची :** मारवाड़ी सहायक समिति के द्वारा रथयात्रा के अवसर पर जगन्नाथपुर रथ मेला में सेवा प्रदान किया गया। आज सुप्रसिद्ध जगन्नाथपुरी मंदिर में पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान उत्सव मनाया गया। नेत्र दान उत्सव में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का भव्य पुष्प का श्रृंगार किया गया। तथा समिति द्वारा मेवा खीर का महाप्रसाद भोग लगाया गया। महाप्रसाद का वितरण भक्तों को बीच किया गया। 16 दिनों के अज्ञातवास में रहने के बाद आज भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ भक्तों को दर्शन दी। शाम को प्रभु का नेत्रदान के कार्यक्रम के बाद प्रभु को स्नान मंडप में लाया गया तथा स्तुति और 108 मंगल आरती की गई एवं महा भोग लगाया गया। स्नान मंडप में प्रभु दर्शन देने के बाद भगवान यही रात्रि विश्राम करेंगे और कल रथ यात्रा के दिन मौसी बाड़ी जाएंगे। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया जगन्नाथपुर रथ मेला के संयोजक संजय सर्राफ एवं मनीष लोधा ने कहा है कि समिति द्वारा 20 जून को रथ यात्रा के दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में फूलों का अलौकिक श्रृंगार, रथ का भव्य श्रृंगार, साउंड एंव लाइट की व्यवस्था की जाएगी।

### फैशन प्वाइंट का प्रीमियम शो आ रहा है मेट्रो सिटी के डिजाइनर कलेक्शन

**रांची :** फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जिबीशन तीज त्योहार और वेडिंग सीजन को देखते हुए आपके लिए लेकर आ रहा है प्रीमियम शो शो 2 जुलाई और 3 जुलाई को रांची होटल कैपिटल हिल में आयोजित होगा, जहां देश भर के प्रसिद्ध डिजाइनरों के एक्सक्लुसिव कलेक्शन प्रदर्शित होंगे.

# 11वीं के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्र पहुंचे जैक, पुलिस ने की बदसलूकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड काउंसिल बोर्ड जैक में सोमवार के दिन छात्र छात्राओं के साथ न सिर्फ जैक परिसर में धक्का-मुक्की की गई। बल्कि उनके साथ बदसलूकी और मारपीट भी किया गया और यह सब करने वाला और कोई नहीं जैक के सुरक्षाकर्मी और नामकुम थाना की पुलिस थी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल साइट पर वायरल किया गया। जिसमें स्पष्ट दिख रहा है कि कुछ छात्राएं चीख चिल्ला रही है।

यह घटना 11वीं की छात्र छात्राओं के साथ हुआ है। बताया गया है कि 11वीं की कुछ छात्र-छात्राओं का रिजल्ट बेहतर नहीं होने से वे असंतुष्ट हैं और अपनी अपनी शिकायतें लेकर शुक्रवार को जैक कार्यालय भी गए थे, जहां पर छात्रों ने जैक अध्यक्ष से मिलने की गुजारिश की, किसी कारण वश वे




नहीं मिल सके, और ऐसे में छात्रों को अपना आवेदन देकर वापस लौटना पड़ा । फिर दोबारा वे सभी सोमवार को जैक अध्यक्ष मिलने पहुंचे थे।छात्र छात्राओं का कहना है कि 11वीं के रिजल्ट में अनियमितता बरती गई है।

**ग्रामीण एसपी ने कहा, छोड़ देंगे**

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने फोन करके बताया कि घटना की जानकारी हुई थी । छात्र-छात्राएं 11वीं के हैं और वे फेल किए हैं और इसी को लेकर हुए जैक कार्यालय अध्यक्ष से मिलने गए थे और हंगामा कर रहे थे। इसी दौरान

**यह घटना 11वीं की छात्र छात्राओं के साथ हुआ है। बताया गया है कि 11वीं की कुछ छात्र-छात्राओं का रिजल्ट बेहतर नहीं होने से वे असंतुष्ट हैं और अपनी अपनी शिकायतें लेकर शुक्रवार को जैक कार्यालय भी गए थे।**

जैक के सुरक्षाकर्मी छात्रों को वहां से बाहर किया, तब नामकुम थाना को सूचना मिली, तो वे भी वहां पहुंचे कुछ छात्रों को अपने साथ थाना ले आई है, जिसे समझा-बुझाकर छोड़ दिया जाएगा।

# समाहरणालय में करें सीढ़ी का प्रयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** समाहरणालय का बी ब्लॉक में अपनी समस्याओं के निदान के लिए आप पुलिस पदाधिकारी से मिलने आ रहे हैं। चाहे एसडीएम, ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी, डीएसपी , एसएसपी हो या फिर और कोई वरीय पदाधिकारी से तो आप अपनी समस्याओं के साथ यहां की लिफ्ट का प्रयोग कभी भूल कर नहीं कीजिए, आप अपनी समस्याओं को लेकर सीढ़ी से चढ़कर ही वरीय पदाधिकारी तक पहुंचने की कोशिश करें, क्योंकि बिजली के कटने से समाहरणालय का लिफ्ट कभी भी किसी फ्लोर में बंद हो जाएगा और आप बीच में ही कहीं फस जाएंगे। चिलचिलाती गर्मी और लिफ्ट बंद हो जाए, तो फिर उस समय की स्थिति क्या होगी ? उन्हीं से पूछिए जो इस लिफ्ट में फंस चुके हैं। सोमवार को ऐसी स्थिति समाहरणालय के बी ब्लॉक के सेकंड फ्लोर में देखने को मिला। जब 3 लोग बिजली कटने से लिफ्ट



नहीं फंस गए। इतना ही नहीं नजारत को लोग फोन करते रहे लिफ्ट खोल दिया जाए, लेकिन उनके आने में समय लगा और किसी तरह से फिर यह लोग करीब शाम 4:00 बजे से लेकर 4:07 मिनट तक उस लिफ्ट में फंसे रहने वाले को बाहर निकाला गया। इतना ही नहीं लाइट जाने के बाद जनरेटर चलाने के लिए एसएसपी के कार्यालय में सुरक्षा कर्मी देखरेख करने वाले जवान भी जनरेटर चलाने के लिए फोन कर अपील करते रहे लेकिन करीब 10 मिनट तक जेनरेटर तक नहीं चलाया गया।

# 65 वृद्ध एवं असहाय महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नायक टोली, हटिया के विकास क्लब में जगन्नाथ मेला के पूर्व संध्या अवसर पर जोहार पार्टी के अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार महतो के द्वारा गुरुजी कर अखरा, सांस्कृतिक एवं सेवा संस्थान, सृष्टि रंगमंच, और अखरा कला सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में लगभग 65 वृद्ध एवं असहाय महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया। इस मौके पर संगीत नाटक अकादमी अवार्ड सम्मानित महाबीर नायक उपस्थित रहे। साथ में मुन्ना लोहरा (रंगकर्मी), अनिल नायक (लोक सायक एवं नृत्य), अमित कुमार, सुभदा कुमारी एवं अविका नायक उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण के लिए झारखंड के जिला परिषद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पहुंचे हैदराबाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लीडर फॉर क्रिएटिंग मॉडल जीपी क्लस्टर्स एक्रॉस इंडिया (एनआईआरडीपीआर) के सौजन्य से आंध्रप्रदेश की राजधानी हैदराबाद में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए झारखंड पंचायत के प्रतिनिधि हैदराबाद गये हुए हैं। हैदराबाद में यह प्रशिक्षण झारखंड पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित किया गया है।

झारखंड सरकार ने राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया है, ताकि वहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिला परिषद के संवैधानिक पदों पर आसीन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अपने-अपने जिले में



विकास योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतार सकें। इसी क्रम में लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी सहित कई जिलों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष हैदराबाद पहुंचे हैं।

यह प्रशिक्षण 19 जून से 23 जून तक चलेगा। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण मूल रूप से पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करना है। आवश्यकता के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करना और योजनाओं को धरातल पर उतारने संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम चरण में अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया था जबकि दूसरे चरण में परिषद के उपाध्यक्ष को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# आरडीसीआईएस को मिला पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य उत्पादकता परिषद के सहयोग से गुणवत्ता और पर्यावरण प्रबंधन सेवा संस्थान (आईक्यूईएमएस) द्वारा 8वें राष्ट्रीय संगोष्ठी सतत पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन - 2022 का आयोजन भुवनेश्वर में प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान विषय पर किया गया। पीके अमत, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री, ओडिशा सरकार मुख्य अतिथि थे। डॉ. के मुरुगेसन, आईएफएस, सदस्य सचिव राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और निदेशक पर्यावरण-सह-विशेष सचिव वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन और श्री ए के त्रिपाठी, स्वतंत्र निदेशक सेल और बाहरी मॉनिटर, गेल सम्मानित अतिथि के रूप में संगोष्ठी में शामिल हुए। एन बनर्जी, कार्यकारी निदेशक (आरडीसीआईएस), सेल ने आरडीसीआईएस में पायलट कोक ओवन में अपशिष्ट प्लास्टिक के सफल परीक्षणों और भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन बैटरियों में लगभग 45000 किलोग्राम अपशिष्ट प्लास्टिक का औद्योगिक उपयोग के आधार पर ÷अपशिष्ट प्लास्टिक - इस्पात उद्योग में अनुप्रयोग पर संगोष्ठी में एक तकनीकी पत्र प्रस्तुत किया। । इस काम को सम्मेलन में विशेष जूरी पुरस्कार÷ से सम्मानित किया गया।

# नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के मामले में एयरटेल के अधिकारी ने दी गवाही

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले के मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से बनाए गए गवाह एयरटेल के अधिकारी ने सोमवार को गवाही दी।





कोहली की ओर से एक टेलीफोन नंबर दिया गया था, जिसके बारे में सूचना मांगी गई थी। एयरटेल अधिकारी ने गवाही में बताया कि तारा शाहदेव प्रताड़ना के जिस घटना का जिक्र किया जा रहा है, उस दौरान यह टेलीफोन नंबर रंजीत सिंह कोहली के नाम पर था।

एयरटेल के अधिकारी की ओर से इससे संबंधित दस्तावेज भी कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। मामले में अगली गवाही 23 जून को होगी। इससे पूर्व रंजीत कोहली की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गवाह बनाया गया था। पिछली सुनवाई में मुख्यमंत्री के अधिकृत व्यक्ति मुस्ताक आलम ने गवाही दी थी। मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे है। रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। सीबीआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर 2015 में केस टेक ओवर किया था। लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोपितों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था।

# प्रदेश कांग्रेस ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्म दिवस पार्टी कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी तथा उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में गरीबों के बीच प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की ओर से खाना का वितरण किया गया।

राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी को



जन्मदिन की बधाई ते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में आपका आदम्य साहस सराहनीय है। आप दया और सद्भाव का संदेश फैलाते हुए सच बोलना जारी रखें और करोड़ों भारतीय की आवाज बनें।

उन्होंने कहा कि नफरतों के बीच मोहब्बत की बात, भय के बीच निडर होने की बात, तार-तार होते राजनीतिक सुचिता के बीच मूल्यों की बात, विपरीत धाराओं के बीच खड़े होकर उनका रुख मोड़ना, ये राहुल गांधी होने का प्रमाण है।

# श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के डिस्चार्ज पिटीशन पर एसीबी कोर्ट में एक जुलाई को होगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के श्रम मंत्री और पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता से जुड़े बीज खरीद घोटाला मामले में एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में सोमवार को डिस्चार्ज पिटिशन पर सुनवाई हुई। सत्यानंद भोक्ता की ओर से साक्ष्य के रुप में आरटीआई से प्राप्त दस्तावेज को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि एक जुलाई निर्धारित की है।

वर्ष 2004 से 2007 के बीच 46.10 करोड़ रुपये से अधिक का बीज घोटाला हुआ था। इस दौरान कुछ संस्थाओं से गेहूं, चना और दूसरे अनाज के बीज की खरीद के नाम पर कथित तौर पर गबन हुआ था। बीज घोटाला में जब आरोप पत्र दायर किया गया था, तब सत्यानंद भोक्ता कृषि मंत्री थे।

मामले में कृषि विभाग के पूर्व निदेशक निस्तार मिंज, पूर्व मंत्री नलीन सोरेन और पूर्व कृषि निदेशक वी जयराम सहित अन्य लोग भी आरोपित बनाये गये हैं।

## बेटी के विवाह की दूसरी वर्षगांठ पर एक निर्धन कन्या का विवाह

**रांची :** दूसरों के सुखी कर उसमें अपना सुख देखने वाले विरले ही होते हैं. ऐसा सोच रखने वाले हमेशा अपने कार्यो से दूसरों को सुख पहुंचाने वाले श्री मुरारी अग्रवाल जी ने अपनी पुत्री की दूसरी विवाह वर्षगांठ पर एक निर्धन जनजातिय धाघरा गुमला की कन्या आयुष्मती किरण उरांव का विवाह मांडर निवासी पंचानद उरांव संग ग्राम सुकुरहुट्टु कांके, स्थित रांची गौशाला प्रांगण में ÷गौमाता, हम सबकी माता÷ के सान्निध्य में पूरे विधि-विधान से सम्पन्न करवाया.

# सभी विपक्षियों को आना होगा एक साथ : डी राजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड में आए तीन दिवसीय कार्यक्रम जिसमें रामगढ़ में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक के समापन के बाद रांची के सी पी आई कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । प्रेस वार्ता में महासचिव डी राजा ने कहा की 2024 मे मोदी को जाना तय है । क्योंकि मोदी सरकार से जनता ऊब चुकी है। देश में संप्रदायिक दंगे को भड़का कर देश में विभाजन कर राजनीति रोटी सेकने वाले मोदी सरकार को देश की जनता उखाड़ फेंकेगी, क्योंकि देश में महंगाई , बेकारी, लाचारी, तबाही से जीने के लिए




मोदी सरकार मजबूर कर दी है। देश के तमाम विपक्षी पार्टियों को ईडी और सीबीआई के एजेंसियों से डराया जा रहा है । देश में महिला पहलवानों के साथ जो हरकत हुआ पूरे दुनिया देखा। पार्लियामेंट के उद्घाटन में जिस तरह से राष्ट्रपति को दरकिनार कर पार्लियामेंट का उद्घाटन किया गया ,पूरे दुनिया ने देखा। देश में तानाशाह की तरह मोदी की सरकार काम कर रही है ।देश में 9 साल के सुशासन की ढिंढोरा पीटने वाली सरकार अपनी उपलब्धि गिना रही है । उनकी उपलब्धि है नोटबंदी जीएसटी, तालाबंदी, महंगाई ,बेकारी, को रोना काल में लाचारी, इशारे उपलब्धियां 9 साल के केंद्र सरकार की है ।जिससे जनता ऊब चुकी है। इसीलिए आर पार की लड़ाई लड़ी जा रही है। 2024 में देश की जनता मोदी के विरोध में वोट देंगे ।आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने भी स्पष्ट किया है कि हम विपक्षी एकता बनाने के लिए प्रयासरत हैं । आर एस एस के झंडे पर चलने वाली मोदी की सरकार के विरोध में पूरे देश में विपक्षी पार्टियां एकजुट हो रही हैं। उसी के लिए 23 जून 2023 को पटना में तमाम विपक्षी पार्टियों के समागम 2024 की तैयारी के लिए किया जा रहा है। पार्टी कार्यक्रम में आए कॉमरेड राजा ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नारा दिया है भाजपा हटाओ देश बचाओ भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ भाजपा हटाओ संविधान बचाओ।

# कांग्रेस का दो दिवसीय भारत जोड़ो यात्रा शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उलीहातू, खूंटी जिला स्थित भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थल से रांची स्थित बापू वाटिका तक दो दिवसीय 53 किलोमीटर का 'भारत जोड़ो यात्रा' का पुनः 19 जून को रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल से झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, युवा प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा एवं प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में शुरू किया गया।

यह भगवान बिरसा मुंडा का जन्म स्थली से बापू वाटिका तक 53 किलोमीटर का यात्रा आयोजित किया गया था, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष माननीय राहुल गांधी के 53वें जन्म दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

जो इस भीषण गर्मी में भी युवा कांग्रेस पूरे जोश के साथ 53 किलोमीटर का यात्रा पूरी कर रांची स्थित बापू वाटिका में महात्मा गांधी के मूर्ति माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित



कर झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, युवा कांग्रेस के प्रभारी शेषनारायण ओझा एवं अध्यक्ष अभिजीत राज के द्वारा समापन किया गया। साथ ही राहुल के जन्मदिवस के अवसर पर बापू वाटिका में केक काटकर जन्मदिवस को मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यम सिंह, रमन सिंह, अफताब आलम, फहाद खान, सदाब खान, अरुण सांगा, विकी कुमार, कुणाल कमल कश्यप, जमील अख्तर, अभिजीत कमल, रोमी इमाम, मुन्ना खान सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

# मुख्यमंत्री को जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने का मिला निमंत्रण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को जगन्नाथपुर मंदिर धुर्वा के प्रथम सेवक-सह-मंदिर न्यास समिति के सदस्य ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव एवं सेवक अमरदीप कौशल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।



# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुटजोरा में ग्रामीणों के साथ संवाद किया



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**खूंटी :** राज्यपाल सी.पी.राधाकृष्णन द्वारा खूंटी जिला के गुटजोरा स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि कुछ कर गुजरने की तमन्ना व लगन हो तो मनुष्य अपने मुकाम को हासिल कर सकता है। उन्होंने खूंटी जिला में कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि विगत 4 माह में खूंटी का यह तीसरा दौरा है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजना के प्रति सजग है और लाभ भी प्राप्त कर रहें है। हमारी जागरुकता हमें जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। हम यदि जागरूक रहेंगे तो नित्य हो रहे बदलाव, नए तौर-तरीक़ों एवं नए आविष्कारों को जान सकेंगे और इन्हें अपने जीवन में उतारकर अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजनों के जागरूक दृष्टिकोण के साथ सभी प्रकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को निश्चित ही सफल रूप प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे इन प्रयासों से गांव-गांव तक आत्मनिर्भर जीवन का सन्देश देने में सहायक सिद्ध होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों को सामाजिक प्रगति की ओर अग्रसर होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में हम सभी का उद्देश्य है सभी क्रियान्वित योजनाओं को धरातल पर सफल रूप प्रदान करने में हमें मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। राज्यपाल के द्वारा सपनो की उड़ान कार्यक्रम की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि ये हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि खूंटी जिले की [illegible] की छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रही हैं और इंजियरिंग और मेडिकल की परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो रही हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की क्रियान्वित योजनाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका व विभिन्न क्षेत्रों के बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। संवाद के क्रम में गाय कुमारी ने ड्रैगन फरूट की बागवानी के संबंध में अवगत कराया कि उनके द्वारा ड्रैगन फरूट की खेती करने के पूर्व इसका प्रशिक्षण लिया गया था। उसने रानी मिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर शौचालय एवं प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया है तथा कई महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया है। उनके द्वारा प्रिकास्ट प्लांट भी स्थापित किया गया है। माननीय राज्यपाल महोदय ने ड्रैगन फरूट की खेती किये जाने के संबंध में उपायुक्त खूंटी से पूछा तो उन्होंनें बताया कि यहां स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे हैं एवं किसानों के उत्पाद का मार्केट लिंक की भी व्यवस्था कर रहे हैं। संवाद के क्रम में दूसरे ग्रामीण ने बताया कि उसने बिरसा हरित ग्रामीण योजना के तहत 1 एकड़ में 112 आम का वृक्ष लगाया है जिसमें फल आना शुरू हो गया है। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते हुए लगाये गए स्टॉल का भ्रमण करते हुए कहा कि तपती दोपहर में भी यहां के लोगों के चेहरे की चमक और ऊर्जा बता रही है कि झारखंड विकास की नई ऊंचाइयों को निश्चित रूप से छुएगा।

इससे पूर्व राज्यपाल ने आज खूंटी जिला के गुटजोरा गाँव में उज्ज्वला आजीविका संसाधन केंद्र द्वारा की गई ड्रैगन फरूट की बागवानी एवं विकसित नर्सरी का अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि फलदार पौधे को लगाकार भी अपने आय में वृद्धि कर सकते हैं।

## यूं के एस महाविद्यालय डकरा में निबंध पेंटिंग लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 9 वें अंतरास्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यूं के एस महाविद्यालय डकरा में एन एस एस इकाई के द्वारा योग दिवस आयोजन किया गया। इस अवसर के पूर्व भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी को 20 जून को रांची विश्वविद्यालय में आयोजित उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने आर्यभट्ट औडिटोरियम रांची में जाएंगे। वही भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिप्रा आनन्द,दूसरा स्थान आलोक कुमार चौहान ने प्राप्त किये। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा कुमारी,दूसरा स्थान पम्मी कुमारी तथा तीसरा स्थान मनीषा कुमारी ने प्राप्त किया। व पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान प्रकाश कौर,दूसरा स्थान रवि कुमार तथा तीसरा स्थान अमन मेहरा ने प्राप्त किये। सभी प्रतियोगिता एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो गजेन्द्र यादव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। 21जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कॉलेज परिसर में प्रात-6बजे योगासन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे अधिक से अधिक एन एस एस स्वयंसेवकों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का निर्देश दिया गया है।



## मौसम का मिजाज बदला, गर्मी से राहत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र मे गर्मी के बढ़ते तापमान से लोगों की जिंदगी अस्त व्यस्त हो गया था। बच्चे बुढ़े सभी का चिलचिलाती धुप एवं गर्म हवा से जिना मुश्किल हो गया था। कहीं लु ना लग जाए इसलिए सभी अपने घरों मे ही दुबक कर रहते थे। लेकिन सोमवार को अचानक दोपहर बाद मौसम का मिज़ाज बदल गया तेज गर्जन एवं हवाओं के साथ बारिश होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली! मौसम का तापमान गिरा और लोगों को हल्का ठंड का महसूस हुआ! क्षेत्र मे जोरदार हवा चलने से बिजली भी गुल हो गई। समाचार लिखे जाने तक बिजली की बहाल नही हुई थी।

## नवागढ़ गांव में पलान्ट का उद्घाटन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवागढ़ पंचायत के नवागढ़ गॉव में आज सोमवार के दिन स्टोन एक्स सेवेन नामक पलान्ट का उद्घाटन किया गया। स्टोन एक्स सेवेन का उद्घाटन संस्थापक मोहसिन खान के पिता नसीम खान ने फिता काट कर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुण्डा, फैज खान परवेज़ खान पारसनाथ उरॉव, प्रकाश लकड़ा, जलनाथ चौधरी, बिरेन्द्र सिंह भोगता,राजेश पहान, जगदीश भोगता,बुधराम बेदिया, सुरेश कुमार महतो, दिलीप मिर्धा, जयशंकर पहान, संजय उपाध्याय तबरेज खान आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुच्चू पंचायत अंतर्गत हुण्डरु गाँव में सोमवार को बाल विकास विभाग एवं मनरेगा योजना से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का भवन उद्घाटन जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुण्डा, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया । राजेन्द्र शाही मुण्डा ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र भवन नही रहने के कारण यहाँ के नौनिहाल बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र भवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था । आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बनने से नौनिहाल को छत के नीचे रहकर अपना पठन-पाठन का कार्य कर सकेंगे । मौके पर, जेई गौतम कुमार, रोजगार सेवक अशोक मुण्डा सेविका रेणुका सिन्हा, सहायिका सोनी देवी, सेविका आलोका देवी, फुलमनी देवी लगनू बेदिया, शुभम बेदिया गुहिया बेदिया राजेश बेदिया आदि उपस्थित थे ।

## रथयात्रा मेला के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ईटाचिल्द्री व चनकोपी में मंगलवार को लगने वाली ऐतिहासिक रथयात्रा मेला के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं गुरुवार की संध्या जगन्नाथ स्वामी मंदिर में भगवान जगरनाथ समेत बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के विग्रहों का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नेत्र दान का अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन पुजारी सत्यनारायण पाण्डेय की अगुवाई में मंदिर के संस्थापक के वंशजों ने परम्परागत ढंग से किया। वहीं चनकोपी गांव में रथयात्रा की पूर्व संध्या पर भगवान जगन्नाथ का नेत्र उत्सव संपन्न हुआ। मंदिर के पुजारी पुरोहित बालमुकुंद मिश्रा की अगुवाई में नेत्र उत्सव पर्व विधि विधान से किया गया। कल रथ मेला का आयोजन किया गया है। वहीं तीनो विग्रहो को रथ से मौसी बाड़ी ले जायेगे जहां नौ दिनो तक रहेगे। इस दौरान रथयात्रा आयोजक समिति के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

## कोयला तस्करी के रोकथाम के लिए सीआईएसएफ का छापेमारी अभियान जारी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में कोयला तस्करी के रोकथाम को लेकर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के द्वारा छापेमारी अभियान लगातार जारी है।पिछले एक सप्ताह के भीतर सीआईएसएफ के द्वारा तीन जगहों पर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध कोयला को बरामद किया है।सोमवार की सुबह सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस. के निर्देश पर सहायक कमांडेंट संजय कुमार मीणा के नेतृत्व में पिपरवार के आरसीएम साईडिंग सहित आस पास के एरिया मे छापेमारी अभियान चलाया गया,इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने करीब डेढ़ टन अवैध कोयला को जब्त किया।इस संबंध में सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि आरसीएम साइडिंग के आस पास के इलाकों में तस्कर कोयला को जमाकर बोरा में बंद कर उसे तस्करी करने की योजना बनाया था,इसकी सूचना मिलने के बाद विशेष अभियान चलाकर अवैध कोयला को बरामद किया गया है।जब्त कोयला को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया है।इधर सीआईएसएफ कमांडेंट संदीप कुमार एस. ने बताया कि कोयला तस्करी के रोकथाम को लेकर विभाग के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के लोग

**पिपरवार :** चतरा जिले के सिमरिया कर्बला मैदान मे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मिलन समारोह मे सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोग शामिल हुए।जानकारी के अनुसार सभी कार्यकर्ता कल्याणपुर चौक में जमा होकर नारेबाजी की और एक साथ सिमरिया के लिए रवाना हुए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी02-एबीएसएस-04-एसटीएन, दिनांक 16.06.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, द. पू. रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** अमृत भारत योजना के अधीन रांची मंडल के 04 स्टेशनों (बालसिरिंग, टटीसिलवई, गंगाघाट, तुलिन) में आईपी आधारित आईपीआईएस सिस्टम (इंटीग्रेटेड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम), वीडियो सर्विलेंस सिस्टम, वाई-फाई, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,86,29,516.36; **बयाना राशि:** रु. 2,93,200। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** 0। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.07.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 27.06.2023, **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा: www.ireps.gov.in** (कार्य निविदा)। (PR-303)

# भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना प्रखंड कार्यालय भवन परिसर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद समीर उराँव थे। मौके पर कई कांग्रेस सहित दूसरे पार्टी के कार्यक्रओं ने भाजपा का दामन थामा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद समीर उराँव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुसाशन और गरीब कल्याण का कार्य देश के कोने कोने तक पहुंचाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने पुरे 9 वर्षों में समाज के सभी वर्गों के उन्नती के लिए सच्चा सेवा किये हैं। गरीब किसान, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किये हैं। आधुनिक भारत बनाने के लिए जनधन योजना, मुद्रा योजना और कोरोना से बचने के लिए पुरे देशवासीयों को वैक्शीन देने का काम किया है। एससी, एसटी ओबीसी के लोगों को मंत्रीमंडल में 60 प्रतिशत स्थान दिया। पिछड़ी जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया।

भाजपा की सरकार ने हमारे गांव के रहने वाली आदिवासी महिला द्रौपति मुर्मू को राष्टपति बना कर आदिवासीयों को आगे करने का काम किया। उनके कार्यों को देखते हुए 2024 में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि आपलोगों ने 2014 और 2019 में वोट देकर नरेन्द्र मोदी को बहुमत की सरकार बनाया है। मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू की ओर बढ़ रहा है। उनके सपना और योजनाओं को सफल बनाने के लिए 2024 में फिर से मजबुती के साथ प्रधानमंत्री बनायें। युवा भाजपा नेता सनी टोप्पो ने कहा कि सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और सबका साथ सबका विश्वास के नायक नरेंद्र मोदी के 9 साल के कर्याकाल के लाभार्थीयों का आज सम्मेलन किया गया है। केन्द्र की मोदी सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजना चला रखा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद प्रत्येक पंचायत में 100 से 150 प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। भाजपा सरकार का सोच है कि हमारे आदिवासी सभी क्षेत्र में आगे रहे इसलिए प्रत्येक प्रखंड में एकलब्य स्कुल खोलने का काम किया है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष हर्षवर्घन सिंह, जिपस पार्वती उराँव, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, राजीव रंजन अधिकारी, राजेश साहू, तेजु दास, आलोक मिश्रा, बलराम सिंह व नरायण महली सहित कई लोग शामिल थे।

## पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा कांग्रेस नेता अमाल खान के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ओरमांझी प्रखंड के समीप केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए दीर्घायु की कामना किया। इस दौरान युवा कांग्रेस नेता अमाल खान ने कहा कि राहुल गांधी आज 52 साल के हो गए। इसलिए पुरे जिले में कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का धूमधाम से जन्मदिन मनाया। ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने 2002 से 2019 तक अमेठी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, अशोक कुमार गुप्ता, एहतेसाम अली, सुधा देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी द्वारा पंचायत कमेटी का गठन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा सिल्ली प्रखंड कमेटी द्वारा विसरिया पंचायत में पंचायत कमेटी गठन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका ने बताया कि लोगों की समस्याओं का निपटारा हेतु हर पंचायत में कमेटी का गठन किया जा रहा है। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित महतो ,अजीत महतो द्वारका महतो, फखरुद्दीन , गोकुल महतो, इकराबुद्दीन, सुनील कोइरी ,मुन्ना कोइरी बंशीधर कोइरी, राजेश चौधरी , प्रमोद महतो, सिल्ली प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी गण एवं समस्त सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114

Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**DWSD/GAR-RM-07**/2023–24 दिनांक–**16.06.2023**

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र **(BOQ)** प्राप्ति की तिथि :– 21-06.2023 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.06.2023 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26-06.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र **(BOQ)** प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)
10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकंडा एवं चिनियाँ | GAR/RM-01 | 1100 Nos. | 10,17,709.00 | 20,354.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 2 | मेराल, डंडई, कांडी, बरडीहा, मझिआँव, भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-02 | 1250 Nos | 11,56,487.00 | 23,130.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 3 | नगर उंटारी, रमना एव विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-03 | 1150 Nos. | 10,63,968.00 | 21,279.00 | 2500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 300388 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

**झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड**
**कार्यालयः– जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।**

**आम सूचना।**

विभागीय राज्यादेश सं0– 15 दिनांक 05-06-2023 द्वारा स्वीकृत राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में उद्यानिकी फसलों के चहुमुखी विकास के साथ–साथ कृषकों के आय में अधिक से अधिक वृद्वि लाने के उद्देश्य से "राज्य उद्यान विकास योजना" अन्तर्गत उपयोजना "उद्यान विकास की योजना" का क्रियान्वयन जिला गढ़वा में किया जाना है।

गढ़वा जिला के कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि उक्त योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का क्रियान्वयन अनुदान/अधिकतम राशि पर लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वंय सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/ सहकारी समिति/सखी मंडल जो योजना अवयव का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन–पत्र अनुशंसा नामित सरकारी कर्मी/जनसवेक (VLW)/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी (BAO)/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM)/सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM)/उद्यान मित्र/कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक से हस्ताक्षर एवं स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर दिनांक 14-07-2023 तक कार्यालय अवधि में अपने–अपने प्रखण्डों के प्रखण्ड कार्यालय में या जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में जमा कर सकते हैं।

उद्यान विकास की योजना का भौतिक लक्ष्य उपयोजनावार (सं0/इकाई/हे0/एकड़ एवं वर्गमीटर में)

| क्रम सं0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य OSP | भौतिक लक्ष्य SCSP | कुल भौतिक लक्ष्य | कुल प्राक्कलित राषि | विभागीय अनुदान/अधिकतम राषि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बागवान मित्र/उद्यान मित्र/कृषक को 5 दिवसीय प्रषिक्षण | 224 सं0 | 65 सं0 | 289 सं0 | – | शत प्रतिषत। |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रषिक्षण | 11 सं0 | 04 सं0 | 15 सं0 | – | शत प्रतिषत। |
| 3 | मिर्चा की खेती | 18 हे0 | 6 हे0 | 24 हे0 | प्रति हे0 30000/– रूपये। | 40 प्रतिषत। |
| 4 | ओल की खेती | 18 हे0 | 6 हे0 | 24 हे0 | प्रति हे0 300000/– रूपये। | सहायता अनुदान प्रति हे0 40000/– रूपये। |
| 5 | अदरख की खेती | 11 हे0 | 4 हे0 | 15 हे0 | प्रति हे0 लागत 195000/– रूपये। | 40 प्रतिषत। |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 9 इकाई | 3 इकाई | 12 इकाई | प्रति इकाई लागत 300000/– रूपये। | 75 प्रतिषत। |
| 7 | खुले वातावरण में फुलों की खेती | 27 एकड़ | 9 एकड़ | 36 एकड़ | प्रति हे0 लागत 40000/– रूपये | 50 प्रतिषत |
| 8 | टिषुकल्चर केला की खेती | 11 हे0 | 2 हे0 | 13 हे0 | प्रति हे0 लागत 191600/– रूपये। | सहायता अनुदान अधिकतम प्रति हे0 60000/– रूपये। |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 22 इकाई | 7 इकाई | 29 इकाई | प्रति इकाई लागत 40000/– रूपये। | शत प्रतिषत। |
| 10 | सब्जी की खेती | 200 हे0 | 70 हे0 | 270 हे0 | – | सहायता अनुदान प्रति हे0 10000/– रूपये। |
| 11 | मषरूम कीट वितरण (Oyester) | 2100 इकाई | 750 इकाई | 2850 इकाई | – | शत प्रतिषत। |
| 12 | मषरूम पर 5 दिवसीय प्रषिक्षण | 70 सं0 | 25 सं0 | 95 सं0 | – | शत प्रतिषत। |
| 13 | पपीता पौध रोपण (प्रति पौधा 5 रू0) | 11208 सं0 | 3736 सं0 | 14944 सं0 | – | प्रति पपीता पौध 5 रूपया सहायता अनुदान। |
| 14 | टिषुकल्चर स्ट्रोंबेरी की उन्नत खेती | 9 हे0 | 3 हे0 | 12 हे0 | प्रति हे0 कुल लागत 525365/– रूपये। | 50 प्रतिषत अनुदान। |
| 15 | गुणवत्तायुक्त फुल, फल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैंपलिंग नर्सरी) | 18 सं0 | 7 सं0 | 25 सं0 | प्रति इकाई कुल लागत 300000/– रूपये। | 75 प्रतिषत अनुदान। |

नोट–
1. वित्तीय वर्ष 2023-24 में सभी योजनाएं Block Chain Technology के माध्यम से की जायेगी। Block Chain में निबंधित कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
2. ST,SC एवं Marginal Farmers का नियमानुसार चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को कम से कम 30 प्रतिशत चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. पिछले तीन वर्षो में जिन लाभुक या उसके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
5. माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा जिनकी उम्र न्यूनतम 20 से 45 वर्ष के बीच हो मैट्रीक उत्तीर्ण अथवा समकक्ष (प्रमाण–पत्र), कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन निशुल्क प्राप्त किया सकता है।
8. आवेदन जिस भी अवयव हेतु हो वो स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए
9. अपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
10. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/ कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 300389 Agriculture(23-24)D
जिला उद्यान पदाधिकारी,गढ़वा।

**झारखण्ड सरकार,**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा।**

पता–संयुक्त कृषि भवन,जिला कृषि कार्यालय परिसर, सिमडेगा।

**कृषकों के लिए सूनहरा अवसर**
**आम सूचना**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या –15 दिनांक 05.06.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 मेंउद्यान विकास की योजना के तहत जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत निम्नांकित रूप से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कृषको के निजी भूमि पर कार्यान्वयन हेतु कृषक एवं **JSLPS /JTDS** अंतर्गत कृषक समूह/महिला समूह/ महिला स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/**FPOs** एवं अन्य किसानों से आवेदन आमंत्रित की जाती है। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | बगवान मित्र / उद्यान मित्रों/कृषको का 5 (पाँच दिवसीय) प्रशिक्षण | **240** संख्या | मैट्रिक उत्तीर्ण अथवा समकक्ष (प्रमाण पत्र) साईकिल/मोटरसाईकिल चलाने का ज्ञान हो एवं स्थानीय प्रमाण पत्र |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | **12** संख्या | ऊम्र न्युनतम 20 से 45 वर्ष के बीच हो एवं 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 3 | मिर्चा की खेती | **19** हे0 | |
| 4 | ओल की खेती | **19** हे0 | |
| 5 | अदरख की खेती | **12** हे0 | |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन ईकाई | **9** ईकाई | |
| 7 | खुल वातावरण में फूलों की खेती (हे0 में) | **29** हे0 | |
| 8 | टिशू कल्चर केला की खेती | **05** हे0 | |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति ईकाई 25 डिसमील) | **24** ईकाई | |
| 10 | सब्जी की खेती (हे0 में) | **350** हे0 | |
| 11 | मशरूम कीट वितरण | **4110** संख्या | |
| 12 | मशरूम विषय पर 5 (पांच) दिवसीय प्रशिक्षण | **137** संख्या | |
| 13 | पपीता की खेती | **11763**संख्या | |
| 14 | टिशूकल्चर स्ट्राबेरी की उन्नत खेती | **9** हे0 | |
| 15 | गुणवत्ता युक्त सब्जी फुल, फल एवं पौधा बिचड़ा उत्पादन (सैम्पिलिंग/नर्सरी) | **30** संख्या | |
| 16 | परवल की खेती | **2** एकड़ | |

इच्छुक कृषक एवं **JSLPS/JTDS** अंतर्गत कृषक समूह/महिला समूह/ महिला स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/**FPOs** एव अन्य कृषक जिनकों, उपरोक्त योजना अंतर्गत अवयवो का लाभ प्राप्त करना है वह दिनांक 15.06.2023 से जिला उद्यान कार्यालय, सिमडेगा से आवेदन निःशुल्क प्राप्त कर आवेदन प्रपत्र में पूर्ण विवरण के साथ पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/**VLW/BTM/ATM**/वैज्ञानिक के द्वारा अनुशंसा कराते हुए दिनांक– 05.07.2023 संध्या 5:00 बजे तक जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा में जमा करेगें ताकि ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी अन्तर्गत आवेदक किसानों का पंजीयन कराते हुए बीज/सामग्री/अन्य का वितरण किया जा सके। अपूर्ण आवेदन प्रपत्र, लक्ष्य पूर्ण, निर्धारित तिथि के बाद एवं अन्य कारणों के उपरांत आवदेनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः–1. वित्तीय वर्ष 2023–24 मेंउद्यान निदेशालय अन्तर्गत सभी योजनाएँ **Block Chain Technology** के माध्यम से की जायेगी। **Block Chain** में निबंधित कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
2. पिछलें तीन वर्षो में जिन लाभुक एवं उनके परिवार का चयन नहीं किया गया हो केवल उनका चयन किया जायेगा।
3. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. **SC, ST** एवं **Small &Marginal farmers** का नियमानुसार चयन में प्राथमिकता दिया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को 30 प्रतिशत चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
5. टावेदक किसान के द्वारा आवेदन प्रपत्र के साथ आधार कार्ड एवं जमीन का रसीद/पर्चा का छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. टावेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर **BAO/BTM/ATM/** उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 300432 Agriculture(23-24)D
जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा।

### राज्यपाल सरायकेला में छात्र छात्राओं सहित एक पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों से की संवाद, बोले

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारत्मक बदलाव हो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन सोमवार को सरायकेला भ्रमण कार्यक्रम के तहत दो विद्यालयों के छात्र छात्राओं सहित एक पंचायत सचिवालय में स्थानीय ग्रामीणों सहित संवाद की। कुमार विजय प्रताप सिंहदेव राज्य संपोषित बालिका+2 उच्च विद्यालय सरायकेला के शिक्षकों एवं छात्राओं से संवाद किया। इस विद्यालय के लिए भूमि दान देने हेतु कुमार विजय प्रताप सिंहदेव के परिवार के प्रति उन्होंने कृतज्ञता अर्पित की। विद्यालय के आईसीटी लैब, लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की सराहना की। एक छात्रा ने संवाद के क्रम में उनसे सांसद एवं राज्यपाल के रूप में अपने अनुभव को साझा करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सांसद रहते किस प्रकार उन्होंने अपने क्षेत्र में जनता के लिए सड़क, बिजली, पानी,



शिक्षा, रोजगार इत्यादि सुलभ कराने कि दिशा में कार्य किया और कोयंबटूर से 6 अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन कराने की दिशा में अपनी भूमिका निभाई।

राज्यपाल के रूप में वे अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारत्मक बदलाव देखना चाहते हैं। इसलिए वे सुदूरवर्ती गाँवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद करते हैं व उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं। एक अन्य छात्रा के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि अपना कार्य बिना फल की चिंता करते हुए करें। प्रत्येक कार्य के लिए समय का निर्धारण करें।

संवाद करते हुए कहा कि उनके प्रेरणास्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं। इसी क्रम अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय सरायकेला में बच्चों के साथ संवाद किया एवं उनके मध्य खेल सामग्री वितरित की। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए प्रोटिनयुक्त भोजन का होना आवश्यक है। वह चाह रहे हैं कि 8वीं एवं 9वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भी सप्ताह में एक दिन अंडा एवं दो दिन दूध सुलभ हो, इसके लिए वे अपने भ्रमण के पश्चात समाज कल्याण विभाग के साथ एक बैठक करेंगे। ईटाकुदर गाँव में राज्यपाल ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि वे झारखंड के कई सुदूरवर्ती गाँवों में दौरा कर चुके है। संवाद के क्रम गाँव के मुखिया ने बताया कि उस गाँव के आजीविका का मुख्य स्रोत कृषि है। वहाँ के लोगों को मनरेगा योजना का लाभ के साथ विभिन्न आवास योजना के तहत आवास भी मिलता है। सर्वजन पेंशन, 100 यूनिट फ्री बिजली, जल-नल योजनाओं, अन्य योजनाओं के द्वारा पंचायत में कार्य किये जा रहे हैं, इसे एक आदर्श पंचायत बनाने हेतु प्रयास जारी है। मौके पर राज्यपाल द्वारा कई लाभुकों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण भी किया गया। सभी स्थानों पर गार्ड ऑफ ऑनर के बाद स्थानीय परंपरा के अनुसार राज्यपाल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अरवा राजकमल, पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

## गम्हरिया के डिवाइन एजुकेशन सेंटर में संचालित अपुर पाठशाला देगी नि:शुल्क बंगला शिक्षा



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन की ओर से बंगला भाषा व संस्कृति की रक्षा के लिए गम्हरिया के शिवपुरी कॉलोनी स्थित डिवाइन एजुकेशन सेंटर में संचालित अपुर पाठशाला बच्चो को बंगला भाषा की निःशुल्क शिक्षा देगी। सोमवार को इसका शुभारंभ क्षेत्र के संमाजसेवी राजू चौधरी, माया चक्रवर्ती और जॉय चक्रबर्ती ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रमुख विश्वनाथ घोष ने बताया कि यहां पांच वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को प्रत्येक रविवार को शिक्षक जयंत बोस द्वारा बंगला भाषा की निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। इस मौके पर करीब 50 बच्चों के बीच बंगला भाषा की वर्ण परिचय पुस्तक, कॉपी, कलम आदि वितरण किया गया। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद ममता बेज, पलाश हाजरा, रंजन डे, सुजाता हाज़रा, चैताली दास, पल्लव दलाल, शांतिलाल मुखर्जी, भास्कर दासगुप्ता, तपन दास, सपन सांतरा, चिन्मय पात्र, डॉ अंकुर पाल, सविता बक्शी, शिवानी मल्लिक, सुदीप्ता सिन्हा, मनोजित मल्लिक, सागर मोदक, बादल पाल उपस्थित थे।

## सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव की याद में कांदरबेड़ा में बंटा चना व शर्बत



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव के 417वीं शहीदी की याद में सिख समुदाय द्वारा चांडिल के कांदरबेड़ा में चना व शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर पर समुदाय के लोगों ने गुरु अर्जुन देव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित की। वहीं, समाजसेवा का संकल्प लिया। क्षेत्र के हजारों लोगों के बीच मीठे शर्बत व चना का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रधान भगवान सिंह ने कहा कि सिखों के पांचवें गुरु अर्जुनदेव जी के याद में हमारे समुदाय द्वारा जगह - जगह सेवा शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा की जा रही हैं। इस मौके पर मनजीत सिंह, चंचल सिंह भाटिया, सोमू सिंह, गुरुचरण सिंह बिल्ला, मानगो गुरुद्वारा प्रधान सुरजीत सिंह, जगजीत सिंग, मनदीप सिंह, गौरव सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक शाम मेधावी छात्रों के नाम में छात्र हुए सम्मानित



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जगन्नाथपुर, पूंजीडूंगरी स्थित काली मंदिर परिसर में बीस सूत्री प्रखंड कमेटी सदस्य गौरीशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक शाम मेधावी छात्रों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं गुलाब फूल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजक गौरीशंकर प्रसाद ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी प्रमिला कुमारी तथा बतौर विशिष्ट अतिथि प्रखंड के बीसीओ सुनील कुमार चौधरी, जगन्नाथपुर पंचायत की वार्ड सदस्य रानी गुप्ता, वीरेंद्र राय, ग्राम प्रधान विनोद महतो आदि उपस्थित थे। उन्होंने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा गम्हरिया में केक काटकर पार्टी के राष्ट्रीय नेता सह पूर्व लोकसभा सदस्य राहुल गांधी का 53वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुलकान्त झा ने किया। इस मौके पर नन्हे-मुन्हे बच्चों के बीच केक व कॉपी, पेंसिल का वितरण किया गया।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस नेता बब्लू झा ने बच्चों संग काटा केक, बांटा पुस्तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर एवम वरिष्ठ नेता पी.एन.झा के निर्देशानुसार देशवासियों की आवाज को निडरता से उठाने वाले, भारत जोड़ो यात्री राहुल गांधी का जन्मदिन पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बब्लू झा के द्वारा बारीडीह बस्ती में केक काट पुस्तक वितरण किया गया।



वहीं सैकड़ो नन्हे मुन्ने बच्चो के द्वारा केक काट कर राहुल जी के तस्वीर को केक खिलाते हुए बच्चो ने उन्हें पुरे उत्साह के साथ गगन्चुम्भि नारों के साथ जन्मदिन की बधाई दी। मौके पर बब्लू झा ने कहा की राहुल जी की विचारधारा से प्रेरित जहां नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का प्रयास किया जा रहा है। जिस तरह राहुल जी देश की समस्या को निर्भीक बेबाक तरीके से उठाते है उसी तरह बगैर डरे हुए बब्लू झा भी आम लोगों की रोजमर्रा की आवाज उठायेंगे। श्री झा ने कहा की शिक्षा ही समाज का दिशा और दशा तय करता है। इस कार्यकर्म में शशि भूषण, अजितेश् उज्जैन, अमित दुबे, अंकित ,अमित कुमार, रोशन चौधरु विष्णु ठाकुर, धीरज कुमार ,गोल्लू कर्ण, मंडल जी, मुन्ना कुमार, जीवन व अन्य उपस्थित हुए।

### पेयजल संकट दूर करवाने के लिए बोड़ाम बीडीओ से मिले भाजपा नेता विमल बैठा

**पटमदा : भीषण गर्मी में ग्रामीणों के बीच उत्पन्न पेयजल संकट को दूर करने के लिए भाजपा नेता विमल बैठा सोमवार को बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज से कार्यालय में मुलाकात की। भाजपा नेता बैठा ने करीब एक महीने पहले प्रखंड के विभिन्न गांवों में खराब पड़े 10 चापाकल व जलमीनारों का मरम्मत हेतु बीडीओ को एक मांगपत्र सौंपा था और उस आवेदन पर अब तक कितने चापाकल व जलमीनारों को दुरुस्त किया गया है उस पर जानकारी प्राप्त की। बीडीओ ने विमल को मरम्मत कार्य किये गए ।**

## जे पी स्कूल संकोसाई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जे पी स्कूल संकोसाई जय प्रकाश नगर में योग अभ्यास की तैयारियां शुरू कर दी गई है ,इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाए ,छात्र छात्राओं के साथ अभिभावकों ने भाग लिया तथा योग अभ्यास किया, अंतर्राष्ट्रीय दिवस के प्रोटोकोल के आधार पर प्रतिक्षण दिया गया, योगाचार्या अर्जुन शर्मा,तथा सहायक योग शिक्षक आर बी निराला ने अभ्यास करने के साथ योग से होने वाले लाभ को भी बताया, योग जिंदगी जीने की कला है , योग करने से डिप्रेशन,माइग्रेन पेन,स्थामा,हृदय रोग,जैसे जटिल बीमारियों से बचा जा सकता है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आस्था स्पेस टाउन के मैदान (नजदीक गंगा हॉस्पिटल ) में बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा जिसमे 1000 साधक भाग लेंगे,इसके अलावे अन्य जगहों पर आयोजित की गई है ।

## विराट कवि सम्मेलन मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल में संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची में विराट कवि सम्मेलन मोती लाल नेहरु पब्लिक स्कूल में सेक्रेटरी डी पी शुक्ल के सौजन्य से भव्यतापूर्ण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन और अध्यक्षता जमशेदपुर की कवयित्री निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी ने किया। मुख्य अतिथि जूही समर्पिता, विशिष्ट अतिथि मंजू ठाकुर एवं पूर्वी घोष थी। इस कवि सम्मेलन के मुख्य आकर्षण मैनपुरी यूपी एवं प्रयागराज से आए सुशील शुक्ल हर्ष रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में संयोजन राँची की मशहूर और प्रतिष्ठित गजलकारा शालिनी शहबा और मीनाबंधन, अंकिता सिन्हा लक्ष्मी सिंह रूबी, अंकिता एवं संतोष कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से कवयित्री निवेदिता ने की और स्वागत उद्बोधन कर सभी साहित्यकारों और शहर के सभी



प्रतिष्ठित श्रोताओं का अभिनंदन किया। सर्वप्रथम शहर के सभी वरिष्ठ साहित्यकारों एवं पूर्व सैनिकों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।मंच पर नवीन कलमकार लक्ष्मी सिंह के द्वारा प्रस्तुति दी गई। फिर एक के बाद एक साहित्यकार बेहतरीन प्रस्तुति देते रहे। राँची से आई कवयित्री मीनाबंधन ने श्रृंगार की कविता÷ये बताने से मैं तो... प्यार मैं आप ही से करती हूँ÷। यू. पी. से आये मनोज चौहान ने ओज की कविताओं से सबके दिलों में राष्ट्र प्रेम की भावना से भर दिया। राँची की मशहूर ग़ज़लकारा शालिनी शह्बा ने अपनी गजल...... से नौजवनों के बीच प्रेम की रसधार बहा दी। प्रयागराज से आये सुशील शुक्ल हर्ष ने ओज से नौजवानों को देशभक्ति भावना से ओतप्रोत कर दिया। हरियाणा से आये शायर वसीम राजा ने अपनी गजल से शमां बाँध दिया। कवियित्री निवेदिता श्रीवास्तव ने अपने गीत गजल से श्रोताओं का मन मोह लिया। कवि दीपक वर्मा ने बेहतरीन मंच का संचालन कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आये साहित्यकारों में राँची से चंदन प्रजापति, जमशेदपुर से संतोष चौबे, अंतर्राष्ट्रीय कवियित्री अंकिता सिन्हा, पलामू से किरण राज ने अपनी कविताओं से कार्यक्रम को उत्कृष्टता प्रदान की। अंत में कवियित्री मीनाबंधन ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

## आंधी तूफान से सड़क पर पेड़ गिरने से खरसावां कुचाई मुख्य मार्ग रहा जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** सोमवार को शाम 4 से 5 बजे के बीच जोरदार आंधी तूफान चलने से कुचाई के बयांग में कुचाई खरसावां मुख्य मार्ग के बीचो-बीच बड़ा पेड़ गिर गया। जिससे आवागमन में बाधित हो गई। पेड़ ऐसे गिरा की बयांग विद्यालय के समीप लगा जलमीनार को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे जल मीनार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया। वहीं दो टाली का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। मालूम हो कि सोमवार को कुचाई सप्ताहिक बाजार लगा रहने से लोगों की सिलसिला जारी था। सड़क के बीचो बीच पेड़ गिरा रहने से लगभग 1 से 2 घंटा लोगों को आना-जाना करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं चारपहियों वाहन की आवागमन बाधित रही।

## दो दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस प्रतियोगिता सह मेला संपन्न

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत के सुराबेड़ा गांव में कर्तव्य मेला समिति के द्वारा दो दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन काफी धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। मेला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक दशरथ गागराई की पत्नी बासंती गागराई विशिष्ट अतिथि तिलोपदा पंचायत के मुखिया राम सोय ने विधिवत फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। मौके पर श्रीमती गागराई ने कहा कि सांस्कृतिक से हमारी पहचान है। हमें इसे बचाए रखने की जरूरत है। वहीं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्की डांस ग्रुप द्वितीय स्थान रायजामा डांस ग्रुप एवं तृतीय स्थान पुनिबुडी डांस ग्रुप को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।



## ह्यूमन वेलफेयर की महिला विंग ने राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की महिला विंग के द्वारा गर्मी को देखते हुए मानगो स्थित केरला पब्लिक स्कूल के पास राहगीरों के बीच शरबत और ठंडे पानी का वितरण किया। कार्यक्रम को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की महिला विंग के सदस्यों द्वारा सफल बनाने में मुख्य रूप से नसीमा खातून, सजदा बेगम, बिलकीस परवीन, शमशाद बेगम, शहनाज और महजबीन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं इस कार्यक्रम के आयोजन में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अभिभावक आसिफ अखूतर, अध्यक्ष मतिनुल हक अंसार, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, केरला पब्लिक स्कूल के प्रेम नायर, डॉ ताहिर हुसैन, शाहिद परवेज, मोइनुद्दीन अंसारी, अजीज हसनैन, मेहबूब आलम, इंजीनियर फिरोज असलम, शमशेर आलम, मोहम्मद हुजैफा आलम, डायरेक्टर अल्फा इंटरनेशनल स्कूल जयनगर कोडरमा और शमीम खान ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।



## मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय बैठक में संगठन और समाज को मजबूत बनाने का निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की नवम कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में अनुशासन समिति के चेयरमान की नियुक्ति, संगठन को मजबूत बनाना, समाज के लोगो के लिए शिक्षा, रोजगार की व्यवस्था करना, भविष्य के कार्यकम, प्रांतीय कार्यकम संबंधित विषयो पर चर्चा करते हुए समाजहित में काम करने का निर्णय लिया गया। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा के आतिथ्य में रविवार को आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने की। इस बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया, पूर्व



प्रांतीय अध्यक्ष गोविन्द मेवाड़, नंदकिशोर अग्रवाल, स्थायी आमंत्रित सदस्य विजय आनंद मूनका, विमल रिंगासिया समेत पुरे प्रान्त से करीब 40 युवा साथियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में बतौर अतिथि समाजसेवी अरुण बाकरेवाल भी उपस्थित थे। प्रांतीय बैठक का संचालन प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया द्वारा दिया गया। बैठक के उपरांत शाखा द्वारा फादर्स दे के अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी समेत 50 देवता तुल्य पिताओं ने अपने बच्चो के साथ भाग लिया। सभी पिताओं को शाखा द्वारा एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## पटमदा में ग्राम प्रधान संघ भवन निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के बेलटांड़ बिरसा चौक स्थित जर्जर हो चुके तहसील कचहरी भवन को तोड़कर विधायक निधि से भव्य ग्राम प्रधान संघ भवन पटमदा का निर्माण होगा। सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने प्रखंड के सभी ग्राम प्रधानों की उपस्थिति मे शिलान्यास किया। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास, सचिव मृत्युंजय महतो व सुधीर चंद्र माझी ने कहा कि मंगल कालिंदी ही एक ऐसा विधायक है, जिन्होंने ग्राम प्रधानों का बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने का काम किया है। कहा कि ग्राम प्रधानों का सभी प्रकार कार्य अब इस भवन से निष्पादित होगा। जेई विजय भूषण ने बताया कि भवन का निर्माण 15 लाख से कम में रुपये में होगा। इस दौरान ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास, सचिव मृत्युंजय महतो, सुधीर चंद्र माझी, संदीप मिश्रा, मुचीराम कुंभकार, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, कालीपद महतो, अश्विनी दास आदि मौजूद थे।



## मुख्य अभियंता के विरुद्ध कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, भीषण गर्मी में बैठे धरना पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर स्थित स्वर्णरेखा ईचा गालूडीह कॉम्लेक्स परिसर में सोमवार को कर्मचारियों ने मुख्य अभियंता के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। मुख्य अभियंता विरोध को देखते हुए कार्यालय से नदारद रहे। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विमल सिंह धरना के नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ईचा गालूडीह कॉम्प्लेक्स के मुख्य अभियंता नियम कानून को ताक पर रखकर वरीयता सूची में पत्राचार लिपिक और भंडारपाल को एक साथ करके गलत किये है। कर्मचारियों की मांग है कि नील



चित्रक से अनुरेखक एवं अनुरेखक से प्रारूपकार कोटि 2 में देय तिथि से प्रोन्नति दें, सभी वर्गों के लिपिकों की लंबित प्रोन्नति शीघ्र दी जाए। इधर मांगों की पूर्ति नहीं होने पर जोरदार आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार हो रही है। धरना में मौजूद सभी कर्मचारी मुख्य अभियंता के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते दिखे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

रांची, मंगलवार, 20 जून 2023 | पेज 6


## संपादकीय

# क्रोध में है समंदर

**चक्रवाती** तूफान के रूप में 'बिपरजॉय', अर्थात आपदा, आई और अपना रौद्र रूप दिखा कर गुजर गई, लेकिन गुजरात के तटीय इलाकों में 'काले-लाल निशान' छोड़ गई। आज हम एक राष्ट्र के तौर पर महातूफानों से लडने में सक्षम हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमें सटीक चेतावनियां देती रही हैं, लिहाजा बंदोबस्त भी पुख्ता किए जा रहे हैं। अरब सागर अमूमन शांत समंदर रहा है, लेकिन अब उसका तापमान बढ़ रहा है। वह क्रोध में है। यह भी जलवायु परिवर्तन का एक घातक प्रभाव है। नतीजतन अरब सागर से उठने वाले तूफानों में 3 गुना बढ़ोतरी हुई है और वे संहारक साबित हुए हैं। मौसम विभाग का आकलन है कि 'बिपरजॉय' अभूतपूर्व तूफान था। उसके फलितार्थ अभी सामने आने हैं। वे जलवायु, पर्यावरण, मॉनसून संबंधी बेहद महत्त्वपूर्ण फलितार्थ होंगे। गनीमत है कि चेतावनियों से सावधान होकर गुजरात सरकार ने एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक शिफ्ट कर दिया था। उनके आवास, खाने-पीने का बंदोबस्त सरकार ने ही किया। सैकड़ों गर्भवती महिलाओं को अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया। नतीजतन करीब 125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं का महातूफान किसी इनसानी जिंदगी को नहीं लील सका। भावनगर में पिता-पुत्र की मौत जरूर हुई, लेकिन उसके कारण भिन्न थे। चक्रवाती तूफान में हजारों पेड़ जमींदोज हो गए। कुछ पेड़ तो सदियों पुराने थे। कई कच्चे घर 'मलबा' हो गए। बिजली के 3672 खंभे मुड़ गए और टूट कर गिर पड़े। यह आंकड़ा बीती रात 9.30 बजे तक का है। जाहिर है कि आंकड़े ज्यादा होंगे! संचार के टॉवर ध्वस्त हो गए। तटीय इलाकों के 940 गांवों की बिजली गुल कर दी गई थी, ताकि किसी भी बड़ी त्रासदी से बचा जा सके, लिहाजा गुरुवार की रात्रि लंबी, काली और डरावनी रही। सन्नाटा और अंधेरा....सिर्फ समंदर की 9 मीटर तक उछलने वाली लहरों का भयावह शोर..! बेशक 22 लोग घायल हुए और 23 मवेशियों की मौत हो गई, लेकिन फिर भी हम ईश्वर की कृपा मानेंगे कि गुजरात पर त्रासदी के मंजर नहीं बन पाए। विनाश कितना व्यापक हुआ है और नुकसान कितना हुआ है, तबाही कितनी ज्यादा है और मछुआरों की संपदा नावों का क्या हुआ है, ऐसे आकलन सरकार अभी करेगी, लेकिन यह तय है कि हम आपदाओं को खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि समंदर का क्रोध बढ़ता जा रहा है। बंगाल की खाड़ी का औसतन तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने लगा है, नतीजतन सालाना 5-6 महातूफान हमें झेलने ही पड़ेंगे। गुजरात के अलावा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी चक्रवाती तूफानों की आपदा बनी रहती है। फिलहाल तूफान दक्षिण राजस्थान की तरफ गया है। अभी तेज बारिश हो रही है। भगवान जाने यह पानी कैसा रूप धारण करेगा। इस तूफान ने मॉनसून की गति को रोक दिया था। माना जा रहा है कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 54 फीसदी बारिश कम होगी। देश भर में 30 फीसदी से अधिक बरसात कम हो सकती है। जाहिर है कि इसका प्रभाव मौसम, पर्यावरण और कृषि पर पड़ेगा। तूफान का असर महाराष्ट्र, गोवा, पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों, राजस्थान पर पड़ेगा। इस चक्रवाती तूफान का दायरा 300-350 किमी बताया गया है, लेकिन सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में ही करीब 1 लाख वर्ग किमी का इलाका प्रभावित होगा। सौराष्ट्र में मई, 2021 में जो चक्रवाती तूफान आया था, उसमें कमोबेश 50 लोग मारे गए थे। 1998 का महातूफान तो काफी विनाशकारी था, जिसमें हजारों लोग हताहत हुए थे। दरअसल जलवायु परिवर्तन और चक्रवात को भी हम ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते और सिर्फ मौसम से जोड़ कर देखते रहे हैं, लेकिन ऐसे महातूफान सिर्फ इनसानी जिंदगी ही नहीं, सार्वजनिक संपत्तियों और निजी आशियानों को भी बर्बाद करते हैं। उनकी भरपाई इतनी आसान नहीं है। समंदर का तापमान भी न बढ़े और पानी की ऊपरी सतह भी ज्यादा गर्म न हो, यह इनसान के वश में नहीं है।


अरब सागर अमूमन शांत समंदर रहा है, लेकिन अब उसका तापमान बढ़ रहा है। वह क्रोध में है। यह भी जलवायु परिवर्तन का एक घातक प्रभाव है। नतीजतन अरब सागर से उठने वाले तूफानों में 3 गुना बढ़ोतरी हुई है और वे संहारक साबित हुए हैं। मौसम विभाग का आकलन है कि 'बिपरजॉय' अभूतपूर्व तूफान था। उसके फलितार्थ अभी सामने आने हैं। वे जलवायु, पर्यावरण, मॉनसून संबंधी बेहद महत्त्वपूर्ण फलितार्थ होंगे। गनीमत है कि चेतावनियों से सावधान होकर गुजरात सरकार ने एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक शिफ्ट कर दिया था। उनके आवास, खाने-पीने का बंदोबस्त सरकार ने ही किया। सैकड़ों गर्भवती महिलाओं को अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया। नतीजतन करीब 125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं का महातूफान किसी इनसानी जिंदगी को नहीं लील सका।


## हम नियमित रूप से योग करेंगे तो निश्चित तौर पर यदि पूरी तरह से नहीं तो कुछ न कुछ लाभ तो अवश्य मिलेगा

# योग करना किसी वरदान से कम नहीं

नरेंद्र कुमार शर्मा


21 जून 2015 को भारत सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। आजकल भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में लोग इससे होने वाले लाभ से भली-भांति परिचित हैं और पूरे विश्व में अधिकतर लोग नियमित रूप से योग करते हैं। योग तो प्राचीनकाल से ही भारत में किए जाते हैं, लेकिन इसको घर-घर तक पहुंचाने का काम योग गुरु बाबा रामदेव ने किया। आज टेलीविजन पर प्रतिदिन बाबा रामदेव को योग करते हुए देखा जा सकता है और उसे किस प्रकार किया जाए, यह भी बताया जाता है ताकि कोई भी व्यक्ति गलत ढंग से योग की क्रियाओं को न करे, क्योंकि योग को सही ढंग से करने से ही इसका उचित लाभ मिलता है।


**21** जून को पूरे विश्व में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 21 जून 2015 में की गई। भारत में प्राचीनकाल से ही योग की क्रियाएं की जाती रही हैं व इसका महत्व भी बताया जाता रहा है। लेकिन 21 जून 2015 को भारत सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। आजकल भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में लोग इससे होने वाले लाभ से भली-भांति परिचित हैं और पूरे विश्व में अधिकतर लोग नियमित रूप से योग करते हैं। योग तो प्राचीनकाल से ही भारत में किए जाते हैं, लेकिन इसको घर-घर तक पहुंचाने का काम योग गुरु बाबा रामदेव ने किया। आज टेलीविजन पर प्रतिदिन बाबा रामदेव को योग करते हुए देखा जा सकता है और उसे किस प्रकार किया जाए, यह भी बताया जाता है ताकि कोई भी व्यक्ति गलत ढंग से योग की क्रियाओं को न करे, क्योंकि योग को सही ढंग से करने से ही इसका उचित लाभ मिलता है। सभी लोगों के लिए एक ही प्रकार के योगाभ्यास नहीं होते हैं। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए अलग-अलग तरह के योग किए जाते हैं। इसकी जानकारी होना बहुत आवश्यक है अन्यथा बिना जानकारी के फायदे की जगह नुकसान भी हो सकता है। इसके लिए किसी प्रशिक्षित योग गुरु से प्रशिक्षण लिया जा सकता है। योग गुरु बाबा रामदेव के अलावा और भी कई योग गुरु हैं जो समय-समय पर मीडिया के द्वारा योग किस प्रकार किया जाए और किस बीमारी के लिए कौन सा योग किया जाए, यह बताते रहते हैं। आजकल बहुत से लोग केवल एलोपैथिक दवाओं पर ही निर्भर रहते हैं। उन्हें दवाओं के साथ-साथ किसी योग गुरु से प्रशिक्षण लेकर या टेलीविजन पर प्रसारित योगाभ्यास से सीखकर अपनी बीमारी के अनुसार योग करना चाहिए ताकि उन्हें उचित लाभ प्राप्त हो सके। यदि हम नियमित रूप से योग करेंगे तो निश्चित तौर पर यदि पूरी तरह से नहीं तो कुछ न कुछ लाभ तो अवश्य मिलेगा। इससे दवाइयों पर हमारी निर्भरता कम होगी। कई लोगों को योग से पूरी तरह से ठीक होते देखा गया है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारे पास समय की कमी है लेकिन जान है तो सब कुछ है अन्यथा जीवन नीरस बनकर रह जाएगा। इस जीवन का सही आनंद लेने के लिए स्वस्थ होना बहुत आवश्यक है। अतः हमें अपने व्यस्त समय में से कुछ मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए



भी अवश्य निकालने चाहिए। किसी भी देश की उन्नति में स्वस्थ नागरिकों का होना बहुत आवश्यक है। शरीर स्वस्थ होगा तभी तो इनसान मानसिक रूप से स्वस्थ होगा। यह संसार बहुत सुंदर है, लेकिन इसका आनंद लेने के लिए तन और मन का स्वस्थ होना बहुत आवश्यक है, जिसे हम नियमित दिनचर्या व योग करके ही प्राप्त कर सकते हैं। तनाव में रहना एक आम समस्या बन चुकी है। आजकल बहुत से लोग विशेषकर युवावर्ग तनाव की समस्या से जूझ रहा है और कई बार देखा गया है कि युवा लोग इस तनाव की वजह से आत्महत्या तक कर बैठते हैं। युवा किसी भी देश का भविष्य है। अतः युवावर्ग को तनाव से मुक्ति पाने के लिए नियमित रूप से योग व ध्यान करना चाहिए। योग करने से तनाव कम होता है। आजकल पूरा विश्व मोटापे की समस्या से जूझ रहा है। इसके लिए योग करना बहुत लाभप्रद सिद्ध हो सकता है, क्योंकि योग वजन कम करने में मददगार साबित हो सकता है। योग करने से दिमाग भी तेज होता है तथा विभिन्न प्रकार के दर्द से भी छुटकारा मिल जाता है, बशर्ते इसे नियमित तौर पर किया जाए। वर्ष 2023 में योग दिवस का थीम मानवता है। हर वर्ष योग दिवस के अलग अलग थीम होते हैं। इस वर्ष के मानवता के थीम से तात्पर्य पूरे विश्व में लोगों को एक दूसरे के नजदीक लाना है। वैसे भी जब इन्सान स्वस्थ होगा तभी तो उसके अंदर मानवता कूट-कूट कर भरी हुई होगी। योग हमारी प्राचीन धरोहर है। इसको संजोकर रखना हमारा कत्र्तव्य है। जिस देश ने सारी दुनिया को योग का पाठ पढ़ाया उस देश में योग का प्रचार प्रसार करना बहुत ही आवश्यक है ताकि हमारी आने वाली पीढियां भी निरंतर योग व प्राणायाम को करती रहें, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण हो। जो प्रणाली हमारे समाज को बिना दवाई के स्वस्थ रखे उसको अपने जीवन में आत्मसात करने से परहेज क्यों। योग करने से किसी प्रकार का कोई खर्च नहीं होता। दिन की शुरुआत ही हमें योग से करनी चाहिए ताकि सारा दिन तरोताजा महसूस करें। पाठशालाओं में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के समय निरंतर योग करवाना चाहिए जिससे बच्चों में छोटी आयु में ही योग करने की आदत पड़ जाए। इसके लिए हर पाठशाला में नहीं तो कम से कम खंड स्तर पर योग शिक्षक रखे जाएं जो समय समय पर पाठशालाओं में जाकर योग व प्राणायाम की क्रियाओं को करवाएं। इससे पाठशालाओं में नियुक्त अध्यापक भी इन क्रियाओं को सीख जाएंगे और वे बच्चों को इसका निरंतर अभ्यास करवाने में सक्षम होंगे। इस प्रकार योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन जाएगा। जब कोई अच्छी बात हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन जाती है तो इसके सकारात्मक परिणाम आते हैं और जीवन सुखमय बन जाता है। बुरी आदतें हमें बड़ी जल्दी जकड़ लेती हैं और हमारा जीवन बर्बाद हो जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि हम योग को अपने जीवन में अपनाएं और बुरी आदतों से बचे रहें। जब हम अच्छी आदतों को अपनाते हैं तो बुरी आदतें अपने आप ही छूट जाती हैं। योग एक ऐसी क्रिया है जिसे करने से हमारे जीवन में स्वस्थ रहने के साथ-साथ पूरे परिवार में खुशियों का माहौल बनता है क्योंकि परिवार का एक भी आदमी अस्वस्थ होगा या किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाएगा तो पूरे परिवार का जीवन कष्टमय हो जाएगा। योग दिवस पर हम केवल औपचारिकता भर के लिए योग न करें, बल्कि इसको निरंतर करें और स्वस्थ तथा अच्छे जीवन की कामना करें। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग होता है।

# क्या विपक्षी एकता को कांग्रेस कुर्बानी देगी?


भाजपा से मुकाबले में वोटों के बिखराव को रोकने के लिए विपक्षी दल कांग्रेस को भी अपने जनाधार वाले राज्यों से चुनावी मैदान से हटाने चाहते हैं। ऐसे में विपक्षी एकता के लिए 23 जून को नीतीश कुमार के आह्वान पर पटना में होने वाली बैठक में एकराय कायम करने का मामला खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। गौरतलब है कि हिमाचल और कर्नाटक का चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस के मंसूबे सातवें आसमान पर हैं। कांग्रेस को भी अंदाजा है कि भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के प्रभाव वाले राज्यों में चुनाव लड़े बगैर केंद्र में सरकार बनाने और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता। कांग्रेस ने बेशक अपनी महत्वाकांक्षा का खुलकर इजहार नहीं किया है, किन्तु उसके इरादों से साफ जाहिर है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। विपक्षी दल चाहते हैं कि कांग्रेस को सिर्फ उन्हीं 200 संसदीय सीटों पर फोकस करना चाहिए जहां बीजेपी से उसका सीधा मुकाबला है। विपक्ष की शर्तों पर कांग्रेस राजी नहीं है।


**विपक्षी** दल आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस की कुर्बानी चाहते हैं। कांग्रेस इस एकता के पीछे छिपे विपक्षी दलों के अपने राज्यों में अकेला रहने की नीयत को अच्छी तरह पहचानती है। इस एकता की कवायद को लेकर विपक्षी दलों की हालत इधर कुआं और उधर खाई जैसी हो गई है। विपक्षी दलों को भाजपा के साथ ही कांग्रेस से भी खतरा है। भाजपा से मुकाबले में वोटों के बिखराव को रोकने के लिए विपक्षी दल कांग्रेस को भी अपने जनाधार वाले राज्यों से चुनावी मैदान से हटाने चाहते हैं। ऐसे में विपक्षी एकता के लिए 23 जून को नीतीश कुमार के आह्वान पर पटना में होने वाली बैठक में एकराय कायम करने का मामला खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। गौरतलब है कि हिमाचल और कर्नाटक का चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस के मंसूबे सातवें आसमान पर हैं। कांग्रेस को भी अंदाजा है कि भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के प्रभाव वाले राज्यों में चुनाव लड़े बगैर केंद्र में सरकार बनाने और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता। कांग्रेस ने बेशक अपनी महत्वाकांक्षा का खुलकर इजहार नहीं किया है, किन्तु उसके इरादों से साफ जाहिर है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। विपक्षी दल चाहते हैं कि कांग्रेस को सिर्फ उन्हीं 200 संसदीय सीटों पर फोकस करना चाहिए जहां बीजेपी से उसका सीधा मुकाबला है। विपक्ष की शर्तों पर कांग्रेस राजी नहीं है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए हो रही विपक्षी एकता के मसले पर जो बात ममता कह रही हैं वही अखिलेश और केसीआर भी कह रहे हैं कि जहां पर जो दल मजबूत है, वो चुनाव लड़े और विपक्ष के बाकी दल उसे समर्थन करें। लेकिन कांग्रेस इस पर रजामंद नहीं है। कांग्रेस को पता है कि जहां भाजपा से सीधा मुकाबला है, वहां तीसरा मजबूत दल नहीं है। इसलिए विपक्ष की यह खैरात कांग्रेस को पसंद नहीं है। इन सीटों पर अन्य दल चाह कर भी कांग्रेस और भाजपा के बीच आकर मुकाबले त्रिकोणीय या बहुल नहीं बना सकते, ऐसे में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के आधार वाले राज्यों में चुनाव नहीं लडने की शर्त को कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। कांग्रेस उन 200 लोकसभा सीटों पर तो चुनाव लडना चाहती है जिस पर उसे सीधे बीजेपी से लडना है। इसके साथ-साथ कांग्रेस की नजर उन राज्यों की सीटों पर भी है, जहां भाजपा के मुकाबले क्षेत्रीय दल मजबूत हैं। लेकिन क्षत्रप अपने राज्यों में कांग्रेस को स्थान नहीं देना चाहते हैं, क्योंकि उनका सियासी आधार कांग्रेस की जमीन पर खड़ा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव समेत तमाम विपक्षी दल के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस उनके प्रभाव वाले राज्यों से चुनाव नहीं लड़े, ताकि भाजपा से सीधे मुकाबले में वोटों का बंटवारा नहीं हो। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि हमने अनुमान लगाया है कि कांग्रेस 200 सीटों पर मजबूत है। अगर कांग्रेस कुछ अच्छा चाहती है तो कुछ जगहों पर त्याग भी करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश (सपा) को प्राथमिकता देनी होगी। ममता ने दूसरे राज्यों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, झारखंड, पंजाब, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाली पार्टियों को प्राथमिकता देनी चाहिए। बिहार में नीतीश, तेजस्वी और कांग्रेस साथ हैं तो वे फैसला ले सकते हैं। विपक्षी दलों को लगता है कि कांग्रेस उनके प्रदेश में अगर मजबूत होती है, तो भविष्य में उनके लिए ही चिंता बढ़ा सकती है। इसीलिए विपक्षी दल कांग्रेस को उन्हीं सीटों के इर्द-गिर्द रखना चाहते हैं, जहां उसका मुकाबला सीधा भाजपा से है। कांग्रेस इस बात को समझती है कि केंद्र की सत्ता दोबारा से हासिल करनी है तो उसे पहले राज्यों में मजबूत होना होगा, इसीलिए कांग्रेस विपक्षी एकता से ज्यादा फोकस राज्यों के चुनाव पर कर रही है ताकि पहले खुद मजबूत हो ले। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा कांग्रेस को सुझाई जा रही 200 सीटों के नतीजों को देखें तो बीजेपी 178 सीटें जीतने में सफल रही थी। कांग्रेस को महज 16 सीटें मिली थीं। 6 सीटें अन्य के खाते में गई थीं। इससे पहले वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में इन 200 सीटों में से बीजेपी 168 सीटें जीतने में कामयाब रही थी और कांग्रेस को सिर्फ 25 सीटें मिली थीं। इसके अलावा 7 सीटें दूसरे दलों ने जीती थीं। कांग्रेस-विपक्षी दल के अपने-अपने मकसद हैं। यूपी में सपा और बसपा का सियासी आधार आज वही है जो कभी कांग्रेस का हुआ करता था। इसी तरह बंगाल में ममता बनर्जी भी कांग्रेस की जमीन पर ही खड़ी हैं। लोकसभा चुनाव के नजरिये से उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर गुजरता है। इसका कारण है कि यहां सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटें हैं। जो पार्टी जितनी ज्यादा सीटों पर कब्जा जमा लेगी वही केंद्र में सरकार बनाने में मजबूत रहेगी। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश से दूर रहे। कांग्रेस किसी भी सूरत में उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़े बगैर नहीं रह सकती है। कांग्रेस का राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने और केंद्र में गठबंधन सरकार में मुख्य भागीदारी का सपना उत्तर प्रदेश के बगैर पूरा नहीं हो सकता। कांग्रेस और बीजेपी के बीच ज्यादातर सीधा मुकाबला उत्तर भारत के राज्यों में है। मध्य प्रदेश (29), कर्नाटक (28), राजस्थान (25), छत्तीसगढ़ (11), असम (14), हरियाणा (11), हिमाचल (4), गुजरात (26), उत्तराखंड (5), गोवा (2), अरुणाचल प्रदेश (2), मणिपुर (2), चंडीगढ़ (1), अंडमान और निकोबार (1) और लद्दाख (1) में लोकसभा सीट है। इस तरह ये 162 लोकसभा सीटें होती हैं जहां पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच ही मुकाबला होना है। वहीं 38 लोकसभा सीटें उन राज्यों की हैं जहां क्षेत्रीय दल मजबूत स्थिति में हैं, लेकिन इन सीटों पर मुकाबला कांग्रेस से होता है। इस फेहरिस्त में पंजाब की कुल 13 सीटों में से 4, महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 14, यूपी की 80 में 5, बिहार की 40 में से 4, तेलंगाना की 17 में से 6 और 5 सीटें आंध्र प्रदेश और केरल की हैं। कर्नाटक के बाद अब मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव नतीजों के वोटिंग ट्रेंड का आकलन करते हैं तो राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से सिर्फ बीजेपी को 4 सीटों पर बढ़त मिली है जबकि 21 सीटों पर कांग्रेस आगे रही है। इन राज्यों के चुनाव नतीजों को 2024 के लोकसभा चुनाव से जोडक़र देखा जाएगा।

## देश दुनीया से

# परेशानियां कम करने के उपाय

**ज़िंदगी** में सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन समस्याएं कम नहीं होती, बिल्कुल उसी तरह जैसे दवाइयां बढ़ती जाती हैं मगर बीमारियां कम नहीं होती। परेशानियों के आकार और प्रकार बढ़ते जा रहे हैं। दुखी करने वाली किसी भी तरह की व्यवस्था को पटरी पर समझने का उचित प्रयास यही है कि अपनी आंखें उस तरफ न ले जाएं, अपने मन को शांत रखने का प्रयास करें या फिर अगर हो सके तो कुछ दिनों के लिए घूमने चले जाएं। वैसे भी हमारे समाज के लोग दीर्घकालीन समाधान की प्रतीक्षा नहीं करते। उनकी यह प्रवृत्ति अभी तक बदली नहीं है। अगर इस आदत को बदलने की कोशिश की गई और गलती से बदल दिया गया तो भविष्य, बदबू भरी मुश्किलों के ढेर जैसा हो सकता है। इसलिए जब भी मौका मिले, कुछ दिनों की छुट्टी कर लेनी चाहिए। गरमी, बरसात, सर्दी या पतझड़ हो, छुट्टी की घोषणा व्हाट्सऐप से भेज देनी चाहिए। थोड़ी परेशानी तो है कि एक बार में केवल पांच लोगों को सूचित कर सकते हैं। इसके लिए एक बंदा या बंदी रख लें ताकि राष्ट्रीय बेरोजगारी भी कुछ कम हो। सामाजिक सहयोग करना चाहें तो शहर में पानी की कमी के दौरान पार्षद के माध्यम से सभी घरों में पानी की एक-एक बोतल भिजवा दें। स्कूल में कम उम्र के विद्यार्थियों की क्लास की छुट्टी कर दें। इससे अध्यापक भी खुश होंगे और बच्चे जल्दी घर पहुंच जाने से अभिभावक भी। शहर में बार-बार जाम लगता हो तो सबसे पहले आपातकालीन बैठक बुलाएं, उसमें भी चाय-पानी-खाने का प्रबंध बढिया करें ताकि विचार विमर्श बेहतर हो। बैठक में सबसे पहले यह फैसला कर लें कि अगली बैठक कब और कहां होनी है ताकि जिस व्यक्ति ने उस बैठक में न आना हो, योजना बना ले। बैठकों में फालतू नेता को अध्यक्ष जरूर बनाते रहें ताकि अखबारों और सोशल मीडिया में कवरेज अच्छी हो जाए। ज़रा ज़रा सी बात पर छुट्टी कर देने का बड़ा फायदा रहता है। ट्रैफिक कम तो गाडियां कम, यानी जाम कम। बंदे लेट नहीं होंगे बॉस खुश। ड्राइवर्स को भी आराम। रोज़ दबाव सहने वाली, बेचारी सडक़ों और ज़ख्मी गड्ढों को राहत रहेगी। पुलिसवालों को भी थोड़ा आराम मिलेगा। कुल मिलाकर सरकार को खुशी मिलेगी कि सब ठीक चल रहा है। कई बार फौरी राहत ज्यादा उपयोगी नहीं होती, दूर की सोचनी चाहिए। जो सरकार ज्यादा छुट्टियां देती है उसे उतनी ही ज्यादा वोटें मिलती हैं। छुट्टियां सबको बहुत ज्यादा पसंद होती हैं और अचानक मिली छुट्टी बहुत खुशी देती है। छुट्टी होने से लगता है समस्या की ही छुट्टी कर दी गई है, ठीक वैसे ही जैसे बरसात में खराब हुई सडक़ों पर मिट्टी और रोड़े डालकर उनकी मरम्मत निबटा दी जाती है। किसी विशेषज्ञ ने समझाया है कि काम करो या न करो, काम करने का जिक्र जरूर करो। इस सन्दर्भ में किसी अनुभवी प्रेस विज्ञप्ति बनाने वाले से प्रभावशाली प्रेस नोट बनवाकर देना चाहिए। यदि छुट्टी घोषित करने से समस्या की छुट्टी न हो पा रही हो तो छुट्टी ले लेनी चाहिए, चाहे इसके लिए झूठा चिकित्सा प्रमाण पत्र लेना और देना पड़े। फिर भी दिक्कत हो तो इलज़ाम लगा देना चाहिए और जांच शुरू करवाने का आवेदन दे देना चाहिए।


दुखी करने वाली किसी भी तरह की व्यवस्था को पटरी पर समझने का उचित प्रयास यही है कि अपनी आंखें उस तरफ न ले जाएं, अपने मन को शांत रखने का प्रयास करें या फिर अगर हो सके तो कुछ दिनों के लिए घूमने चले जाएं। वैसे भी हमारे समाज के लोग दीर्घकालीन समाधान की प्रतीक्षा नहीं करते। उनकी यह प्रवृत्ति अभी तक बदली नहीं है। अगर इस आदत को बदलने की कोशिश की गई और गलती से बदल दिया गया तो भविष्य, बदबू भरी मुश्किलों के ढेर जैसा हो सकता है। इसलिए जब भी मौका मिले, कुछ दिनों की छुट्टी कर लेनी चाहिए। गरमी, बरसात, सर्दी या पतझड़ हो, छुट्टी की घोषणा व्हाट्सऐप से भेज देनी चाहिए। थोड़ी परेशानी तो है कि एक बार में केवल पांच लोगों को सूचित कर सकते हैं। इसके लिए एक बंदा या बंदी रख लें ताकि राष्ट्रीय बेरोजगारी भी कुछ कम हो। सामाजिक सहयोग करना चाहें तो शहर में पानी की कमी के दौरान पार्षद के माध्यम से सभी घरों में पानी की एक-एक बोतल भिजवा दें।


## कुछ अलग

# वहां बहुत कुछ जला है

**किस** दर्द की चीख भारी है, यहां जुर्म की इंतिहा में कान बंद हैं। अबकि बार चंबा जिला के सलूणी क्षेत्र में लाज की लपटें देखें या आग की आंख में जलते मंजर को देखें। वहां दो मकान नहीं जले, बल्कि सामाजिक विश्वास की छत जल गई और जल गए कानून व्यवस्था के पहरे। ऐसा क्यों हो रहा है कि हिमाचल की जनता चुनिंदा मामलों की आग में सीधे व्यवस्था के परचम जलाने लगी है। सलूणी के भांदल या शिमला के कोटखाई इलाके में हुई नृशंस हत्याएं भले ही अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में इंसानी रक्त से रंजित हैं, लेकिन इनके पीछे आक्रोश की आंधियां समानांतर रही हैं। कोटखाई में 2017 में एक स्कूली छात्रा की लाश में लिपटीं गुत्थियों ने समाज को जिस तरह उद्वेलित किया कमोबेश वैसी ही परिस्थिति में इस बार मनोहर हत्याकांड के खून से लथपथ हिस्से पूरे समाज की शांति को हिला रहे हैं। किहार थाने का गेट बच गया, लेकिन कोटखाई का थाना पुलिस की इज्जत में जल गया, लेकिन जनता दोनों स्थानों पर संपत्तियों को जला कर कानून के अंधेरों से टकराई जरूर। भांदल के युवक की जिस तरह से हत्या की गई, उससे रौंगटे खड़े हो जाते हैं, लेकिन अपराध की अर्थियां जहां मौजूद हों वहां पुलिस की जांच और न्याय व्यवस्था की आंख पर भरोसा नहीं टूटना चाहिए। खतरा यह है कि मसले की मिसाल में सियासी ताकझांक न हो जाए या यह भी कि हत्याकांड के हथियारों पर धर्म का रंग न उलझ जाए। कुछ प्रतिक्रियाएं हुई हैं और कुछ होने की इत्तिला दे रही हैं। ऐसे में सुक्खू सरकार के लिए ठीक वैसी ही परिस्थितियां आ के खड़ी है, जिस तरह कोटखाई प्रकरण पर तत्कालीन वीरभद्र सिंह सरकार की सारी राजनीतिक कमाई लुट गई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की ओर से आई प्रतिक्रिया के साथ प्रदेश को खड़ा होना होगा। यह एक कानूनी मसला है और इसे इन्हीं संदर्भों में देखना होगा। जहां तक विपक्ष द्वारा उठाए गई जांच की मांग का सवाल है, तो एनआईए जांच से विषय की पृष्ठभूमि को खंगाला जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उपर्युक्त मांग के साथ हत्याकांड के मुख्य आरोपी की चारित्रिक संदिग्धता पर चिंता प्रकट की है। इसमें दो राय नहीं कि चंबा के सीमांत इलाकों की संवेदनशीलता में अपराध की परछाइयां वीभत्स हो सकती हैं, लेकिन इस हत्याकांड की तहों में खोजना क्या है इसको लेकर पुलिस महकमे की भी एक तरह से जांच हो जाएगी। गुडिया कांड में पुलिस हिरासत में मौत की कालिख से अभी भी विभाग के कई अधिकारी मुक्त नहीं हुए हैं, इसलिए बात सामान्य जांच से कहीं आगे निकलती हुई दिखाई दे रही है। पुलिस की बढ़ती चुनौतियों के बीच हिमाचल की अपनी सामाजिक विद्रूपता भी सामने आ रही है। पिछले तीन सालों में 1123 रेप मामलों की रिपोर्टिंग हुई है, जिनमें से 48.5 प्रतिशत अपने ही रिश्तों में पनपा वहशीपन रहा। प्रदेश में अपराध को देखने और पकडऩे की नसीहतें तो सामने आ रही हैं, लेकिन आज भी हिमाचल की व्यवस्था रात को लंबी तान कर सो जाती है। यही वजह है कि कुछ बाहरी हत्याकांड प्रदेश के माथे पड़ रहे हैं। इन्हीं अंधेरों से मिल रही लाशें अपराध का हुलिया तो बता रही हैं, लेकिन हमारी शुरुआत जांच से हो रही है, जबकि अब प्रश्न चौकसी का है। अगर मनोहर हत्याकांड के प्रमुख आरोपी पर विपक्ष के बयान की सच्चाई को कुछ प्रतिशत मानें, तो भी अपराध की कंदराओं में ऐसी परछाइयों का पीछा होना चाहिए था। हिमाचल की पुलिस व्यवस्था का साजो सामान जिस अदब से वीआईपी ड्यूटी निभाता है, उससे कहीं ज्यादा तवज्जो देने की जरूरत सीमांत इलाकों पर है। जिस तरह नूरपुर के सीमांत और बीबीएन के औद्योगिक क्षेत्र को पुलिस जिला बनाया गया है, उसी तर्ज पर तमाम अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे इलाकों में भी पुलिस जिले बनाते हुए इनकी स्वतंत्र कमान अतिरिक्त डीजीपी के तहत आनी चाहिए।

## नागरिक बोध

# पाकिस्तान भारत से राजनयिक रिस्ते बनाने के लिए बेताब

**अटल** बिहारी वाजपेयी कहते थे कि पड़ोसी कभी बदले नही जाते है।पड़ोसी देश से प्यार जताओ।लेकिन यह युक्ति ही बन कर रह गई। पाकिस्तान भारत के साथ ही था। वसुधैव कुटुम्बकम की सार्वजनिक जनहित भावना पर भारत अक्षुण्ण है। तुर्किये जैसे देश मे भूकम्प में तबाह हुए हजारो लोगो के पुनर्वास और मेडिकल टीम ने घायल लोगो की मदद की थी। यह परोपकार दुनिया के जेहन में है लेकिन तुर्किये ने उसी समय विस्मृत कर दिया।मानवीय सरोकार के अनुरूप मदद भेजी। लेकिन कोई गीले शिकवे नही है। तुर्किये पाकिस्तान का साथ आज भी दे रहा है। तालिबानियों की हुकूमत बन्दूक के जोर पर आई। अफगानिस्तान से भारत के राजनयिक रिस्ते मजबूत थे। उसके बाद सत्ता परिवर्तन हुई और बन्दूक के जोर पर तालिबान हुकूमत आने के दौरान ही अफगान की आर्थिक हालत खराब हो गई थी। उस संकटकाल में भारत ने मानवीय सरोकार अपनाया। भारत पाकिस्तान को दुनिया मे कोई रहम की नजर से नही देखता है। पाकिस्तान में आतंकवादियों की तालीम पर सरकार की आतंकियों के साथ जुगलबंदी को दुनिया नजदीक से देख रही है। दुनिया में कोई भी देश पाकिस्तान की मदद के लिए तैयार नही है। कश्मीर पर भारत के साथ रिस्ते बिलकुल बिगड़ चुके है। देश दिवालिया की कगार पर है। भारत के साथ व्यापार की बात करने वाला उधोगजगत के अपने विचार है। वे राजनयिक संबंध चाहते है। लेकिन पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध बनाने के पूर्व आतंकवाद पर लगाम कसने की जरूरत है। भारत और पाकिस्तान के रिस्ते कड़वाहट भरे हो गए है। पाकिस्तान ने भारत के साथ जो किया है,वह शब्दो मे बयां नही कर सकते। सैनिको की हत्या और बहन बेटियो का सुहाग उजाड़ने वाले पाकिस्तान से कोई क्यो दोस्ती का हाथ बढ़ाएगा।भारत की करंसी पर पाकिस्तान की चमक मोदी सरकार के आने के बाद फीकी पड़ गई है। उसी के आधार पर आतंकियों को डुप्लीकेट नोट से फंडिंग मुहैया कराते थे। भारत के करंसी पर भारत को ही बर्बाद कर आतंकवादियों को आबाद रखकर निर्दोष लोगों का लहू बहाने वाले पाकिस्तान से कैसे संबंध रख सकते है? उधोग जगत को अब भारत की याद आई है। वे जानते है कि भारत ही बेहतर कर सकता है। दुनिया मे पाकिस्तान जहा जा सकता था वहाँ जाकर आर्थिक मदद की गुहार लगा चुका है। लेकिन मुस्लिम देश भी पाकिस्तान को मदद देने के लिए इंकार करते आ रहे है। भारत की कानून व्यवस्था और विकास आदि बेहतर है। उधोगपतियों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज को नसियत देते हुए भारत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने का आग्रह किया। लेकिन भारत के नियमों के अनुरूप पाकिस्तान ढलता है तो ही आगे की कार्यवाही संभव है। यह विचारणीय बाबत है। पाकिस्तान कभी झुकना नही चाहता है और भारत अकड़ कर खड़े रहने वालों को गले नही लगाता है।

## संक्षिप्त खबरे

### मनोज चन्द्रा को जेएमएम में जाने से आजसू का कुनबा बिखरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** पूर्व आजसू के विधान सभा प्रभारी मनोज चन्द्रा अपने हजारो दल बल के साथ आज सोमवार को जेएमएम का दामन थाम लिया है। इधर मनोज को जेएमएम में जाने से आजसू का सुपरा साफ़ हो गया है ।बचे खुचे कार्यकर्ताओं में अब मायूसी छा गयी है। बता दें कि आजसू का जनाधार बढाने में मनोज चन्द्रा का काफी योगदान रहा है। यही कारण है कि पिछले सिमरिया विधान सभा चुनाव में आजसू ने मनोज चन्द्रा को प्रत्याशी बना चुनाव जीतने के लिए पानी के तरह रुपया बहाया गया किन्तु संयोग है को मनोज चन्द्रा दुशरा स्थान पर रहे। वहीं भाजपा के किशुन कुमार दास बाजी मार गये। जबकि आजसू और भाजपा दोनों गठबंधन में रहा है। अब चतरा जिला में आजसू का सुपरा साफ़ सा हो गया है।

# जंगली हाथियों के झुंड ने तीन घरों को किया ध्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालू पंचायत स्थित पल्हि टोला में रविवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड तीन घरों को ध्वस्त कर दिया। और घर मे रखा हुआ अनाज गेहूं, चावल, मक्का चट कर गए। हथियो के झुंड ने जिन तीन घरों को ध्वस्त किया उसमे पल्हि टोला निवासी सुधीर उरांव पिता मिटू उरांव, ब्रमदेव उरांव पिता सहादेव उरांव, सुरेंद्र उरांव पिता साधवा उरांव शामिल है। हाथियों द्वारा घर ध्वस्त कर दिए जाने से उपरोक्त सभी का परिवार बेघर हो गया है। वहीं घटना की सूचना पाकर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव ने अपने सहयोगी के साथ जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और तत्काल मदद के रूप में प्रत्येक परिवार को राशन उपलब्ध कराया वही मामले में लातेहार डीएफओ रोशन कुमार से बात कर पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग किया। वही बालूमाथ बीस सूत्री अध्यक्ष बालूमाथ नागदेव उरांव खरवार भोगता बिकास संघ जिला अध्यक्ष प्रेम चंद गंझु भाजपा मण्डल मंत्री अखिलेश भोगता, बरामदेव उरांव योगेंदर गंझु पंचायत समिति सदस्य बर्मदेव उरांव पंचायत समिति सदस्य आरा गुंडी सीता कुमारी सूरज उरांव संतोष यादव राजू उरांव लखन उरांव माधव सिंह बालू मुखिया संध्या देबी संतु उरांव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और मदद का भरोसा दिलाया।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बारीयातु प्रखण्ड क्षेत्र में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव व जिला सचिव शमसूल होदा के निर्देश पर पर्वेक्षक प्रदीप गंझु की उपस्थिति में सोमवार को प्रखंड के शिबला व डाढ़ा पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुरेश गंझु ने लोगों को पार्टी के सिद्धांतों की जानकारी दी। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में झारखंड का जैसा विकास हुआ, वैसा पिछले सरकार में नहीं हुआ है। झामुमो ही ऐसा पार्टी है जो निजी स्वार्थ में काम नहीं करती है। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर महेंद्र उरांव, यशवंत यादव, एवं पंचायत कमेटी के कई सदस्य मौजूद थे।

## धीमी गति से चल रहे जल-नल योजना के कार्य पर उप प्रमुख ने जताई नाराजगी

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीयातु प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फुलसु में पेयजल विभाग की ओर से चल रही जलनल योजना का उप प्रमुख निशा शहादेव ने सोमवार को निरिक्षण किया। इस कार्य में हों रहे अनियमितता एवं इसके धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग के संवेदक को गुणवत्तापूर्ण एवं नियम संगत काम करने की नसीहत दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप प्रमुख शहादेव ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना दी गई थी कि गांव में जल नल योजना का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं की जा रही है एवं कार्य धीमी गति से हो रही है। इस भिषण गर्मी मे पेयजल की समस्या काफी जटील हो गया है। जिसके बाद मेरे द्वारा सोमवार को कार्यस्थल पहुंचकर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया गया। मनतशा कंटक्शन के द्वारा? मेरे पंचायत मे नल जल योजना का कार्य किया जा रहा है। जिसमें पिपराटोला मे एक जलमिनार से 31 घरों को जोड दिया गया है जिससे कोई घर मे प्रयाप्त मात्रा मे पानी नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में मुशकिले बढ़ गई है। इसी टोला मे दुसरे जलमिनार से मात्र आठ घरो को जोडा गया ये नियम का विरोध है। विभाग के कनीय अभियंता से दुरभाष पर बात कर संवेदक को नियम संगत व गुणवत्तापूर्ण एंव तेज गति से कार्य करने का नसीहत दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर उच्च अधिकारियों से शिकायत जांच कराई जाएगी।

## जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव ने किसानों के बीच धान बीज का किया गया वितरण



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के पोचरा पंचायत में स्थित लैंपस में धान का बीज MTU 1010 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर कृषि कार्य के लिए वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव के द्वारा किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में हेठपोचरा एवं ईचाक पंचायत के कुल 25 बिरसा किसानों के बीच टोकन एवं ब्लॉक चेन के माध्यम से बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सबिता उरांव, सहायक तकनीकी प्रबंधक सपना कुमारी, पोचरा पंचायत के मुखिया रामजी सिंह व इचाक पंचायत के मुखिया शशी कुजूर, पंचायत समिति सदस्य, लैंपस के अध्यक्ष, सचिव, किसान मित्र सहित किसान उपस्थित रहे।

# नियमित बिजली की मांग को लेकर बालूमाथ में किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बालूमाथ :** बालूमाथ मुरपा मोड में सोमवार को बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा के नेतृत्व में नियमित बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर बालूमाथ- रांची एनएच 22 मुख्य पथ को जाम कर दिया। जिससे सड़क के किनारे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पाकर बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद दल बल के साथ पहुंचे व जामकर्ता से वार्ता किया। जाम कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि बालूमाथ में 24 घंटे में मात्र 3 से 4 घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है जिससे उमस भरी गर्मी में लोग काफी परेशान है और उसमें भी लो वोल्टेज की समस्या बरकरार है। जाम कर्ताओं ने कहा कि जब तक नियमित बिजली आपूर्ति नहीं की जाएगी तबतक आंदोलन जारी रहेगा। इसी बीच आए हुए पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मोबाइल पर वार्ता किया ।कार्यपालक अभियंता द्वारा लोहरदगा ग्रिड से कनेक्शन हटाकर तत्काल लातेहार ग्रिड से बिजली कनेक्शन करवाया एवं नियमित बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया। उसके बाद जाम हटाया गया। जाम कर रहे लोगों में राजद नेता सुरेश राम, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, मनोज यादब, अमित कुमार, कांग्रेश प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात मो जुबैर, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद यहीया, सुमन सिन्हा, मोहम्मद लाटो, मो जहूर, समेत कई लोग मौजूद थे।

# डीएवी स्कूल पहुंचे डॉ. जेपी शूर चर्चा-परिचर्चा में लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लातेहार :** स्थानीय बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी दिल्ली के पब्लिक स्कूल्स-1 के निदेशक आर्य रत्न डॉ जेपी शूर ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। डॉ जेपी शूर के साथ झारखंड राज्य डीएवी पब्लिक स्कूल्स के जोन बी के सहायक क्षेत्रीय निदेशक एमके सिन्हा, जोन सी और जी के सहायक क्षेत्रीय निदेशक अरुण कुमार और जोन ए के सहायक क्षेत्रीय निदेशक ओपी मिश्रा भी मौजूद रहे। इससे पहले स्कूल के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में लातेहार डीएवी स्कूल की जमीन को सीबीएसई से मान्यता दिलाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी।इस अवसर पर डॉ शूर ने कहा कि हम सभी एक परिवार व एक संस्था के सदस्य हैं। हम सब एक दूसरे के साथ खड़े हैं। इसके बाद अधिकारियों ने स्कूल के शैक्षणिक स्तर और परिणाम पत्र प्रदर्शन का जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय के विकास में आ रही बाधाओं को दूर करने और छात्र व कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने की बात कही। मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर, रांची के प्राचार्य एसके सिन्हा, डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची के प्राचार्य विनय कुमार पांडेय, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के प्राचार्य जीएन खान और डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची के प्राचार्य एसके मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## तेजस्विनी क्लबों के चौथे साल तक के कार्यो का राज्य स्तरीय टीम ने किया अंकेक्षण



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड महिला विकास समिति एवं हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना लातेहार जिला कार्यालय में सोमवार को जिला अंतर्गत तीन प्रखंड के कुल 24 तेजस्विनी क्लब का अंकेक्षण का कार्य किया गया। इस दौरान अंकेक्षण पदाधिकारी सतीश ने तेजस्विनी क्लब लेवल पे किये गए कार्यों का बारीकी से मूल्यांकन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से तेजस्विनी परियोजना लातेहार जिला कार्यक्रम प्रबंधक रमण विश्वकर्मा एवं डीकेई मिथलेश शर्मा, जॉन टीम से कृषण एव प्रखंड समन्वयक राजकुमार प्रजापति, निरंजन गुप्ता, जियाउल हक, बिरजू राम, जया कुमारी के साथ युवा उत्प्रेरको ने अपने अपने क्लब का अंकेक्षण में क्लब पासबुक का मिलान रोकड़ पंजी एवं मीटिंग रजिस्टर समेत अन्य दस्तावेज की जाँच कराई।

# पेड़ के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव : दीपक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लातेहार :** वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना करना भी असंभव है। आज हमारे देश में जीतने पेड़ लगाए जा रहे हैं। वहीं इससे कई गुणा विकास के नाम पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। ऐसे में पेड़ ही नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन का विनाश होना तय है। उक्त बातें लातेहार मेन रोड़ स्थित सुंदर कॉम्पलेक्स में पिपल के वृक्ष लगाने के दौरान धर्मपुर निवासी दीपक प्रसाद उर्फ पिंटू ने कही।ज्ञात हो कि पिंटू पहले भी कई वृक्ष लगाने का कार्य किया है। दीपक ने बताया कि कुछ साल पहले बीएसएनएल ऑफिस के पास एक पेड़ लगाया था जो आज इस क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को छावं देने का कार्य कर रही है। कहा कि आज हमारे देश में कहीं भवन बनाने के लिए तो कहीं सड़क बनाने के लिए पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। सरकार वृक्ष तो लगा रही है पर केवल वृक्ष लगा देने से नहीं होता है उसका देखरेख भी करना पड़ता है। तब जाकर वह पेड़ का रूप लेता है। इस अवसर पर सतीश मोदनवाल, अजीत, प्रियांशु राज गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## ओझा गुनी के चक्कर में चाकू व पत्थर मारकर जंगल में फेंका गया एक वृद्ध महिला का शव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लावालौंग :** थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिलदाग पंचायत के टेवना गांव में भूत प्रेत एवं ओझा गुनी के अंधविश्वास में एक वृद्ध महिला की निर्मम हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार टेवना गांव की तेतरी मसोमात नाम की वृद्ध महिला गांव में ही झाड़-फूंक का काम करती थी। वह रविवार की शाम अपनी पांच वर्षीय पोती के साथ लावालौंग डेली मार्केट से सामान खरीदने के लिए देर शाम वे दोनों अपने घर वापस जा रहे थे। इसी बीच लावालौंग से थोड़ी ही दूर निकलने पर जंगल के रास्ते में गांव का ही एकबाल गंझू का पुत्र उपेंद्र गंझू महिला के ऊपर हमला कर दिया। जब नन्हीं बच्ची रोते चिल्लाते हुए उसका विरोध की तो उसे लात मारकर गिरा दिया। उपेंद्र महिला के पेट में चाकू मार दिया जिससे वह गिर गई। इसके बाद पत्थर से उसके चेहरे व सर को कुचकर घसीटते हुए जंगल के गड्ढे में डाल दिया। **युवक ने ही किया हत्या का खुलासा :** घटना को अंजाम देने के बाद उपेंद्र घर पहुंच कर अपनी मां से बता रहा था कि मैं उस गुणी ( भगताईन)औरत को मार दिया। इस दौरान पानी भरने पहुंची मृतक की बहू के कानों तक यह आवाज पहुंच गई और उसने अपने परिजनों को बताया।फिर तत्परता बरतते हुए बच्ची की निशानदेही पर घटनास्थल पर पहुंचकर खोजबीन शुरू किया और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो महिला का सांस चल रहा थी। उसे पुलिस के द्वारा गड्ढे से निकालकर इलाज के लिए भेजा गया इस दौरान उसकी मौत हो गई। **घर में ओझा गुनी करने की बात कह कर ली जान :** उपेंद्र एवं उसके परिजनों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरे परिवार की एक चौदह वर्षीय बच्ची को तेतरी भूत लगा दी थी जिसके कारण विगत बुधवार को उसकी मौत हो गई थी।उसके अलावा भी वह मेरी बहू को भूत लगा दी है जिसके कारण उसका बच्चा नहीं हो रहा है।साथ ही वर्षो से वह हमारे परिवार को भूत लगा लगाकर तबाह करके रखी थी।इसलिए मैंने उसकी हत्या कर दी।अब बड़ी बात यह है कि सरकार व प्रशासन के द्वारा जागरूकता चलाने के बावजूद आज भी लोग अंधविश्वास और ओझा गुनी के जाल में इस कदर जकड़े हैं कि आए दिन कभी लोगों को जिंदा जला दिया जाता है तो कभी पानी में डाल दिया जाता है। अगर सरकार और प्रशासन के द्वारा इस अंधविश्वास पर रोक नहीं लगाया गया तो यहां स्थिति काफी भयावह होने वाली है। **पुलिस ने मामले को बदला :** इधर थाना प्रभारी बमबम कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने मामले से इनकार करते हुए कहा कि यह मामला ओझा गुनी का नहीं बल्कि पुराने विवाद को लेकर हुआ है। अब बड़ी बात यह है कि आखिर पुलिस वास्तविक मामले से हाथ क्यों खींच रही है। जबकि सारा का सारा मामला खुले दर्पण के जैसा साफ और स्पष्ट है।

## रथ यात्रा की तैयारी पूरी, मंगलवार को निकलेगी यात्रा



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के ठाकुरबाड़ी से 20 जून को रथ यात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारियां पूरी हो गई है। इससे पहले जगन्नाथपुरी, उड़ीसा से भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा की सुसज्जित विग्रह लातेहार लायी गयी। चंदवा के समाजसेवी राजेश चंद्र पांडेय ने राधा कृष्ण मंदिर प्रबंधन को प्रतिमाएं समर्पित की। मंदिर में विग्रहों के परिवर्तन की चर्चा पर राजेश चंद्र ने विग्रह उपलब्ध कराने की बात कही और जगन्नाथ पुरी से विग्रहों की खरीदारी कर मंदिर को उपलब्ध कराया। बता दें कि राधा कृष्ण मंदिर परिसर से विगत 26 वर्षो से रथ यात्रा निकाली जा रही है।मंदिर के महंत दिलीप उपाध्याय ने बताया कि रथ यात्रा को लेकर सोमवार को नेत्र उत्सव मनाया गया। वहीं मंगलवार को पूजा अर्चना के उपरांत मंदिर परिसर से रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जायेगी। उन्होंने आम लोगों मंदिर परिसर पहुंचकर पूजा और रथ यात्रा में भाग लेने की अपील की है। मौके पर राजमणि प्रसाद, श्याम मूर्ति गुप्ता, बृजेश अग्रवाल व अशोक प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चौक स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोष की प्रतिमा हो रही है लगातार धाराशाही



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोष का प्रतिमा व गोलम्बर इन दिनों ट्रक और हाइवा के आतंक से सुरक्षित नहीं है। लगातार इनदिनों ट्रक के लापरवाही से नेता जी सुभाष चंद्र बोष की गोलम्बर का धाराशाही किया जा रहा है। एक तरफ आज राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन का आगमन सिमरिया में होना है इसके लिए पुलिस प्रशासन हर जतन सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। किंतु ट्रक नम्बर छ्ञा10क्त7842 ने गोलम्बर को धाराशाही करते हुए सुबोध सिंह का दूकान में जा घुषा, इस क्रम में दो ठेला को भी स्वर्गवासी बना डाला ।अब गरीब लोगों को जीवकोपार्जन के लिए बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में चौक दुकानदार से लेकर ग्रामीणों का कहना है कि स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोष का प्रतिमा चौक के बगल खाली केशरहिन्द भूमि में सुसज्जित कर बनाया जाय। जिससे इस तरह का अपमान प्रतिमा को झेलना न पड़े।

# आजसू के मनोज चन्द्रा जेएमएम में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के कर्बला मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन सह आजसू से जेएमएम में शामिल हुए मनोज चन्द्रा अपने हजारो कार्यकर्ता के साथ मुख्य मंत्री के समक्ष शामिल हुए। वहीं मुख्यमंत्री पूर्व आजसू से जेएमएम में शामिल मनोज चन्द्रा एवं उनके हजारो कार्यकर्ताओं को माला व पट्टा तथा सदस्यता ग्रहण कराया । हालांकि मुख्य मंत्री का लगभग 3 बजे सिमरिया आगमन हुआ। मुख्य मंत्री के आगमन सिमरिया हर्षनाथ पुर मैदान में हेलीकॉप्टर से लैंड किया। जहां सुरक्षा के तहत सड़क रास्ते से कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। इधर उनके सुरक्षा में तैनात सैकड़ो चतरा पुलिस मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 40 से 45 हजार की भीड़ मौजूद थी। जहां विधि व्यवस्था से लेकर सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किया गया था। हालांकि कड़ी धूप में भी दर्शक व कार्यकर्ता तथा मनोज चन्द्रा के चाहने वाले डटे रहे। सम्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य देश के सभी राज्यों से पिछड़ा राज्य है झारखण्ड जल जंगल जमीन की माटी है। झारखण्ड को हमेशा भाजपा लूटने का काम किया है। कोरोना जैसे महामारी में भी हमने बाहर काम करने गए फसें मजदूरों को हमने हवाई जहाज से लाने का काम किया। हमने सरकार में आने के बाद झारखण्ड को हर संभव विकास करने का कार्य किया है। इधर कई विभागों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा। जिसमें ब्लॉक कम्प्यूटर ऑपरेटर, पारा टीचर, पारा स्वास्थ कर्मी, सहायक पुलिस कर्मी, बंद शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय को चालू करने के अलावे अन्य अपनी अपनी मांगों को लेकर मुख्य मंत्री को मांग पत्र सौपा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपायुक्त अबू इमरान, आरक्षी राकेश रंजन, चतरा एसडीएम मुमताज अली, सिमरिया एसडीएम सुधीर कुमार दास, ऐसी पवन मण्डल, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार, टंडवा एसडीपीओ शम्भू सिंह, चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार के अलावे जिला और प्रखण्ड के सभी शासन प्रशासन का अहम भूमिका रही है।

# उपायुक्त ने किया राजनीतिक दल के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता




**लातेहार :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल संचालन हेतु दिन सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2024 को लेकर बैठक हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दिए गए हैं।मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने,दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य,शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य किया जाएगा। इस दौरान वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाया जाएगा। साथ हीं 18 वर्ष के नए वोटर्स का नाम जोड़ा जाएगा एवं अन्य मतदाता सूची से संबंधित कार्य किए जाएंगे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि वह लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।लोगों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने या सुधार हेतु सहयोग एवं जागरूक करें। साथ हीं सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सूची उपलब्ध कराने को कहा,जो बूथ पर बीएलओ को कार्य में सहयोग करेंगे। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा।

## डैम में डूबे युवक का शव हुआ बरामद

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया पंचायत के पंडरिया ग्राम में रविवार को मछली मारने के दौरान डैम में डूबने से एक युवक रविंद्र उराँव 38वर्ष पिता लल्लू उरांव की मौत हो गयी थी। घटना के बाद तेतरियाखांड पिकेट प्रभारी नीतीश कुमार ने अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर युवक की शव के बरामदगी के लिए घंटो प्रयास किया था। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी रविवार को शव बरामद नहीं हो पाया था। जिसके बाद पुनः सोमवार को ग्रामीणों की मदद से शव को ढूंढने का प्रयास किया गया। जिसमें घण्टो प्रयास के बाद युवक का शव बरामद किया जा सका। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। वही मामले की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मृतक के पत्नी को विधवा पेंशन सहित अन्य सरकारी सुविधा देने का मांग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मां बागेश्वरी मंदिर जाने का रास्ता खस्ताहाल, श्रद्धालु परेशान

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो में स्थित माँ महामाया बागेश्वरी मंदिर विष्णुगढ़ समेत अन्य स्थानों के लोगो के आस्था,एवं भक्ति का केन्द्र बिंदु के सामान है,सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन



श्रद्धालु माँ महामाया के दरबार मे अपनी हाजिरी लगाते है ।ऐसा माना जाता है,कि विष्णुगढ़ एवं आस-पास के करीब- करीब सभी गांवों के निवासी अपने पुत्र अथवा पुत्री का पहला मुंडन माँ महामाया बागेश्वरी के दरबार मे ही सम्पन्न करते,मुंडन के समय मे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है,परन्तु माँ महामाया के दरबार मे जाने वाले मार्ग की स्थिति अत्यंत ही दयनीय जगह-जगह पर गड्ढे जरा सी बारिश में सड़कों पर जलजमाव होने से यात्रियों और भक्तों के लिए समस्या बन चुकी हैं। मंदिर में सामान्य दिनों में भी दर्शनार्थी भक्तों का तांता लगा रहता है,ऐसे में सुगम पथ नही होने से आवागमन करने वाले लोगों के लिए सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से ठीक नही है । रास्ता होना बहुत महत्वपूर्ण है,ऐसा यात्रियों का कहना है । लेकिन दुर्भाग्य से,कई स्थानों पर खराब रास्ते एक सामान्य समस्या बन चुकी हैं। महामाया मंदिर तक जाने वाली कालीकरण सड़क के ऊपर से अलकतरा तो कही नजर ही नही आता हाँ उसमें लगे बोल्डर मिट्टी से झाँकते हुए वाहनों के पहिये को नुकसान जरूर पहुँचा रहे है। पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं माताएं एवं बहने नंगे पैर जब इन रास्ते पर चलती है तो सड़क पर लगे पत्थरो से पैर मुड़ने एवं ठेस लगने की अधिकाधिक संभावनाएं बनी रहती है। श्रद्धालुओं के लिए अतिमहत्वपूर्ण सड़क आज अपने खस्ताहाल पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सड़क बनाए जाने की मौन गुहार लगा रही है।

### कोयला लदे एक बाइक से दूसरी बाइक भिड़ी एक की मौत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत बगोदर अड़बारा मार्ग पर तड़के सुबह करीब 06 बजे पूर्वाह्न भीषण सड़क हादसा हुआ । बताया जाता है कि दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई,जिसमें एक व्यक्ति



की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक में अवैध कोयला लेकर जा रहे बनासो निवासी बिरेंद्र यादव पिता चमटू यादव लगभग 15 बोरा कोयला लेकर अड़बारा की तरफ जा रहे थे।उसी क्रम में सुबह 6 बजे दूसरी बाइक से टक्कर हो जाती है,जिसमें बनासो निवासी बिरेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई आस पास के लोगो ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान की जांच की और परिजनों को सूचित किया। प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। अवैध कोयले को लेकर प्रशासन का कहना है,गुपचुप तरीके से कुछ लोग कोयला चोरी की घटना को अंजाम देते है,इसकी जांच की जाएगी। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर गाड़ियों की जांच शुरू कर दी है। इसमें वाहनों की स्थिति और चालकों के बारे में विस्तृत जांच होगी ताकि हादसे की वजह स्पष्ट की जा सके।

### आजसू पार्टी स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर विष्णुगढ़ में बैठक

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी विष्णुगढ़ प्रखंड की एक आवश्यक बैठक +2उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ की गई ।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल तथा संचालन प्रखंड



कोषाध्यक्ष दीपु अकेला ने किया।केंद्रीय कमिटि के निर्देशानुसार आगामी 22 जून को पार्टी अपना स्थापना दिवस पूरे धूम धाम से मांडू विधानसभा कार्यालय,रांची रोड मे मनाने को लेकर की तैयारी हेतु बैठक की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला सचिव महादेव देहाती एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता रंजीत गुप्ता की मौजूदगी रही। जिसमे अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि आजसू पार्टी पिछली बार नंबर दो पर रही इस बार अपनी कमियों को दूर करते हुए नम्बर एक बनते हुए आजसू पार्टी का विद्यायक बनाना है। विष्णुगढ़ प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने साथ आजसू पार्टी से लगाव रखने वाले या आमजन को स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शिरकत करनी है । बैठक में मुख्य रूपगौतम वर्मा बाबू खान,सुधीर कुमार,गोविंद महतो,भागीरथ कुमार,महतो रवि कुमार,सतीश कुमार,रंजीत कुमार, राजकुमार,अभिषेक कुमार,बिनोद बिहारी महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# संसाधनों का अभाव प्रतिभावान बच्चों के लिए अब नहीं बनेगा रुकावट : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के मेधावी एवं जरूरतमंद बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण एवं पैसे के अभाव में इन सुविधाओं से वंचित रह जाने वाले बच्चों पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा की पहल पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा आधुनिक सुविधाओं के साथ एवं अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रशिक्षण की व्यवस्था



डीएमएफटी के माध्यम से की गई है। सोमवार को विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा रामगढ़ प्रखंड परिसर के समीप कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से चयनित 50 मेडिकल एवं 50 इंजीनियरिंग के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि आप में जो भी प्रतिभा है उसका इस्तेमाल करते हुए आप ना केवल अपना बल्कि पूरे रामगढ़ जिले का नाम देश भर में रोशन करें। इस तरह की पहल आप सभी के लिए इसलिए खास है क्योंकि अब प्रतिभा होने के बावजूद पैसे के अभाव में आपको देश के सर्वोच्च शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता है।

आप सभी मन लगाकर पढ़े एवं जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई इस सेवा का पूरा पूरा लाभ ले वही अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा को बिना झिझक के त्वरित रूप से प्रशिक्षण के दौरान ही दूर करें। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कोई बच्चा किसी से कम नहीं है अगर आप सभी अपनी क्षमता के अनुसार ईमानदारी से प्रयास कर अपना शत प्रतिशत देंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।

साथ ही उपायुक्त ने सभी को राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी ने जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतिभावान बच्चों के लिए शुरू की गई मेडिकल व आईआईटी कोचिंग की सराहना करते हुए मन लगाकर बच्चों को पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी वही अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमतीह्न कुमारी नीलम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य ने भी बच्चों को कोचिंग सेंटर का पूरा लाभ लेने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं देने सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

## रामगढ़ बैडमिंटन अंडर 15 के चैंपियन बने दीप आदित्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा क्षेत्र के एजेकेएसएस क्षेत्रीय सचिव रामजी सिंह के पुत्र दीप आदित्य ने बरकाकाना में 18 जून को आयोजित रामगढ़ जिला बैडमिंटन एसोसिएशन 2023 के अंडर 15 में विजय हासिल किया। इन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद खीरू महतो, विशिष्ट अतिथि बरकाकाना क्षेत्र जीएम अजय कुमार सिंह के हाथों प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। वक्तओ ने कहां कि युवाओं की मेहनत से उनकी प्रतिभा निखरती हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया हैं। अतिथियों ने विजेताओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया। बैडमिंटन एसोसिएशन के दुष्यंत पटेल, आलोक सिंह, निखिल कुमार आदि उपस्थित थे।

## मैट्रिक के परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों को सम्मानित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में युवाओं के आर्थिक सहयोग से संचालित मिल्लत हेल्पलाइन संस्था के द्वारा शिक्षा के छेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए मैट्रिक के परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जलाल सगीर ने किया। मिल्लत हेल्पलाइन के माध्यम से कुल 22 छात्रों के मैट्रिक की तैयारी मुफ्त में करवाई गई थी। सभी 22 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण हुए सभी छात्रों को मिल्लत हेल्पलाइन के द्वारा डायरी और कलम दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्रों को यह आश्वस्त कराया गया के जो बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण



करना चाहते हैं उन्हें मिल्लत हेल्पलाइन के द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। छात्रों को परीक्षा की तैयारी करवाने में शिक्षक जलाल सगीर, आफाक अहमद, आदिल शादाब, अब्दुर्रहमान का बेहद अहम योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने बिना किसी शुल्क के छात्रों को पढ़ाया। ताबिश अहमद, नौशाद आलम, फैसल खान, जमाल अख्तर, कौनैन रजा, नावेद उल हसन, इमरान अहमद, आशिक रजा, अमन अहमद, सबरीन परवीन, नरगिस निशा, मोसफ्फा रूही, मन्तशा परवीन, गुलनार नाज, सल्तनत परवीन, सानिया परवीन, इकरा खातून, अनुरा परवीन, नाजरीन बेगम, अमरीन परवीन, सामिया प्रवीण, तानिया नूर को सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर मुख्य रूप से जमाल सगीर, रियाज अहमद, मोजाहिद इस्लाम, शाहिद अहमद, जाहिद अकरम, शारिक अशरफ, हाजी फखरे आलम, पिंटू खान, डॉलर, रफसन, फैजान, जुनून सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जीएम ऑफिस में पानी की समस्या को लेकर तूफान चौक की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा जीएम ऑफिस के प्रांगण में सिविल विभाग कार्यालय के समक्ष सोमवार को तूफान चौक गिद्दी ए की कई महिलाओं ने पानी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। अवसर पर मुख्य रूप से डाड़ी की उप प्रमुख सुमन देवी, मुन्नी देवी उपस्थित थी। महिलाओं ने बताया कि तूफान चौक सीसीएल कॉलोनी क्षेत्र में बीते 6 माह से पानी की आपूर्ति नहीं के बराबर हो रही हैं। पाइप लाइनें आठ सालो से कई जगहों पर जर्जर और



क्षतिग्रस्त पड़ी हैं। नियमित रूप से पानी की सप्लाई नहीं होने से इस भीषण गर्मी में जल की कमी से जूझना पड़ रहा हैं। बताया कि कुछ दिनों पहले टैंकर से जलापूर्ति आरंभ की गई थी। जिसे भी बंद कर दिया गया। वही सिविल विभाग ने जल्द पानी आपूर्ति के लिए सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। मौके पर शहनाज बेगम, शिरोमणि देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, आरती देवी, असगर हुसैन, लुकमान, रूपेश, संतोष, कमरुद्दीन खान समेत कई महिलाएं उपस्थित थे।

## कोतो में पुलिया निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पंचायत कोतो के मस्जिद कौलनी में मुखिया निधि सिंह ने मुखिया मद से दो लाख पंद्रह हजार के लागत से बनने वाले पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पुजा अर्चना कर किया। मौके पर मुख्य रूप उपस्थित जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि यह पुलिया वर्षों से काफी जर्जर था और इससे यहां के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब जल्द ही यहां के ग्रामीणो को इसका लाभ मिलेगा। मुखिया निधि सिंह ने कहा कि जल्द ही परसाबेडा,शाहीटाड व



डाडीडीह में भी पुलिया के साथ साथ अन्य दर्जनों विकास कार्य का शुभारंभ किया जायेगा।तथा ग्रामीणों ने मुखिया निधि सिंह व जय प्रकाश सिंह ननकी के प्रति आभार प्रकट किया है। मौके पर अमरेंद्र कुमार, नासीर अहमद,सब्बु अंसारी, नवाब अंसारी,मंसूर अंसारी, राजा खान, वसीम अंसारी मुन्ना अंसारी, मिन्टु मुन्डा, मक्खन मुन्डा,अरुण मुन्डा, बिनोद मुन्डा,आदि उपस्थित हुए।

# गोला में संपन्न हुआ विधानसभा स्तरीय लाभुक सम्मेलन, सांसद जयंत सिन्हा हुए उपस्थित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के गोला स्थित स्वर्ण बनिक धर्मशाला में मंडल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त विधानसभा स्तरीय लाभुक सम्मेलन आयोजित हुई । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित हुए और उनके नेतृत्व में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह अभियान संयोजक राजू चतुर्वेदी,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,छोटन सिंह इत्यादि ने महापुरुषों की तश्वीर पर माल्यार्पण एवं राष्ट्गान के बाद जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन जितेंद्र साहू ने एवं




धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष स्नेहलता चौधरी ने दिया।कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए जयंत सिन्हा ने कहा की जिस प्रकार करोना महामारी के समय पूरी दुनियां ठहर सी गई थी और सारे लोग भयभीत थे उस समय हमारे देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ अपने देश के अस्सी करोड़ गरीब नागरिकों को बिना भेदभाव के मुफ्त अनाज मुहैया करवाकर उनकी भूख मिटाई बल्कि अन्य जरूरतों की पूर्ति हेतु जनधन खाता के माध्यम से सीधे उनके अकाउंट में पैसे भी भेजे जिसकी तारीफ़ दुनियां भर के सभी शक्तिशाली देश करते हैं।उन्होंने आगे कहा की आजादी के बाद भी इतने सालों तक देश के ज्यादातर गावों में सड़कें,बिजली,पानी,शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का न होना हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी को बहुत खला क्योंकि वो खुद एक गरीब परिवार से आते थे।इसी कारण उन्होंने अपने कार्यकाल में गरीब परिवारों की जरूरतों का ख्याल रखते हुए शुरुआत प्रधानमंत्री आवास,शौचालय और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से किया जिसके कारण आज देश के किसी भी सुदूरवर्ती गावों में आप जाएं तो वहां पक्की सड़कें मिलेंगी और अब हर गरीब परिवार का प्रधानमंत्री आवास के तहत मिला पक्का मकान और घर की महिलाओं को शौचालय के रूप में ÷इज्जत घर÷ बिल्कुल मुफ्त दिया।इतना हीं नहीं महिलाओं को चूल्हे से निकलने वाले धुएं से बचाने को उनको उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस चूल्हा,सौभाग्य योजना के तहत फ्री बिजली मुहैया करवाने का काम कर रहें है साथ हीं जिला खनिज मद से हर घर नल हर घर जल जैसी योजना को कार्यान्वित करते हुए सभी गांवों में सौ घरों हेतु एक जलमीनार बनवाकर पानी मुहैया करवाया जिसकी आज सभी सराहना करते हैं।

## राहुल गांधी का 54 वां जन्मदिवस बरही के कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राहुल गांधी देश के धरोहर हैं रघुनंदन गोप,19 जून 2023,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे श्री राहुल गांधी जी का 54 वें जन्मदिवस आज सोमवार को एपीजे अब्दुल कलाम पार्क मैं बरही के सच्चे समर्पित जुझारू कांग्रेसियों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया इस बीच कांग्रेसियों ने लोगों के बीच मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।जन्म दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप व संचालन नरेश सिंह ने किया।मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कहा।आजादी की लड़ाई में योगदान ना देने वाले लोग असली देश विरोधी हैं राहुल गांधी सच्चे देशभक्त है कांग्रेसियों ने आगे कहां है राहुल गांधी जी के सिद्धांतों एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम हम सभी कांग्रेस के सिपाहियों की पहली प्राथमिकता है। जन्म दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, कुणाल कतरियार,यमुना यादव,मास्टर शरीफुल हक,नरेश सिंह, प्रयाग यादव,सुशील केसरी,उर्फ नुनु करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, द्वारिका रविदास,मोहन प्रजापति,राजू यादव,वासुदेव यादव, प्रमोद सिंह, रवि कुमार, विजय रविदास, समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## कंजगी में मंडा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कंजगी में सोमवार को मंडा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। अवसर पर 40 भक्तों ने बनस झूला व 24 भक्तों ने गमछा के सहारे बनस झूला की परीक्षा दी। इससे पूर्व 64 महिला, पुरुष, नौजवान, छोटे बच्चों ने आग के अंगारे पर फुलकदी कर भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति की शक्ति का प्रदर्शन किया। सभी ग्रामीणों ने महादेव भोलेनाथ, माता पार्वती के दर्जनों नामों के जयकारे लगाएं। भक्तों ने अपने गांव कंजगी समेत परिवार में खुशहाली का वरदान महादेव व मां आदिशक्ति से मांगा। बीते रविवार रात्रि नागपुरी कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य रूप से उपस्थित आजसू नेता तिवारी महतो, बुमरी मुखिया करण बेदिया, पंसस लालचंद बेदिया, मुख्य संरक्षक कुलदीप बेदिया व अन्यो ने फीता काटकर किया। झूम निगुएल ग्रुप के सिंगर अक्षय किंग,



इग्नेश कुमार, प्रियम कुमार, सुमन गुप्ता, केशो देवी, ललिता देवी, अनीश कुमार ने भक्तिमय व रंगारंग गीतों का प्रस्तुतीकरण किया। जिसे मेला देखने पहुंचे ग्रामीणों ने सुनकर लुफ्त उठाया। अवसर पर वक्ताओं ने कहां कि मंडा ग्रामीण क्षेत्र के लिए भक्ति उपासना प्रकट करने का एक आधार हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच महादेव, मां पार्वती व अन्य देवी-देवताओं के प्रति आस्था और विश्वास जगती हैं। लोगों में सौहार्द, भाईचारगी का भी संदेश देती हैं। हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखने की जरूरत हैं। मौके पर श्री श्री शिव मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष अजय नायक, सचिव विजय यादव, कोषाध्यक्ष इंद्रेश बेदिया, उपाध्यक्ष अनिल बेदिया, उप कोषाध्यक्ष अजय गोप, उपसचिव पडरु गोप, संचालक अमर बेदिया, युवा समाजसेवी आकाश करमाली, राजू गोप, संजीत गोप, पंडित शंकर पांडे, पटभोक्ता नारायण बेदिया, आसीन बेदिया, सहजू बेदिया, विक्की करमाली, राजेंद्र करमाली, गोथाई मिस्त्री लाल मोहन करमाली, मंडा पूजा सदस्य सदस्य जयनंदन गोप, वीरेंद्र गोप, मनोज गोप, गोपाल बेदिया, बालगोविंद बेदिया, कार्तिक विश्वकर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू में किया जल मीनार व छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतरातू बस्ती तालाब में छठ घाट निर्माण एवं रेल श्रमिक उच्च विद्यालय में सौर ऊर्जा द्वारा संचालित पानी टंकी का शिलान्यास स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। उक्त दोनों योजनाओं का क्रियान्वयन 15वें वित्त आयोग से होगा जिसका शिलान्यास सोमवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा शिलापट अनावरण एवं नारियल फोड़कर किया गया। वही इससे पूर्व शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद को भव्य तरीके से ढोल नगाड़ों एवं माला पहना कर स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आम



जनमानस की समस्याओं का समाधान एवं पूरे विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है जिसके लिए मैं सदैव तत्पर एवं कार्यरत हूं। ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल देखा गया ग्रामीणों ने विधायक को इस कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि इसी तरह क्षेत्र का चौमुखी विकास करते रहिए। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,स्थानीय मुखिया,पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता उप मुखिया पूजा देवी,सुषमा सिंह, शकुंतला देवी,सुमन देवी,भूषण गिरी,अवधेश सिंह,धनंजय सिंह,प्रकाश सिंह,थालेश्वर सिंह, संजना पाठक,पुष्पा देवी,प्रमिला देवी, द्रोपति देवी,सरिता देवी,पूनम देवी, गुड़िया देवी,बसंती देवी एवं सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पानी की समस्या को देखते हुए मुखिया शमशेर आलम ने टैंकर से भेजवाया पानी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**बरही भीषण गर्मी और पेयजल की किल्लत को देखते हुए बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम के सौजन्य से मल्लाह टोली के ग्रामीणों को पानी टैंकर के माध्यम से



पेयजल की व्यवस्था करवाई गई। मुखिया शमशेर आलम ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिल रही थी कि मल्लाह टोली क्षेत्र में जलस्तर नीचे चला गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को चापानल से पानी उपलब्ध नहीं हो रही थी। मुखिया ने त्वरित सक्रिय होते हुए उप मुखिया अजीत निषाद एवं टिंकू आलम की अगुवाई में पानी टैंकर के माध्यम से ग्रामीणों को जलापूर्ति करवाई। मुखिया ने कहा कि अपने पंचायत के ग्रामीणों को जब भी पानी की किल्लत होगी, मैं हमेशा सेवा देने के लिए मैं तत्पर रहूंगा। मौके पर उप मुखिया अजीत निषाद, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, कौशिक कुमार, शिवा निषाद, अनिल निषाद, सुनील निषाद, सुनील साहनी, महेंद्र निषाद, बंगाली निषाद समेत कई ग्रामीण महिला उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, मंगलवार, 20 जून 2023 | पेज 

## मंडा पुजा झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर व आस्था का महापर्व : विधायक अंबा



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम निम्मी में शिव आस्था का महापर्व मंडा पूजा का आयोजन किया गया। आयोजित शिव मंडा पूजा में विधायक अंबा प्रसाद ने शिरकत किया विधायक अंबा प्रसाद का सांस्कृतिक रीति रिवाज के अनुसार नृत्य व गीत गाकर तथा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और शिव आस्था का महापर्व है।हम सभी को इसे सहेज कर रखना है इसे बढ़ाना है।तथा हम सबको मिलकर झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने के साथ साथ पूरी दुनिया से इसका परिचय कराना है। यह पर्व अच्छी बारिश खेती और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। वहीं उन्होंने पूजा समिति के आयोजन कर्ताओं को बधाई दिया।

## जनता के लिए हर समय हूं तत्पर : विधायक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल के साथ वार्ड नंबर 4 के अर्जुन महतो ने विधायक सुनिता चौधरी से रजरप्पा प्रोजेक्ट आवास में मिलकर उनका धन्यवाद बुके देकर किया द्य मौके पर आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा के वार्ड नं 4 महादेव मंदिर निवासी वा अन्य ग्रामीणों के द्वारा पीने की पानी की समस्या के समाधान हेतु कुछ दिन पूर्व मांग पत्र सौंपा गए थी । जनता की समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए



विधायक सुनीता चौधरी ने छावनी अधिशासी अधिकारी से बात कर वार्ड नंबर 4 की जनता की पीने की पानी की समस्या के निदान के लिए सार्वजनिक स्टैंड पोस्ट लगवाने का कार्य किया गया द्य जिससे वार्ड नं 4 महादेव मंदिर के सभी निवासी काफी खुश है और सभी ने रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी को विशेष धन्यवाद दिया द्य मौके पर वार्ड नं 4 निवासी अर्जुन महतो ने कहा की जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हम लोगों ने अपना वोट देकर सुनिता चौधरी जी को विधायक बनाने का जो कार्य किया है, आज वह सफल होता नजर आ रहा है द्य इस दौरान माननीय विधायक को धन्यवाद देने वालों में रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल के साथ वार्ड नंबर 4 के अर्जुन महतो, मालती देवी, लक्ष्मण महतो, निरंजन महतो, रीना देवी, जुगल पंडित, विश्वनाथ सवर्णकार, मनोज जायसवाल, मेवालाल महतो , संदीप कुमार, दीपक वर्मा, राकेश वर्मा, विजय साव, भुनेश्वर ठाकुर, सुरेश ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस ने मनाया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का 53 वां जन्मदिन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कार्यालय पर आज एआईसीसी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य राहुल गांधी का 53 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोडरमा ओबीसी जिलाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने किया. जबकि मुख्य रूप से कोडरमा कांग्रेस के प्रथम पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू उपस्थित थे । मौके पर नेताओं व कार्यकर्त्ताओ ने कहा कि कोडरमा के इतिहास में यह पहला मौका है जब हम इतने धूमधाम से अपने नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर गाजे-बाजे के साथ केक काटकर मिठाईयां बांटकर खुशी मना रहे हैं। मौके पर प्रदेश सचिव मनोज सहाय लक्ष्मण यादव, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव अर्चना कुमारी, आशीष पांडेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी सहोदर राम, कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह, महिला नेत्री आशा देवी, हृदयानंद मिश्रा, अरविंद सेठ, उमेश साव, महताब आलम, सोनू वारसी, भोला दास, राजकुमार जैन, संदीप यादव, चंदन यादव, शंभू शर्मा, मिथिलेश कुमार, महिला नेत्री पुष्पा देवी, सुजाता देवी, संगीता देवी, गीता कुमारी ,उर्मिला देवी, पूनम देवी, रीना देवी, सुशीला देवी, आशा देवी, फूलमती देवी, गुड़िया देवी, गीता देवी, संगीता कुमारी ,पायल कुमारी, पिंटू दास, चंदन दास, महेश राम, मुरारी दास, सुशील राम, मंटू दास, प्रिंस यादव, सुनील कुमार, संजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, पवन मोदी, पंकज कुमार, विजय दास, बिट्टू रवानी भोलाराम आदि लोग मौजूद थे।

## समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)

(नगरपालिका निर्वाचन 2023)

Email - dprogarhwa84@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के पत्रांक – 472 दिनांक – 02.06.2023 के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2023 के तहत गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख), मझिऑव नगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर पंचायत के विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) मतदान केन्द्रवार मतदात सूची के **प्रारूप प्रकाशन** दिनांक – 19.06.2023 को किया गया है।

प्रारूप मतदाता सूची विनिर्दिष्ट स्थानों यथा संबंधित नगरपालिका कार्यालय, संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय एवं निम्न वर्णित प्राधिकृत पदाधिकारी के कार्यालय में मतदाताओं के निरीक्षण हेतु दिनांक – 01.07.2023 तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) 11:00 पूर्वाहन् बजे से 05:00 बजे शाम तक रखी जाएगी। प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर प्राप्त दावा/आपत्ति विहित प्रपत्र में दिनांक – 06.07.2023 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जाएगी।

प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं इसके निष्पादन हेतु नगरपालिका क्षेत्रानुसार निम्न विवरण के अनुसार पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है।

| क्र0 | नगरपालिका का नाम | प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम | मोबाईल नम्बर | दावा/आपत्ति देने हेतु चिन्हित स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग – ख) | श्री कुमार मयंक भूषण, अंचल अधिकारी गढ़वा | 7857986542 | अंचल कार्यालय गढ़वा |
| 2 | मझिऑव नगर पंचायत | श्री रामजी प्रसाद गुप्ता, अंचल अधिकारी, मझिऑव। | 6204604487 | अंचल कार्यालय मझिऑव |
| 3 | श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत | श्री श्रवण राम, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर उँटारी। | 8434174770 | प्रखण्ड कार्यालय नगर उँटारी |

संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के आमजन से अनुरोध है कि दिनांक – 19.05.2023 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर यदि किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो दिनांक – 06.07.2023 तक कार्यालय अवधि में उक्त कार्य हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में हस्तगत करा दिया जाय। उक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 300451 (Panchayati Raj) 23-24 (D)

## अधिवक्ता संघ ने किया बैठक, लिया केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री का स्वागत करने का निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा जिला अधिवक्ता संघ की एक आम बैठक सोमवार को एक नंबर हॉल में आयोजित की गई बैठक में 21 तारीख को कोडरमा सांसद केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया इसकी जानकारी देते हुए अधिवक्ता संघ के महासचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया कि कोडरमा सांसद केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री से बातचीत की गई है उन्होंने 21 तारीख को 9ः00 और अधिकता संघ परिसर में आने का सहमति प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले के सांसद देश की केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बनी है जो जिले के लिए गौरव की बात है। इसलिए अधिवक्ता संघ उनका भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया है इस दौरान एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसकी रूपरेखा एवं तैयारी को लेकर अधिवक्ताओं से राय ली गई। साथ ही विचार-विमर्श भी किया गया। जिससे कार्यक्रम को भव्य बनाया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा व उपाध्यक्ष धीरज जोशी ने किया। वही संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव मनीष कुमार सिंह ने किया। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता देवलाल बाबू, सत्यनारायण प्रसाद, सुरेश प्रसाद यादव, अरुण कुमार मिश्रा, जय गोपाल शर्मा ,रीतम कुमारी, मोतीलाल शर्मा अरुण सिंह रीना कुमारी , अरुण कुमार ओझा, चंदन पांडे ,गोरखनाथ सिंह, सुधांशु पांडे, राजेंद्र मोदी, भुनेश्वर राणा, आत्मानंद पांडे, श्वेता सिंह, रवि बनर्जी, सनी कुमार, अरुण कुमार नवीन कुमार सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष कुल 3 मामलों को रखा गया। इस दौरान समिति द्वारा आवेदनवार प्राप्त दस्तावेजों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान उप विकास आयुक्त, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोनरा मुखिया पहले चापानल बनवाया अब टैंकर से पानी को कर रही है पूरा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** पंचायतवासियों के लिए कोनरा मुखिया हमेशा तत्पर रहती है। बरही कोनरा के शाकरी मोहल्ला में पानी का लेयर नीचे चले जाने से लोगो को परेशानियों का सामना कर पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुवे कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम अपनी तरफ से टैंकर से पानी भेज कर लोगो को सुविधा दे रहीं है। जिससे इस भीषण गर्मी में लोगो को राहत मिली है। बता दे की पहले मुखिया ने जो भी सरकारी चापाकल खराब था, उसे ठीक करवाया, अब जहा लोगो को दिक्कत हो रहीं है वहा टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है। वहीं इस संबंध में मुखिया ने बताया की जहा नल खराब था उसे भी चालू करा दिया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता मो. बख्तियार, रियाजुल हक उर्फ बबलू, वार्ड सदस्य अफरोज आलम आदि के द्वारा लोगों के बीच जा कर सुविधा दी जा रही है।

## उपायुक्त ने किया नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने छत्तरमांडू स्थित नवनिर्मित, ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।




## कृषि विज्ञान केंद्र, मांडू द्वारा रामगढ़ जिले में मानसून व इस दौरान किसानों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि विज्ञान केंद्र, मांडू में संचालित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर दुष्यंत कुमार राघव ने कहां की जिले में आज से मानसून के विस्तार होने की संभावना है जिससे जिले के लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। जिले में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट तथा वर्षा के भी संकेत हैं। उन्होंने कहा कि 21-24 जून में जिले में आकाश में बादल बादल छाने के साथ मेघ गर्जन, वज्रपात एवं बूंदाबांदी सहित हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा लगभग 20-25 एमएम तक होने की संभावना है और जिले के अधिकतम तापमान में 40 से गिरावट के साथ 34 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 27 से गिरावट के साथ 24 डिग्री सेल्सियस होने की संभावना है। उन्होंने जिले के किसानों को मौसम पूर्वानुमान के आधार पर धान की खेती के लिए खेतों के मेढ़ो को दुरस्त करने की बात की। कहा की धान की सीधी बुवाई के लिए कम समय में तैयार होने वाली किस्मों जैसे सहभागी, आई.आर.-64 डी.आर.टी.-1, स्वर्ण श्रेया, स्वर्ण शक्ति धान बिरसा विकास धान-110 या 111, ललाट इत्यादि में से किसी एक किस्म का चुनाव करें7 धान का बिचड़ा तैयार करने के लिए बीजस्थली (नर्सरी) तैयार कर 3 से 4 दिनों के अंतराल पर क्रमशः तीन चार किस्तों में बीज बोए क्योंकि रोपा के समय का जो किया जाता है और ऊंची जमीन रहने के कारण अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर पानी जमा होता है एवं रोपा अवधि के दौरान उपयुक्त बिछड़ा उपलब्ध नहीं हो पाता है। बीजस्थली को जमीन की सतह से थोड़ी ऊपर रखें ताकि अधिक वर्षा की स्थिति में भी बिछड़ा जलजमाव से बचा रहे 1 एकड़ रोपा के लिए 16-18 किलोग्राम बीज तथा 10 डिसमिल जमीन (बीजस्थली) की आवश्यकता होती है बीजस्थली में 100 किलोग्राम कंपोस्ट, 2.5 किलोग्राम यूरिया, 6 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट तथा 1.5 किलोग्राम मूरिएट आफ पोटाश प्रति वर्ग मीटर की दर से मिट्टी में अच्छी तरह मिला दें। वर्षा के पानी को जमा करने के लिए अपने खेतों के ढलान के निचले भाग में 10×10×10 आकार का गड्ढा (डोभा) बना ले जिससे इसमें संग्रहित पानी का उपयोग खरीफ फसलों में आवश्यकता अनुसार जीवन रक्षक सिंचाई या रबी फसलों को उगाने में किया जा सके।

## कार्यालयः– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा।

पत्रांक 652(DHS) कोडरमा, दिनांक 17/06/2023

Expression of Interest (EOI)

### संशोधित सूचना

E.O.I आमत्रण सुचना पत्र संख्या 543 (DHS) दिनांक 26/05/2023 (PR NO 298423) के तहत आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना का बैलेंस शीट और रिसिप्ट एवं पेमेंट से सम्बंधित अंकेक्षण कराने हेतु चार्टड अकाउंटेंट्स से मुहरबंद EOI आमंत्रित की गई थी तथा EOI खुलने की तिथि 09/06/2023 निर्धारित थी। परन्तु केवल 2 EOI ही प्राप्त हुई थी इसलिए EOI तिथि को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 26/06/2023 को अपराह्न 5 बजे तक EOI स्वीकार की जाएगी तथा EOI खुलने की तिथि 27/06/2023 के अपराह्न 4 बजे उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभगार में निर्धारित है। जिनकी EOI प्राप्त हुई है, उनको दुबारा आमंत्रण भरने के आवश्यकता नहीं है।

अन्य शर्ते यथावत लागु रहेगा।

ह0/–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS कोडरमा।

PR 300461 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited

(CIN: U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY CIRCIE, HAZARIBAG
JULU PARK, HAZARIBAG PIN - 825301

### SHORT TENDER NOTICE

Sealed tenders in two parts (Part-I Technical & commercial) and Part –II price part subscribed on sealed in two envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.:-

| Sl. No. | STN. No. | Name of work | Estimate Cost ( In Rs.) | Cost of B.O.Q in Rs. (Non-refundable) | Earnest money To be deposited in Rs. | Time of completion of the work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 74/PR/JBVNL/23-24 | R/M of Roof of Electric Supply Circle, Jullu Park, Hazaribag | 3,96,760/- | 885/- GST included | 8,000/- | 02 Months. |

1. Last date for sale of tender documents up to. 04.07.2023
2. Last date & time for submission of Tender- 05.07.2023 upto 1:00 P.M.
3. Date & time for opening of Tender 05.07.2023 At 1:30 P.M.

Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Circle, Hazaribag in shape of Demand Draft.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्जकरायें।

Sd/-
Dy. General Manager (Technical)
Electric Supply Circle, Hazaribag

PR 300427 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 23-24 (D)

## Office of the Executive Engineer

Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

### E-Procurement Very Short Tender Notice

Tender Reference No. DWSD/LTR/SR-06/23-24 (1st Call) Date – 19.06.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Name of Department | ;- | Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand |
| 02 | Date & Time of Tender uploading in Web site | ;- | 21.06.2023 at 04.00 P.M |
| 03 | Last date of Receipt of Bid | ;- | 27.06.2023 upto 05.00 P.M |
| 04 | Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money | ;- | 28.06.2023 at 05.00 P.M<br>1. Executive Engineer D W & S Div Latehar<br>2. Suprintending Engineer D W & S Circle Medininagar |
| 05 | Date of Opening Tender | ;- | 01.07.2023 at 02.30 P.M |
| 06 | Name & Address of Tender Inviting Authority | ;- | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 07 | Contact No of Procurement Office | ;- | 9430725642 & 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Relcation of Defunct T/well 125mmx115mmx60 mtr deep S/R Drilled Tube Well complete with installation of India Mark-II Hand Pump with 32mm dia medium Class G.I Riser Pipe by DTH rig Machine with 125 mm blue UPVC Casing Pipe including Platfrm & Drain etc. for F.Y 2023-24 | SR-01 | 25 | 2097205.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 02 | | SR-02 | 25 | 2097205.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 03 | | SR-03 | 23 | 1929429.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 300404 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## कार्यपालक नगर पंचायत कोडरमा

अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2023–24 दिनांक 19.06.2023

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of Vending Zone Near Raja Talab in Ward No -01, Under Koderma Nagar Panchayat | 12387164.00 | **248000.00** | **10000.00** | 9 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | **22-06-2023** | | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | **28-06-2023** | | |
| C | Date of Hard copy receiving | | | **01-07-2023** | | |
| D | Date of opening Tender | | | **03-07-2023** | | |
| E | Name & Address of office inviting tender | | | **Executive Officer Nagar Panchayat Koderma** | | |
| F | Helpline No. | | | +91-8434850985 | | |

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 300412 Urban Development (23-24)_D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला पंचायत शाखा)

### सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उप निदेशक ,पंचायत राज, झारखण्ड, रॉंची के 1430 दिनांक 15/06/2023 के आलोक में विज्ञापन संख्या 01/2017 (नियमित नियुक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नियुक्ति हेतु पंचायत सचिव पद के अनुशंसित अभ्यर्थियों को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के स्तर से नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम दिनांक 22/06/2023 को अप0 1:00 बजे मोहराबादी मैदान रॉंची में निर्धारित है।

अभ्यर्थियों को उक्त कार्यक्रम में निम्नांकित औपचारिक परिधान में शामिल होना है :–

पुरूष –सफेद फूल शर्ट एवं गहरे रंग (काला, कॉफी ,भूरा ,नेभी ब्लू) का फूलपैंट तथा जूते, महिलाएँ –प्लेन साड़ी अथवा हल्के रंग का सलवार सूट में शामिल होने हेतु निदेशित किया गया है।

अतः उक्त के आलोक में रामगढ़ जिला के लिए पंचायत सचिव पद के नियुक्ति हेतु अनुशंसित 92 (बानवे) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त औपचारिक परिधान में शामिल होने हेतु आवश्यक व्यवस्था ससमय कर लिया जाय एवं वैसे अभ्यर्थियों जो दिनांक 22/06/2023 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के स्तर से नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में विभागीय वाहन (बस) में जाना चाहते है, वे दिनांक 22/06/2023 को प्रातः 8:00 बजे जिला समाहरणालय, छत्तरमाण्डू स्थित जिला पंचायत कार्यालय, रामगढ़ में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अनुलग्नक :–यथोक्त।

ह०/–
उपायुक्त, रामगढ़।

PR 300428 District(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/21/2022-23
Re-tender (2nd Call)P.R. No. 293960 Rural Development (22-23) D

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के बेड़ो प्रखंड के जोरिया पंचायत ग्राम टेंगरिया डोला पथ स्थित पोटपोटो नदी पर पुल निर्माण। | 305.642 | 6,11,300.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 2 | राँची जिला के प्रखण्ड–नगड़ी, पंचायत – नारो में पिस्का गांव से बालालौंग जोड़ने वाली स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण। | 306.359 | 6,12,800.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 23.06.2023
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.06.2023 से दिनांक 10.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 13.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
I) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची/जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, राँची/जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
iii) e-procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7.निविदा खोलने का स्थान :– e-procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
8.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.07.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
10.ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9523491111 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पदनाम से देय हो देना होगा।
12.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 300402 (Rural Development)23-24*D

## मूर्ति स्थापना सह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर शोभा यात्रा व यज्ञ का आयोजन

**बाघमारा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बेहराकुदार



कतरास में आयोजित श्री श्री राधा कृष्ण मूर्ति स्थापना सह हरि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ शोभा यात्रा सह भव्य कलश यात्रा में धनबाद चेयरमैन प्रतिनिधि सह भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शारदा सिंह सम्मिलित हुए। यज्ञ समिति द्वारा उनको अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। गाजे बाजे के साथ एवं भव्य झांकी, धार्मिक उद्घोष के साथ यज्ञ स्थल पहुंचे। यज्ञाचार्यो द्वारा कलश को वैदिक मंत्रोच्चार कर अभिमंत्रित कर यज्ञ मंडप में रखा गया। शेखर सिंह ने सभी श्रद्धालुओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा की बेहराकुदार में इतना बड़ा महायज्ञ का आयोजन बहुत ही सुन्दर कार्य किया है। इससे हमारी नई पीढ़ी को सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। साथ ही यज्ञ के हवन कुण्ड से निकले धुएं से हमारा पर्यावरण भी शुद्ध हो जायेगा। और क्षेत्रवासियों के खुशहाली, सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किए। इस शोभा यात्रा में सैकड़ो भक्तजन उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के



पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद राहुल गांधी के 53वें जन्मदिन के अवसर पर रक्त की कमी को देखते हुए। गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली के नेतृत्व में सदर अस्पताल के रक्त केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के दर्जनों युवाओं ने रकदान कर अपने नेता का जन्मदिन मनाया। मोके पर जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि देश के 140 करोड़ जनता की आवाज हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर आज रक्त की कमी को देखते हुए गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के द्वारा सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया और इस रक्तदान शिविर में भारी संख्या में नए रक्तदाताओं ने भाग लिया और रक्तदान कर अपने नेता का जन्मदिन मनाने का काम किया मैं सभी को विशेष रूप से बहुत बहुत बधाई एवं धन्यवाद देता हूं। आज देश में एक तरफ ऐसे ऐसे सत्ताधारी लोग है जो 9 साल बेमिसाल का जश्न मना रहे हैं लेकिन मैं समझता हूं कि बीजेपी के 9 साल और देश के गरीब, मजदूर, किसान, खिलाड़ी हुआ बदहाल।

## भाजपा अध्यक्ष के आगमन को लेकर किया गया समीक्षा बैठक

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 22 जून को गिरिडीह ज़िले में भाजपा



राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का आगमन गिरिडीह के झण्डा मैदान में होने जा रहा है। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को विवाह भवन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश द्वारा समीक्षा बैठक किया गया । जिसमें ज़िला अध्यक्ष महादेव दुबे, जमुआ विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी , पुर्व मंत्री चन्द्र मोहन प्रसाद, प्रेदश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव आदि लोग शामिल हुवे वहीं सुरेश साव ने बताया कि 22 जून को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का आगमन झंडा मैदान में होने जा रहा है इसी को लेकर बैठक की गई ।साथ ही कार्यक्रम स्थल की तैयारी का जायजा लिया गया। श्री साव ने बताया कि देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी का केंद्र सरकार में सुशासन एवं गरीब कल्याण योजनाओं के साथ नौ वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान के तहत विकास कार्य, जन कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को प्राप्त हो रहे लाभ तथा विदेशों में देश का जो मान सम्मान बढा है, इससे देश की जनता का भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है।

## योगाभ्यास करते उप मुखिया प्रतिनिधि व नन्हे मुन्ने बच्चे

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के झलकडीहा में सोमवार को



योगाभ्यास किया गया। झलकडीहा उप मुखिया प्रतिनिधि सहोदर मंडल के नेतृत्व में योगा कार्यक्रम आयोजित हुई ।

## वन विभाग की उदासीनता से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद





**राजमणि पांडेय@प्रभात मंत्र**

**गावां :** प्रखंड के विभिन्न जंगली क्षेत्रों में हरे भरे पेड़ पौधे की अंधाधुंध कटाई की जा रही है और विभाग को इसकी कानो कान खबर नहीं वन विभाग सो रहा है चैन की नींद सुबह होते हैं प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में ग्रामीणों पत्ता एवं जलावन की लकड़ी लाने के लिए रवाना हो जाते हैं परंतु इसी ग्रामीणों के आड़ में लकड़ी तस्कर अवैध रूप से अंधाधुन लकड़ी कटाई करते हैं। वन क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे हरे वृक्षो की अवैध कटाई से जंगल विरान हो रहे हैं। प्रत्येक वर्ष पौधरोपण के नाम पर विभाग की ओर से लाखों पेड़ तो लगाए जाते हैं। लेकिन अधिकांश पौधे जंगलों में नजर नहीं आते। बचेखुचे पेड़ भी विभाग की उदासीनता के चलते प्रति वर्ष आग की भेंट चढ़ जा रहे हैं। शाम ढलते ही लकड़ी तस्कर वाहन के माध्यम से बड़े-बड़े विशाल पेड़ पौधे की कटाई करके जंगल से खुलेआम ले आते हैं और मजे की बात तो यह है कि वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगती है वनों की रखवाली के लिए वन रेंज में वाचर, वन दरोगा के साथ ही अन्य कर्मचारी तैनात हैं बावजूद इसके जंगलों से प्रतिदिन हरे व सूखे पेड़ धड़ल्ले से काटे जा रहे है। अवैध वनों के कटाई से न सिर्फ प्राकृतिक संपदा की छति हो रही है। बल्कि क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन की वजह से बरसात में भी तेजी से गिरावट आ रही है। कोरोना महामारी के इस दौर में आक्सीजन की कमी से लोगों को दम तोड़ते हुए भी देखा जा रहा है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लापरवाह बने हुए हैं। सूत्रों की मानें तो पेड़ों की कटाई होते समय ही वनकर्मियों को खबर रहती है लेकिन मौके पर कोई वनकर्मी नहीं पहुंचता। जिसकी वजह से अवैध कटान में लगे लोगों के हौसलें बढ़े रहते हैं। समय रहते वनों की कटान पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में जंगल का आस्तीत्व खत्म होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में वन विभाग गावां के पदाधिकारी से संपर्क साधने का प्रयास किया गया परंतु उनके द्वारा कॉल नहीं उठाया गया जिस कारण संपर्क नहीं हो पाया।

## 7 लाख का नकली अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला उत्पाद विभाग ने सोमवार को शहर के सदर थाना क्षेत्र हीरापुर तेलीपाड़ा में औचक छापेमारी कर लगभग 7 लाख रुपये के नकली अंग्रेजी शराब जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि तेलीपाड़ा में नीलकमल डे नामक व्यक्ति नकली अंग्रेजी शराब बनाने का काम करता है। जिसे उत्पाद विभाग ने जनवरी-फरवरी के माह में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। परंतु जेल से छूटने के बाद नीलकमल दे एक बार फिर से नकली अंग्रेजी शराब बनाने का धंधा शुरू किया था। जिसे उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दबोच लिया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त माल का बाजार मूल्य लगभग 7 लाख रुपये की है।

## राहुल गांधी का मनाया गया जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर जिला 20 सूत्री कार्यालय में केक काट कर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में धनबाद जिला 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की ओर से राहुल गांधी के जन्मदिन पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### 13वीं झारखंड राज्य कैडेट जूडो चैम्पियनशिप में धनबाद बना उपविजेता

## 7 स्वर्ण, 3 रजत व 8 कांस्य पदक जीते

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया कि देवघर के मधुपुर स्थित महर्षी महेंद्र मुणी सरस्वती शिशु विधा मंदिर में दो दिवसीय झारखंड राज्य कैडेट जूडो चैम्पियनशिप का आयोजन 17-18 जून को किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सलुजा ग्रुप के जोरावर सिंह सलुजा वा झारखंड जूडो संघ के महासचिव परीक्षित तिवारी ने दिप प्रज्वलित कर किया। दो दिवसीय जूडो चैम्पियनशिप में धनबाद के खिलाड़ीयों ने 7 स्वर्ण, 3 रजत व 8 कांस्य पदक पर कब्जा कर धनबाद को उपविजेता बनाया। प्रतियोगिता में बोकारो टीम ने 50 अंक लाकर प्रथम, धनबाद 48 अंक के साथ द्वितीय एवं रामगढ 36 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। धनबाद के लिए पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राजकमल सरस्वती विधा मंदिर, डी ए वी कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच वा धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर से जुड़े है। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में किर्तिका कुमारी, मानसी कुमारी, आलाफिया जोहा, दर्षित सिन्हा, कार्तिक गोस्वामी, मानस कुमार, मो. ईमरान रहे। रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में पलक परमा, श्लोक तरवे, शिवम आनंद तथा कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आयुषी कुमारी, अनुषिका, लक्ष्मी कुमारी, निकिता



मंडल, शिवम कुमार, मिरनमय दास, मो.फैजल, देव कुमार रहे। धनबाद के कोच एवं मैनेजर राहुल शर्मा, अक्षय कुमार व सरीता कुमारी थी। धनबाद जिला के उपविजेता बनने पर राजकमल सरस्वती विधा मंदिर के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य एन.एन. श्रीवास्तव, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच की प्राचार्या पूर्णीमा शिल, धनबाद जूडो संघ के अध्यक्ष एस. एम. हासमी, कोषाध्यक्ष विनय रिटोलिया, पंचम शर्मा, अरुण कुमार, संजय रवानी एवं दिनेश मंडल ने बधाई दी है।

## सरिया : सरिया के समीर व अमन ने जेईई एडवांस परीक्षा में मारी बाजी

**समीर ने जेईई एडवांस परीक्षा में 4815 वां रैंक तो अमन ने 6237 वां रैंक किया हासिल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया प्रखण्ड क्षेत्र के दो छात्रों क्रमशः समीर मोदी व अमन आनन्द ने जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है । सरिया के किराना व्यवसायी अजय कुमार के पुत्र समीर ने 4815 वाँ रैंक हासिल किया है जबकि चौधरीडीह निवासी पत्रकार परमानन्द बर्णवाल के पुत्र अमन आनन्द ने 6237वाँ रैंक हासिल कर सफलता हासिल किया है । इसके पूर्व जेईई मेंस परीक्षा में समीर को 99.60 व अमन को 98.19 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए थे जिसके पश्चात वे जेईई एडवांस की परीक्षा दिया । अमन के पिता परमानन्द बर्णवाल एक हिन्दी दैनिक अखबार दैनिक भास्कर के पत्रकार हैं ,साथ ही वे बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक है जबकि माता मंजू देवी गृहिणी है । इसने वर्ष 2020 में मैट्रिक की परीक्षा सरिया संत मैरी पब्लिक स्कूल से 94 प्रतिशत अंक लाकर सफलता हासिल किया था और विद्यालय का टॉपर रहा था । जबकि +2 की पढाई राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद से किया ,जहाँ उन्होंने 95 प्रतिशत अंक लाकर वर्ष 2022 में सफलता हासिल किया था जिसके पश्चात इसने





जेई मेंस की तैयारी कोटा के पीडब्लू कोचिंग से किया और पहली बार में इसे सफलता हासिल हुआ है ।

आगे ये 19 जून से शुरु हो रहे काऊंसिलिंग में शामिल होकर अच्छे आईआईटी या एनआईटी कॉलेज में कम्प्यूटर साईस ऑफ इंजीनियरिंग में बीटेक करना अपना लक्ष्य बता रहा है ।वहीं समीर के पिता अजय कुमार किराना व्यवसायी व माँ गृहिणी है ,इसने मैट्रिक परीक्षा में सरिया डीएवी से 94 प्रतिशत अंक लाया था जबकि +2 की पढाई सुभाष पब्लिक स्कूल गिरिडीह से किया था और 95 प्रतिशत अंक हासिल किया था।

## बेंगाबाद : प्रखंड क्षेत्र में गहराया जलसंकट



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में गहराने लगा जलसंकट। बताया जाता है की पंचायत के कई गांवो में चापानल खराब पड़ा हुआ है वहीं कुंआ का जलस्तर दिनो दिन नीचे की और खीसकता जा रहा है। चापानल खराब होने से आये दिन ग्रामीणो को पानी के लिए भारी परेशानी हो रही है। पंचायत के कई ऐसे भी गांव है जहां अंधिकांश कुआं भी सुखने के कंगार पर है बेंगाबाद के ताराजोरी पंचायत एक ऐसा गांव हैं जो बहुल आदिवासी ही निवास करते हैं यहां आज भी लोगो को पानी के लिए पानी पानी होना पड़ रहा है बता दें की ताराजोरी पंचायत के जोंनरावेडा, तिलैबोना, केदुआटांड समेत कई गांव भें लोग पीने का पानी के लिए त्राहिमाम करते हैं महिलाएं सुबह उठते ही सबसे पहले पानी की जुगाड में जुट जाते हैं। वहीं मानजोरी, ताराजोरी, झलकडीहा, गेनरो, बदवारा, हरिला सहित पंचायत के कई गांवो में चापानल खराब है। ग्रामीणों ने खराब चापानल मरम्मत कराने की मांग जिला प्रशासन से की है ।

### स्वाभिमान की सचिव ने दी जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी

## जागरूकता कार्यक्रम से लोग सतर्क होंगे : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** माय चॉइस फाउंडेशन के सहयोग से स्वाभिमान संस्था द्वारा सुरक्षित गांव कार्यक्रम लगातार एक वर्ष से विद्यालय एवं गांव में ट्रैफिकिंग बाल विवाह बाल मजदूरी को रोकने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी महुदा थाना एवं बीडीओ बाघमारा प्रखंड और अन्य पदाधिकारी एवं स्वामी विवेकानंद प्लस टू महुदा में संस्था की सचिव सुषमा देवी ने दिया। सुनील प्रजापति बीडीओ बाघमारा ने इस कार्यक्रम को सराहनीय कहा और कहा की इस तरह का कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में एवं विद्यालय में होना बहुत जरूरी है बच्चे और स्थाई लोग जागरूक होंगे तभी ट्रैफिकिंग को रोका जा सकता है । इस तरह के कार्यक्रम से लोग सतर्क होंगे और अनजान लोग से अपने बच्चों एवं आसपास के सभी लोगों को सुरक्षित कर पाएंगे। जाने अनजाने यदि इस तरह फस जाते हैं तो इस टोल फ्री के नंबर के माध्यम से मदद की मांग कर सकते हैं संस्था सचिव सुषमा देवी ने सभी पदाधिकारियों शिक्षक को शिक्षिकाओं को धन्यवाद देते हुए कहा की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी की सहयोग की जरूरत है।

## पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के औड़िहार स्टेशन पर एनआई कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** वाराणसी मंडल के औड़िहार स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग कार्य के लिये नान इण्टरलॉक तथा औड़िहार-भटनी रेल खण्ड पर औड़िहार-सादात स्टेशनों के मध्य पैच डबलिंग कार्य हेतु ट्रेनों का परिचालन रद्द, मार्ग परिवर्तन, आंशिक समापन/प्रारंभ, पुनर्निर्धारित कर चलाया जायेगा जिनका विवरण निम्नवत है -

**रद्द ट्रेनें -** 1. गाड़ी सं. 15551 दरभंगा-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस - 21.06.23 को

2. गाड़ी सं. 15552 वाराणसी सिटी-दरभंगा एक्सप्रेस - 22.06.23 को

3. गाड़ी सं. 14008 आनंद विहार-रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस - 22.06.23 को

4. गाड़ी सं. 14007 रक्सौल-आनंद विहार सदभावना एक्सप्रेस - 23.06.23 को

5. गाड़ी सं. 12538/12537 प्रयागराज रामबाग- मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस - 26.06.23 को

परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1. दिनांक 22.06.23 को सीतामढ़ी से खुलने वाली गाड़ी सं. 14005 सीतामढ़ी-आनंद विहार लिच्छवी एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग छपरा-गाजीपुर सिटी-औड़िहार के रास्ते चलायी जाएगी ।

2. दिनांक 21.06.23 को आनंद विहार से खुलने वाली गाड़ी सं. 14018 आनंद विहार-रक्सौल एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग अयोध्या-मनकापुर-गोरखपुर-सीवान-छपरा के रास्ते चलायी जाएगी ।

3. दिनांक 21.06.23 से 24.06.23 तक गोंदिया से खुलने वाली गाड़ी सं. 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग वाराणसी-शाहगंज-मऊ-फेफना के रास्ते चलायी जाएगी ।

4. दिनांक 25.06.23 को बरौनी से खुलने वाली गाड़ी सं. 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग फेफना-मऊ-शाहगंज-वाराणसी के रास्ते चलायी जाएगी ।

### राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर मुरलीडीह में बैठक आयोजित

## राजनीति में सक्रिय व निर्वाचित महिलाओं को संपूर्ण अधिकार मिले : हलिमा एजाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के मुरलीडीह गांव में राजनीति में महिलाओं की सक्रियता बढ़ाने व भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता अभियान के तहत मुरलीडीह बस्ती में एक बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में महिलाओं की राजनीतिक परिस्थिति पर उपस्थित महिलाओं ने चिंतन-मनन किया। उक्त बैठक में खेल के माध्यम से किशोरियों एवं महिलाओं को राजनैतिक दांव-पेंच को समझाया गया।

## झरिया : लाल मिट्टी वाले धूलकण दे रहे मौत को दावत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कोयला उत्खनन के दौरान ब्लास्टिंग से उड़ते धूलकण के कारण झरिया के लोग अब अपने घरों की छत या आंगन में सोने की बजाय कमरों में रात गुजार रहे हैं। कतरास मोड़, सिंह नगर, राजबाड़ी, कोयरीबांध, चार नंबर टौक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, ऊपर कुल्ही समेत अन्य क्षेत्र के लोग हवा में उड़ते हैवी डस्ट (लाल धूलकणों) के कारण कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सड़क व घरों के बाहर खड़े वाहनों पर प्रतिदिन सुबह लाल मिट्टी की मोटी परतें अक्सर देखने को मिल जाती हैं। अगर कोई व्यक्ति गलती से एक रात बाहर गुजार ले तो सुबह पूरा शरीर लाल पाउडर से भरा मिलेगा। झरिया शहर में तेजी से फैलता प्रदूषण अब जन मुद्दा बनता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से लोग सड़क पर उतर कर बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन भी कर रहे हैं। झारखंड सरकार व डीजीएमएस से खनन कंपनियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया और लोग इसी प्रदुषित वातावरण मे जीने को विवश हैं।

## यादव महासभा धनबाद के पूर्वी टुंडी के प्रदेश अध्यक्ष बने नरेश यादव



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रदेश यादव महासभा झारखंड धनबाद जिला अध्यक्ष अशोक यादव और प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर यादव के नेतृत्व में पूर्वी टुंडी से कर्मठ और जुझारू समाजसेवी नरेश यादव को पूर्वी टुंडी का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। नरेश यादव के साथ दर्जनों युवा साथियों ने प्रदेश यादव महासभा का सदस्यता ग्रहण किया है। वहीं मौके पर धनबाद जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने बताया प्रदेश यादव महासभा हर घर शिक्षा अभियान और नशा मुक्ति जो समाज को दीमक की तरह खाए जा रहा है ऐसे लोगों को जागरूक करने का काम करें और अपनी समाज को नई दिशा और दशा देने पर जोर दिया जाए।

# मनीर उरांव की अध्यक्षता में विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का हुआ आयोजन

➲हेमंत कि सरकार भ्रष्टाचार की आकंठ में डूबा हुआ है, जनता उखाड़ फेकेगी : शिवशंकर उरांव

➲केंद्र की चौमुखी विकास से विपक्ष डरा हुआ है, 2024 में पुणन्परचम लहराएगी : सुदर्शन भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा सदर प्रखंड कार्यालय स्थित टाउनहॉल में विधानसभा स्तरीय लोहरदगा विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा लोकसभा माननीय सांसद सुदर्शन भगत और मुख्य वक्ता पूर्व विधायक सह भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उराँव, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम् गीत के साथ में शुरुआत की गई। लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की संख्या इतनी है कि एकबार में उसकी व्याख्या करना असंभव भाजपा विकास करने वाली पार्टी है इसका प्रमाण आमजनमानस ने दिया है। विगत 9 वर्षो से लगातार मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब, किसान, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, सुरक्षा, सामाजिक, आर्थिक, महिला, युवा, वृद्ध सहित सूदूर क्षेत्र में निवास करनेवाले अंतिम व्यक्ति लाभान्वित किया है। आज हर गरीब व्यक्ति का पांच लाख बीमा,महिलाओं के नाम घर, राशन कार्ड, शौचालय, स्वयं सहायता समूह, जनजातीय क्षेत्र जनजाति महिला को सशक्त करने के लिए छोटी-छोटी उद्योग से जोड़ने का कार्य किया उसी का सबसे बड़ा उदाहरण हमारे ही क्षेत्र से रागी लड्डू जो आज वैश्विक व्यापार में अपना पहचान बनाने वाली है। हमारे जनजाति क्षेत्र के बच्चे कैसे शिक्षित हो उसके लिए हर प्रखंड में एकलव्य विद्यालय की व्यवस्था बनाई गई है जिसमें बच्चों के रहने से लेकर खाने तक की व्यवस्था की गई है जो विगत 70 वर्षो में नहीं हुआ आज वह आदिवासी क्षेत्र के लिए मोदी जी ने योजना बनाई है । सड़कों का जाल सुदूरवर्ती इलाकों तक पहुंच चुका है जहां कि आज एक आम किसान अपनी उपज की सही मूल्य पाने के लिए किसी भी दूरी को आसानी से तय कर सकता है वही 2014 से पहले लोग अपनी उपज को सही पथ नहीं होने से दूसरे स्थानों पर अपने मेहनत को नहीं पहुंचा पाते थे और उनका सही सम्मान नहीं मिल पाता था। विगत पूर्वर्ती झारखंड की सरकार जब भाजपा की थी तब बहुत सारे ऐसी योजनाओं को लागू किया था जो आम जन किसान महिला को सीधा सशक्त करने का कार्य कर रहे थी परंतु उसे वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया इससे स्पष्ट होता है कि झारखंड सरकार झारखंड की जनता को लेकर उनकी कार्यशैली संतोषजनक नहीं है। झारखंड में योजनाओं में बहुत सारे व्यवधान यदि लाभुकों को जूझ रही है तो उसमें झारखंड सरकार की ही लापरवाही है आज लाभुक को बालू नहीं मिल पा रहा है और बालू झारखंड से बाहर बिचौलियों के माध्यम से चलायी जा रही है । यह सभी कार्य किन के माध्यम और किन की संलिप्तता से हो रही है यह सारी जानकारी सरकार को है परंतु वह कार्रवाई नहीं करना चाहती आज बहुत सारे युवा पर बालू संबंधित कार्रवाई कर रही है कोर्ट के चक्कर काट रहे भविष्य खराब हो रहा है उसमें अवयस्क है मूल बिचौलियों पर कार्रवाई नहीं कर रही जो इसी कारण बेखौफ शहरों में रात भर बालू गाड़ियां भर भर कर दौड़ते नजर आती है और सरकार कार्वाही के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। इसलिए हम सभी लोगों को 2024 की चुनाव के लिए पुनः एकबार के लिए पुनः भ्रष्टाचार मुक्त भाजपा की सरकार स्थापित करने के लिए संकल्पित होकर क्षेत्र में लाभार्थियों से संपर्क और क्रियान्वित योजनाओं पर चर्चा करनी होगी। शिवशंकर उरांव ने कहा कि आज हमारे केंद्र की सरकार का नेतृत्व कर रहे नरेंद्र मोदी जी गरीबी में होने वाली पीड़ा को जानते हैं। उन्होंने अपनी मां की कष्ट को देखा है इसीलिए वर्तमान में आजादी के बाद योजनाओं का निर्माण और निष्पादन सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ धरातल पर किया जा रहा है। आज भारत का हर एक नागरिक प्रत्येक योजनाओं के लाभ की राशि सीधे अपने खाते में भ्रष्टाचार मुक्त प्राप्त कर रहा है। बिचौलिए खत्म हो रहे हैं। परंतु वही निष्पक्षता विपक्ष के लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रही है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्रीय भाजपा सरकार हमारे धरोहर और संस्कृति की चिंता करने वाली है जिसकी आजादी के बाद नेतृत्व करने वाली सरकार वोट बैंक की भ्रम की नीतियों के तहत षड्यंत्र कर नष्ट करने की कोशिश धरातल किया जा रहा था। आज भारत के राम मंदिर का निर्माण काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर उज्जैन मंदिर कॉरिडोर शहीद शहीदों का सम्मान में बने कई द्वीप स्मारक उदाहरण है। भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद से ऊपर होकर कई प्रमुख पदों पर समाज में बैठे हुए थे बुद्धिजीवियों को भी अवसर दिया जिन्होंने अपने जीवन में कल्पना नहीं की थी राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू उसकी उदाहरण जो एक साधारण घर से संघर्ष करती हुई समाज का नेतृत्व किया था। जनजाति समाज के लिए अलग से मंत्रालय का गठन किया। आज हर एक भारतीय को विश्व भर के अलग-अलग जगहों पर सम्मान के रूप में देखा जाता है।

## इमरान आजाद अंसारी बने लोहरदगा इंटक राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर दुबे पूर्व सांसद ने पत्र जारी करते हुए लोहरदगा सेरेंगहातू तोड़ार निवासी इमरान आजाद अंसारी को उनकी निष्ठा एवं संगठन के प्रति रूचि और इमानदारी को देखकर लोहरदगा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है और उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी ने इमरान आजाद अंसारी को बधाई दिया है। बधाई देने वालो में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक से मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत,जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, महिला जिलाध्यक्ष सीमा परवीन, सेवा दल जिला अध्यक्ष संभू प्रजापति, ओबीसी प्रदेश कॉर्डिनेटर संतोष महतो, जिप सदस्य रीना कुमारी, जिला उपाध्यक्ष रऊफ अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे,जिला उपाध्यक्ष पंचम राम, समूल अंसारी जब्बारूल अंसारी, सलीम बड़े, प्रभात भगत, पवन गौतम, सनियारो उरांव, शाहिद अहमद बेलू, संतोषी उरांव, सदरुल अंसारी,ठाकुर प्रसाद सुचित्रा भगत, दीपक महतो, सत्यजीत सिंह, नंदकिशोर शुक्ला,रमेश उरांव, रविंद्र सिंह खेरवार, मुस्ताक अहमद, सुनीता कच्छप, सुमित्रा कुमारी कुणाल अभिषेक, अख्तर अंसारी,अरुण वर्मा, खालिद अंसारी, महेंद्र भगत, शरद कुमार विद्यार्थी, इकबाल खान, परवेज सिद्धकी, मुर्शीद आलम, सोहराब अंसारी, इंतखाब आलम, तनवीर गौहर, इनुस अंसारी, अनिस अहमद, सत्यदेव भगत, जुगल भगत, विनोद खेरवार, अनिल उरांव, गुलाम जिलानी, तौसीफ आलम, रंजीत लकड़ा, इमरोज़ अंसारी, मुशर्रफ रजा, जमील अंसारी, अमृता भगत, प्यारी उरांव, सुखी उरांव, सरिता देवी, राजमणि उरांव, आदि शामिल हैं।

# ससुराल वालो ने बहु को खिलाया जहर स्थिति बिगड़ने पर महिला को अस्पताल में कराया भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अरु ग्राम में महिला को ससुराल वालों ने खिलाया जहर स्थित बिगड़ने पर महिला का फुफेरा भाई ने अस्पताल में कराया भर्ती साथ ही कारवाई हेतु थाना में लगाया गुहार। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम में ससुराल वालों ने षड़यंत्र के तहत अपने ही बहु को जबर्दस्ती जहर खिला कर जान से मारने का प्रयास किया गया। घटना रात्रि लगभग 11:30 बजे का है। महिला रजीना खातुन ने अपने ससुराल वाले के विरुद्ध जहर खिलाने का लगाई आरोप बोलिं कि छोटी छोटी बातों को लेकर हो रही घरेलू विवाद हुआ है। जिसमें कई बार अंजुमन इस्लामिया अरु एवं गणमान्य लोगों के पहल से समझौता भी किया गया था। परंतु महीना दो महीना के बाद सास ससुर एवं ननद के द्वारा पूर्व की भांति लड़ाई झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा था। काफी समय बीतने के बाद ससुराल वाले पहले जैसा ही दुर्व्यवहार एवं मारपीट करने लगे। महिला का फुफेरा भाई फिरोज अंसारी गाँव ही रहता है। जिसने अपनी ममेरी बहन को जहर देने का आरोप लगाते हुए तीन नामजद के विरुद्ध कानूनी कारवाई हेतु थाना में गुहार लगया। बताया जाता है कि रजीना खातून के पति हमीद अंसारी अपना पहली पत्नी को लेकर एक वर्ष पूर्व से घर से बाहर रह रहा है। इस बीच मेरी बहन के सास ससुर एवं ननद द्वारा छोटी छोटी बात को लेकर मारपीट एवं लड़ाई झगडा कर जान से मारने की धमकी दिया जाता था। साथ ही कहा कि बहन के ससुर उस्मान अंसारी पिता स्वर्गीय गफूर अंसारी,सास शाहजहां खातून पति उस्मान अंसारी तथा पम्मी उर्फ परिणा खातून पिता उस्मान अंसारी द्वारा षड़यंत्र के तहत रात्रि में जबर्दस्ती मेरी ममेरी बहन रजीना खातून को जहर खिलाया गया जिससे मेरी बहन का तबियत बिगड़ने लगा और उसी समय सोर गुल होने लगा तो मैं बहन का घर गया। और अपने परिवार वाले तथा पड़ोसीयों के मदद से बहन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां मेरी बहन अभी इलाजरत है। और स्थिति नाजुक बताया जा रहा है।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में कॉलेज की भूमिका श्रेष्ठ : विद्वत परिषद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्वत परिषद के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में कॉलेज श्रेष्ठ भूमिका निभा रहा है। गोष्ठी की शुरुआत टाना भगत इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिरीश प्रसाद केसरी द्वारा वंदना सभा में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व महाविद्यालय के परिसर में विद्वत जनों द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमें आम, अमरूद, चीकू, नाशपाती, लीची आदि के पौधे लगाए गए। अतिथि परिचय और स्वागत प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी द्वारा किया गया। उन्होंने विद्वत परिषद की भूमिका पर जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वत जनों ने सुझाव दिया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर हो इसके लिए बच्चों की उपस्थिति



नियमित होनी चाहिए, योग व्यायाम प्रतिदिन विद्यालय में होना चाहिए ताकि बच्चे स्वस्थ रह सके,महीने में एक बार अभिभावक बैठक होनी चाहिए ताकि बच्चों की घरेलू गतिविधियों से आचार्य, दीदी जी भी अवगत हो सके तथा नामांकन के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करना चाहिए ताकि कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मध्यम व निम्न वर्गीय परिवारों को भी मिल सके। सभी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महाविद्यालय की भूमिका को श्रेष्ठ बतायाा। बैठक में उपस्थित विद्वत परिषद सदस्यों में बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य परमानंद अग्रवाल, पतंजलि योग समिति के जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, सेवानिवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बैजनाथ मिश्र, डॉक्टर कुमुद कुमार, सेवा निवृत्त कला शिक्षक देवानंद महतो, बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य लोहरा उरांव, विद्या मंदिर के पूर्व आचार्य गोरख पांडे, ताना भगत इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिरीश प्रसाद केसरी तथा पीटीपीएस कॉलेज पतरातु के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर विद्यानंदन शर्मा शामिल थे। बैठक में विद्वत परिषद की प्रमुख प्रीति कुमारी गुप्ता और सह प्रमुख ऋद्धि मिश्रा भी उपस्थित थी।

## बीडीओ ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक पार्टी, बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक



**भंडरा, लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में सोमवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर राजनीतिक पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष, बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक किया गया। बैठक में छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार, मतदाता सूची से ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को हटाकर रंगीन फ़ोटो अपलोड करने सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि 2024 में लोक सभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग अपना तैयारी में जुट गया है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में 18 वर्ष पूर्ण हो चुकें युवक-युवतियों का प्रपत्र छह भरना सुनिश्चित करें, ताकि उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सकें। साथ ही उन्होंने प्रत्येक दिन 30-30 मतदाताओं का सत्यापन कर प्रखंड कार्यालय को रिपोर्ट भेजने, मतदान केंद्र में पेयजल, बिजली, रैंप, शौचालय की व्यवस्था से संबंधित रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। मौके पर रउफ अंसारी, नीलम देवी, सुमित्रा टोप्पो, अनिता उरांव सहित प्रखंड के बीएलओ मौजूद थी।

# भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के पहल पर कुटमाकछार में लगा ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग प्रखंड के कुटमाक्क्षार पंचायत के कोकड़ाछेरा भण्डार टोली गांव के विद्युत उपभोक्ता करीब पांच महीने से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अंधेरा में जीवन व्यतीत कर रहे थे। भाजपा नेता श्री श्रद्धानंद बेसरा जी के प्रयास से कोकड़ाछेरा गांव में ट्रांसफार्मर मिलने से गांव के सभी लोग खुश हैं। श्री बेसरा जी के द्वारा पारंपरिक तरीके से नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया गया। इस उपलक्ष्य में श्री बेसरा जी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विद्युत हमारे जीवन के लिए बहू उपयोगी हो गया है, इस टेक्नोलॉजी युग में विद्युत के बगैर बेहतर जीवन की परिकल्पना नहीं कर सकते। पर इसके लिए हमें विद्युत बिल का भुगतान नियमित रूप से करना होगी, ताकि अत्यधिक बिल का बोझ ना हो। दुकान चलाने वाले उपभोक्ता दुकान चलाने के लिए अलग से कमर्शियल कनेक्शन आवश्यक लें। डोमेस्टिक कनेक्शन से दुकान चलाने पर विद्युत विभाग, उपभोक्ता को चोरी के केस में डाल देती है। उपभोक्ता इससे बचने का प्रयास करें। केंद्र सरकार के सौभाग्य योजना और दीनदयाल विद्युतीकरण योजना के कारण आज गांव गांव, घर-घर में विद्युत पहुंच गया है। इसी तरह केंद्र सरकार की बहुमुखी योजना घर घर नल जल के तहत हर घर में जल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। पर इसके लिए यह ध्यान रहे कि जो कम्पनी जल मीनार लगा रही हैं, वह चालू चापाकल में ही लगाय, ताकि 24 घंटा जल मिलता रहे।

## जन भावना फाउंडेशन ने किया हेल्थ केयर कार्ड व बालिका समृद्धि योजना रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बाँसजोर प्रखंड में जन भावना फाउंडेशन (NGO) के बैनर तले बाँसजोर प्रखंड हेड अमित हर्षित देवी के नेतृत्व में बाँसजोर पंचायत के बाँसजोर बरटोली हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार एवं प्रखंड हेड पाकरटांड के आनंद बड़ाईक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।इस दौरान खुशीराम कुमार ने कहा कि जनभावना फाउंडेशन वर्तमान में जिस तरह से काम कर रही है आने वाले दिनों में पूरे पंचायत के लोगों तक सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से लोगों तक पहुँचा कर लाभ दिया जाएगा।साथ ही साथ बाल विवाह में रोक थाम का कार्य कर रही है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव हो।जनभावना फाउंडेशन का उद्देश्य



है हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार। अभी वर्तमान में सरकार की बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना एवं बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर जरूरत के सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं।वर्तमान में जनभावना फाउंडेशन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ को लोगों तक पहुंचा कर सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम में उप मुखिया अनिता बड़ाईक,बसन्ती बूढ़ सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## महिला बाल विकास के द्वारा प्रखंड के 03 गांवो में आंगनबाड़ी सहायिका का हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 जुन सोमवार को प्रखंड के 03 गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिकाओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से सीडीपीओ सोनिया मंजुल की उपस्थिति में किया गया। प्रखंड के उतका में नौशाद अंसारी की पत्नी रूमी खातून को सहायिका के रूप में चयन किया गया। जबकि विराजपुर में आंगनबाड़ी सहायिका में लक्ष्मी कुमारी का चयन किया गया। वहीं कैरो आदिवासी मुहल्ला में स्वर्गीय शकलु उरांव की पत्नी गीता उरांव का चयन किया गया। हालांकि आदिवासी समाज के कुछ लोगों द्वारा चयन प्रक्रिया पर आपत्ति भी किया गया है। मौके पर सीडीपीओ सोनिया मंजुल, सुगिया कुजूर, सुचित्रा उरांव, अख्तरून निशा, सुनीता देवी सहित प्रतिनिधि व अनेको ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## ठाकुरबाड़ी मंदिर में नेत्रदान अनुष्ठान एवं भंडारे का हुआ आयोजन, आज धूमधाम से निकाली जाएगी रथ यात्रा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के गुजरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के अलावे भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर में सोमवार को रथ यात्रा को लेकर महंत राम नरेश शरण ठाकुरबाड़ी मंदिर लोहरदगा, महंत ओमप्रकाश शरण श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर रांची चतुर्भुज दास, मनोज दास, अयोध्या दास, मोहन दास, शैलेश दास, वरुण दास, सर्वेश पाठक, विष्णु दास आचार्य विभाकर पाठक, विवेकानंद मिश्रा, संजय पुरोहित, दिगंबर मिश्रा, प्रेम शर्मा, अवधेश महंती व शुभम पुरोहित द्वारा विधिवत भगवान जगनाथ,भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के सभी विग्रहों का नेत्रदान व श्रृंगार अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इस दौरान आचार्यो द्वारा विधिवत हवन पूजन के पश्चात नेत्रदान व श्रृंगार किया गया। मौके पर रथ मेला के आयोजन समिति के प्रधान सेवक राधा मोहन शर्मा एवं मनोज दास ने कहा कि मंगलवार को चलती रथ मेला को लेकर सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। मेले में शांति व्यवस्था को लेकर आयोजन समिति द्वारा कंट्रोल रूम का निर्माण भी किया गया है। जिसमें आयोजन समिति द्वारा गठित स्वयं सेवी दल द्वारा मेले में शांति व्यवस्था को लेकर तैनात रहेंगे। भगवान जगनाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ में आरूढ़ होकर ईस्ट गोला रोड एवं अखिलेश्वर धाम स्थित मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। साथ ही गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें मुख्य रुप से सांसद सुदर्शन भगत, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, ओमप्रकाश सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल,सुधीर अग्रवाल,मनीर उरांव, राकेश प्रसाद, राजकुमार वर्मा,आलोक साहू,अभय महतो के अलावे सैकड़ों श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण।

# रुआर-2023 सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम, छात्रों को विद्यालय से जोड़ने का सार्थक हो : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा की ओर से आज दिनांक 19.06.2023 को स्कूल रुआर-2023 (बैक टू स्कूल कैंपेन) के कार्यशाला-सह-बैठक का आयोजन न्यू रोड खादगढ़ा स्थित मैरेज हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि रुआर-2023 कार्यक्रम सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत छात्रों को विद्यालय से जोड़ने का सार्थक प्रयास है। हमारे सरकारी विद्यालय भी किसी निजी विद्यालय से कम नहीं है। यह कार्यक्रम बच्चों को विद्यालय में उनके नामांकन और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। इससे पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा द्वारा स्कूल रुआर-2023 विषयक जानकारी दी गई। बताया गया कि इसके अंतर्गत 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को पुनः विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित अध्यापन कार्य का संपादन किया जाना है। इसके संदर्भ में विद्यालय स्तर पर 16 जून से 15 जुलाई 2023 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा ताकि बच्चों की नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित किया जा सके। समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 6 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालययी शिक्षा पूर्ण कराना है। विगत वर्षों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अनेक प्रयास किए जा रहे हैं, परंतु ड्रॉपआउट में अपेक्षाकृत प्रगति परिलक्षित नहीं हो रही है। बच्चों के हित में सभी भागीदारियों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। जिसके अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, शिक्षा से जुड़े कर्मी और पदाधिकारी की भागीदारी से यह लक्ष्य की प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सुनियोजित एवं संगठित ढंग से संचालित करने के लिए अभियान का उद्देश्य,लक्ष्य, क्रियान्वयन, रणनीति एवं एक सुस्पष्ट कार्ययोजना बनाई गई है। जो विद्यालय स्तर पर आयोजित होगी।

# विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से शेड व चबूतरा निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत सलगापोस पारिश में माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा अपने विधायक मद से आर सी प्रथिमिक विद्यालय में सेड एव चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि मुझे जैसे ही पता चला कि इस विद्यालय में चबूतरा और सेड का नही होने से छात्र छात्राओं को असुविधा हो रही थी तो मैंने सबसे पहले इसे प्रथिमिकता दिया। इस शेड का बन जाने से धूप बरसात में बच्चो को बचने में काम आएगा साथ ही साथ यह एक स्टेज का भी काम आएगा। में जब से विधायक बना हु तब से हमरे विधानसभा क्षेत्र के स्कूलो में आपने विधायक मद से बच्चों का भविष्य के बारे में विकास का कार्य में प्रथिमिकता दिया हु। मेरा हमेशा से यही सोच रहा है कि जनता ने मुझे जिस उम्मीद से विधायक बनाया है उसी उम्मीद से में जनता का सेवा करू इसलिय क्षेत्र



की जनता की विकास संबंधी आवश्यकताएं पूरी हों, उनकी समस्याओं का निराकरण तुरंत किया जाए, यह मेरी सर्वोधा प्राथमिकता रहती है। साथ ही कहा कि न्याय के साथ विकास की विचारधारा गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कांग्रेस महागढबंधन की सरकार जारी रखेगी। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष अशफ़ाक आलम, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, जमीर हासन, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, मण्डल अध्यक्ष जॉन लकड़ा, प्रिंस कुमार, अब्दुल वाहिद, अमृत चिराग तिर्की, इशाक डुंगडुंग, अनूप तिर्की, सुधीर तिर्की, मुकुल डुंगडुंग, इमिल कुजूर, आदि उपस्थित थे।

## जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने किया बीज वितरण का शुभारंभ



**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार द्वारा संपोषित किसान उत्पादक संगठन जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने खरीफ 2023 बिरसा फसल उत्पादन, बिज विनिमय वितरण तथा फसल विस्तार योजना के अंतर्गत 50त्न अनुदान पर धान बीज का वितरण अंचल अधिकारी खगेन महतो, प्रखंड प्रमुख जुसाफ लुगुन तथा जिला परिषद रोजालीया संता कंडुलना के द्वारा किसानों को बीज वितरण कर शुभारंभ किया गया। अंचल अधिकारी खगेन महतो ने किसानों को हौसला बढ़ाते हुए किसानों को बारिश होते ही खेती करने का बात कहा किसान उत्पादक संगठन किसानों के लिए कारगर साबित हो रही है इससे अच्छा से चलाएं। मौके पर उपस्थित रोजालीया संता और जुसाफ लुगुन ने ने भी किसानों का हौसला बढ़ाया। किसान उत्पादक संगठन के सीईओ सोनू सिंह ने सभी किसानों को किसान उत्पादक संगठन के संबंध में विस्तार से बताया एवं सभी किसानों को 50त्न अनुदान पर बीज ले जाने का बात कहा एक से दो दिन के अंदर सब्जी बीज भी उपलब्ध हो जाएगा किसान आसानी से सब्जी बीज एवं धान का बीज ले जा सकते हैं। आगे किसान उत्पादक संगठन किसानों का कई समस्याओं को लेकर काम करेगा जिसके कारण किसान उत्पादक संगठन का सदस्य बन कर उनका लाभ ले सकते हैं। मौके पर संगठन के निदेशक रजनी कुमारी, दीपक चीक बड़ाईक, राजेंद्र मांझी, महेश्वर प्रधान, अर्जुन महतो सदस्य सीता देवी, रामप्रसाद, विलियम कृषक संतोष सिंह, राजेंद्र काशी, राजेंद्र नाग, सावित्री देवी, के अलावे काफ़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### प्रधानमंत्री की आगामी अमेरिकी यात्रा रक्षा सहयोग के दृष्टिकोण से महत्वपूर्णः विदेश सचिव

**नई दिल्ली** : विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुधवार से होने वाली अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा रक्षा सहयोग, वाणिज्य और निवेश के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस दौरान रक्षा उद्योग सहयोग का खाका तैयार हो सकता है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की आगामी यात्रा पर दिल्ली में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर व्यापक और गहन चर्चा होगी। भारत और अमेरिका के बीच तकनीकी साझेदारी बहुत समृद्ध है और हम कम्पयूटर चिप्स और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकों पर पर्याप्त प्रगति करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 से 25 जून तक अमेरिका और मिस्र की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा करेंगे। यह यात्रा न्यूयॉर्क में शुरू होगी, जहां प्रधानमंत्री 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री वाशिंगटन डीसी की यात्रा करेंगे, जहां 22 जून को व्हाइट हाउस में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा और वे उच्चस्तरीय संवाद जारी रखने के क्रम में राष्ट्रपति बिडेन से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन उसी शाम प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।

### भारत ने वियतनाम को उपहार में दी स्वदेशी मिसाइल कार्वेट आईएनएस कृपाण

**नई दिल्ली** : भारत ने वियतनाम पीपुल्स नेवी को स्वदेश निर्मित मिसाइल कार्वेट आईएनएस कृपाण उपहार में देने की घोषणा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान गैंग के साथ द्विपक्षीय बातचीत के बाद यह ऐलान किया। वियतनाम को उपहार में दिया गया युद्धपोत आईएनएस कृपाण मिसाइल जलपोत के खुखरी वर्ग का तीसरा जहाज है। वियतनाम को उपहार में दिया गया युद्धपोत आईएनएस कृपाण मिसाइल जलपोत के खुखरी वर्ग का तीसरा जहाज है और इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने किया था। मध्यम आकार के इस युद्धपोत के शस्त्रागार में सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, एक मध्यम दूरी की बंदूक, एंटी एयरक्राफ्ट शोल्डर-लॉन्च मिसाइल और क्लोज इन वेपन सिस्टम शामिल हैं। यह सतह और हवाई निगरानी राडार के साथ-साथ बंदूकों के लिए अग्नि नियंत्रण राडार से लैस है। इसमें लगी मिसाइल 85 किमी. तक के लक्ष्य को भेद सकती है, जबकि इसकी एंटी-एयरक्राफ्ट गन 15 किमी. की रेंज में प्रति मिनट 5000 राउंड फायर कर सकती है। इससे पहले द्विपक्षीय वार्ता में दोनों मंत्रियों ने विशेष रूप से रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा और बहुराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को बढ़ाने के साधनों की पहचान की। रक्षा मंत्री ने स्वदेशी रूप से निर्मित इन-सर्विस मिसाइल कार्वेट आईएनएस कृपाण को उपहार में देने की भी घोषणा की, जो वियतनाम पीपुल्स नेवी की क्षमताओं को बढ़ाने में मील का पत्थर होगा। बैठक के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहल की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें दोनों पक्षों ने संतोष व्यक्त किया। वियतनाम के रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ मुख्यालय का भी दौरा किया और रक्षा अनुसंधान और संयुक्त उत्पादन में रक्षा औद्योगिक क्षमताओं को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

# राज्य में होगा एक लाख कुआं का निर्माण : सीएम

**हजारों लाभुकों को कुआं निर्माण की मिली स्वीकृति**



**वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ योजना का शुभारंभ**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : बिरसा सिंचाई कूप योजना में धरातल में कुंआ दिखे, कागजी खेल नहीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उक्त बातें ग्रामीण विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा इसमें लापरवाही ठीक नहीं। मालूम हो कि राज्य सरकार एवं मनरेगा के अभिसरण से बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कुल एक लाख कूपों का निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाना है। लेकिन मुख्यमंत्री इसके कार्य प्रगति को लेकर खुश नजर नहीं आए और जल्द से जल्द योजना का लाभ ग्रामीणों को देने का आदेश दिया है। मालूम हो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना का शुभारंभ किया गया है, ताकि जल संरक्षण को बल मिल सके एवं वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार हो सके।

### दो चरण में कुआं निर्माण का लक्ष्य

योजना के तहत प्रथम चरण में 30 एवम द्वितीय चरण में 70 हजार कूप का निर्माण किया जाना है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार एवं 15 नवंबर 2024 तक शेष 50 हजार कूप का निर्माण कार्य पूर्ण करेगी। योजना में बिरसा हरित ग्राम, कृषि कार्य से संबंधित लाभुक, बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना के लाभार्थी को प्राथमिकता देने की योजना है। साथ ही, निर्मित कुओं की स्थिरता एवं उपयोगिता बनाए रखने के लिए कुआं के आसपास जल संचयन और जल एवं मृदा संरक्षण के कार्य बड़े पैमाने पर करने का निर्देश है।

### सभी जिलों में होगा कुआं का निर्माण

प्रथम चरण के अबतक 16936 कुआं की स्वीकृति मिल चुकी है, 3822 कुआं का निर्माण कार्य जारी है। सबसे अधिक गिरिडीह में 8386, रांची में 7314, पलामू के 6460, हजारीबाग में 5973, पश्चिमी सिंहभूम में 5212, दुमका में 5022, बोकारो के 4876, देवघर में 4729, गोड्डा में 4608, पूर्वी सिंहभूम में 4291, साहेबगंज में 3949, गुमला में 3876, धनबाद में 3901, चतरा में 3706, पाकुड़ में 3120, जामताड़ा में 2877, लातेहार में 2804, कोडरमा में 2560, रामगढ़ में 2438, सिमडेगा में 2292 और लोहरदगा में 1606 कुआं निर्माण लक्ष्य 15 नवंबर 2024 तक रखा गया है।

### इराक के मंत्री अल-स्वद ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात की



**नई दिल्ली** : इराक के तेल मंत्री हयान अब्दुल गनी अल-स्वद ने सोमवार को उप-राष्ट्रपति निवास में उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और इराक के तेल मंत्री हयान अब्दुल गनी अल-स्वद ने भारत और इराक के बीच आपसी हित के मामलों पर चर्चा की और दोनों देशों के बीच सदियों से चले आ रहे ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया।

# झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर जमकर निशाना साधा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रघुवर दास का विकास तीर्थ भ्रमण हो रहा है। ये विकास तीर्थ भ्रमण शब्दों का एक ऐसा जाल है, जिसमें विनाश की पटकथा बहुत आसानी से लिखा जा रहा है। कई संस्थानों को कब्जे में करकर जो लोगों के मुद्दे है, उससे लोगों को भटकाया जा रहा है। भट्टाचार्य सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वर्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को राज्य के लोगों ने सिर्फ नाकारा नहीं है, उनकी विधायकी ही छीन ली है। आज भी वह स्वप्न लोक में जीते है और खुद को आज भी मुख्यमंत्री-मुख्यमंत्री भाव दिखाते है। अपने शासन काल में जिन विफलताओं के साथ लोगों ने आगे बढ़ने का काम किया। वह जो सफल क्रियान्वयन है, उसको कैसे अपने से जोड़ा जाये। इसकी चाल चली जा रही है। उन्होंने कहा कि आप राष्ट्रीय नेता है, तो जो राज्य मणिपुर आज जल रहा है। वहां एक केंद्रीय मंत्री का घर फूंका दिया गया है। आपकों वहां जाना चाहिए। आपके राष्ट्रीय अध्यक्ष रैली करते है, उस दिन 19 लोग मणिपुर गोली से मारे जाते है। आपके समय में जो 27 हजार एमओयू हुआ था, उस समय सांप क्यो सूंघ जाता है। बोकारो, जमशेदपुर में भूमि फोड़ने का आपने काम किया था, वह क्या हुआ। रघुवर दास का सत्ता का मदहोशी का हैंगओवर परियड बीता नहीं है।

# वियतनामी रक्षा मंत्री के साथ राजनाथ सिंह ने रक्षा संबंधों पर की द्विपक्षीय बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे वियतनाम के रक्षा मंत्री फान वान गियांग के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय बैठक की। इससे पहले जनरल फान वान गियांग ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। उन्होंने तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरे पर वियतनाम के रक्षा मंत्री के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों का सौदा फाइनल होने और डील पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक से पहले अपने समकक्ष जनरल फान वान गियांग की अगवानी की। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जनरल गियांग ने तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

इसके बाद जनरल फान वान गियांग के साथ उपयोगी बैठक के दौरान भारत-वियतनाम रक्षा संबंधों की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की गई। द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा मंत्री के साथ भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका यात्रा होगा ऐतिहासिक

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 से 25 जून तक अमेरिका और मिस्र की यात्रा पर जाएंगे. पीएम मोदी के दौरे के लिए अमेरिका में जोरदार तैयारियां की गई है. भारतीय समुदाय के लोगों में पीएम मोदी की यात्रा को लेकर खासा जोश है.अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से 22 जून को वाशिंगटन में मुलाकात करेंगे. इस यात्रा के दौरान बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन 22 जून की शाम को प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे.पीएम मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे तथा इसके एक दिन बाद यानी 23 जून को अमेरिका की



उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन उनके सम्मान में दोपहर भोज की मेजबानी करेंगे. इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन में कई प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) , पेशेवरों और अन्य हितधारकों के साथ भी बातचीत करेंगे. बता दें कि पीएम मोदी 2024 में प्रधानमंत्री बनने के बाद 7वीं बार अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं.

**क्यों अहम है पीएम मोदी का ये दौरा**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा उच्चतम स्तर के सम्मान को दर्शाती है और यह भारत के इतिहास में केवल दो बार हुआ है. उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं. प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2016 में अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया था. विदेश मंत्री ने कहा कि किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने इसे दो बार संबोधित नहीं किया है.यह पहली बार होगा.दुनिया भर में भी बहुत कम लोगों ने ऐसा किया है.विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला. इसलिए, बहुत कम लोग हैं जिन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को दो बार संबोधित किया है, इसलिए इसका महत्व बहुत बड़ा है. पीएम मोदी अमेरिका की राजकीय यात्रा करने वाले तीसरे भारतीय नेता हैं. पिछले दो राजकीय दौरे जून 1963 में पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन और नवंबर 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा किए गए थे.

**हो सकते हैं ये करार:** पीएम मोदी के दौरे के दौरान कई बिजनेस और डिफेंस डील होने की संभावना जताई जा रही है.अब तक 22 हजार करोड़ रुपये के आर्म्ड ड्रोन्स और 350 लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाने की तकनीक अमेरिका से खरीदने की डील तय की गई है. इसके अलावा दौरे में दोनों मोर्चे पर कुछ और बड़ी डील होने की संभावना है.

### प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को मप्र को देंगे दो वंदेभारत ट्रेन की सौगात, भोपाल पहुंचा एक ट्रेन का रैक

**भोपाल** : मध्य प्रदेश की दूसरी वंदेभारत ट्रेन का रैक राजधानी के रानी कमलापति स्टेशन पहुंच गया है। यह गाड़ी भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से जबलपुर तक जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 27 जून को रानी कमलापति स्टेशन से दो वंदेभारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने वाले हैं। वंदेभारत का दूसरा रैक भी अगले कुछ दिनों में रानी कमलापति स्टेशन पहुंच सकता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को मध्य प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। वे भोपाल में दो वंदेभारत ट्रेन भोपाल-इंदौर और भोपाल-जबलपुर का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

# लेफ्टिनेंट जनरल ने अमरनाथ यात्रा के दोनों मार्गों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

एजेंसी

**उधमपुर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को अमरनाथ यात्रा की चल रही तैयारियों को देखा। उन्होंने यात्रा के दोनों मार्गों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्हें रात में निगरानी रखने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी गई।

अमरनाथ यात्रा प्रतिवर्ष दो मार्गों से होती है, जिसमें गांदरबल में बालटाल से (दक्षिणी मार्ग) और अनंतनाग जिले में पहलगाम से (उत्तरी मार्ग) हैं। इस बार भी यह यात्रा दो महीने की अवधि के लिए 01 जुलाई से शुरू होगी। सेना कमांडर ने तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही दोनों मार्गों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें रात में देखने वाले उपकरणों, स्नाइपर्स, ड्रोन सिस्टम, बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड, काउंटर आईईडी उपकरण, वाहन मरम्मत और बरामदगी के माध्यम से



रात में निगरानी रखने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी गई।

उन्हें बताया गया कि काफिले की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए टीमें और यात्रा को घटना मुक्त बनाने के लिए नागरिक एजेंसियों के साथ तालमेल किया जा रहा है। उन्हें बीआरओ, भारतीय वायु सेना और हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल की टीमों द्वारा की गई व्यवस्था भी दिखाई गई। सेना के अधिकारियों ने बताया कि अमरनाथ की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पवित्र गुफा मंदिर तक का रास्ता लगभग साफ है। नागरिक प्रशासन, गैर सरकारी संगठनों और अन्य एजेंसियों के समन्वय से सेना दोनों मार्गों पर अपनी तैयारियां कर चुकी है।

# नौकरी देने के मामले में एनडीए सरकार यूपीए से बेहतर : डॉ जितेन्द्र सिंह




एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के कार्यकाल की तुलना करते हुए बताया कि वर्तमान सरकार ने पिछली सरकार से ज्यादा सरकारी भर्तियां की हैं।केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने सोमवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि यूपीए सरकार ने 9 वर्षों के दौरान 6,02,045 नौकरियां दीं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में 9 वर्षों के दौरान 8,82,191 भर्तियां की गई हैं। एनडीए राज में दी गई नौकरियां गुणवत्ता और संख्या दोनों दृष्टिकोण से बेहतर रही हैं। यह वे नहीं कह रहे बल्कि आंकड़े बता रहे हैं।उन्होंने बताया कि 2004-13 के दौरान स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के जरिए 2,07,563 और मोदी सरकार में 4,00,651 लोगों को नौकरियां दी गई हैं। यूपीएससी के माध्यम से यूपीए राज में 45,431 और एनडीए राज में 50,906 नौकरियां दी गई हैं। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड के जरिए यूपीए राज के दौरान 3,47,251 और एनडीए राज के दौरान 4,30,594 नौकरियां दी गई।

डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जागरूक किया कि रोजगार का अर्थ केवल सरकारी नौकरी नहीं है। उसका परिणाम यह है कि आज देश में स्टार्टअप की संख्या 350 से बढ़कर एक लाख हो चुकी है। इसके साथ ही अरोमा मिशन के तहत 3 हजार एग्रीगेट स्टार्टअप शुरू हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त ना करने की नीति है। साथ ही यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अधिकारी अच्छी तरह से काम करें। ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम कर रहे कर्मचारियों के साथ उचित व्यवहार हो और उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार अवसर प्राप्त हो।

### वियतनाम के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली** : वियतनाम के रक्षा मंत्री, जनरल फान वान गियांग ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। जनरल गियांग और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और वियतनाम 2000 से अधिक वर्षों के सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों का एक समृद्ध इतिहास साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और हमारे इंडो-पैसिफिक विजन का एक प्रमुख भागीदार है। उन्होंने कहा कि भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारीने रक्षा और सुरक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश संबंधों, ऊर्जा सुरक्षा, विकास सहयोग, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग की सीमा को विस्तार दिया है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय रक्षा सहयोग इस साझेदारी के सबसे मजबूत तत्वों में से एक है।

# भारत-चीन सीमा विवाद पर स्थिति साफ करे केन्द्र सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली** : कांग्रेस ने मांग की है कि केन्द्र सरकार भारत-चीन सीमा विवाद पर स्थिति साफ करे। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाए और स्थिति को देश के सामने रखा जाए । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते कांग्रेस मांग करती है कि भारत-चीन सीमा विवाद पर एक व्यापक चर्चा कर एक श्वेत पत्र जारी किया जाए कि पिछले तीन साल में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएली) के ऊपर जो घटनाक्रम हुआ है उसकी सच्चाई क्या है ?

तिवारी ने कहा कि 03 साल पहले 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने गलवान की घटना के बाद सर्वदलीय बैठक में कहा था कि न कोई हमारी सीमा में घुसा है, न ही कोई पोस्ट दूसरे के कब्जे में है।



पीएम मोदी का यह बयान एक दिन पहले विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के विपरीत था। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि गलवान की वारदात इस कारण से हुई थी कि चीनी सैनिकों ने घुसपैठ कर भारत की सीमा में टेंट लगाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि 05 सितंबर 2020 को रक्षा मंत्री ने मॉस्को में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) मीटिंग के दौरान चीन के रक्षा मंत्री से ढाई घंटे तक चर्चा की। 11 सितंबर 2020 को मॉस्को में रशिया-इंडिया-चाइना ट्राइलेक्ट्रल में विदेश मंत्री ने चीन के विदेश मंत्री के साथ एलएसी की परिस्थिति पर बात की। तिवारी ने सवाल उठाया कि हमारी सरकार 03 साल में 18 बार बॉर्डर टॉक्स कर चुकी है। जब कोई घुसपैठ नहीं हुई तो तीन साल से लगातार हो रही चर्चा की सच्चाई क्या है? उन्होंने केन्द्र सरकार से सवाल किया कि क्या ये सच है कि एलएली पर 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स में

**तिवारी ने कहा कि 03 साल पहले 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने गलवान की घटना के बाद सर्वदलीय बैठक में कहा था कि न कोई हमारी सीमा में घुसा है, न ही कोई पोस्ट दूसरे के कब्जे में है।**

से 26 पर भारतीय सेना गश्त नहीं कर पा रही है? क्या ये सच है कि बफर जोन हमारी सीमा के भीतर बने हैं? उन्होंने कहा कि चीन की ओर से एलएसी पर अतिक्रमण को रोकने के लिए भारत सरकार ने क्या किया। केन्द्र सरकार देश को बताए। तिवारी ने कहा कि देश की संसद और रक्षा मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति में एक बार भी चीन पर चर्चा क्यों नहीं हुई? एलएसी से जुड़े सवालों को संसद का सचिवालय एडमिट क्यों नहीं करता?